हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी






## पाक का हमला 'हवा' में फेल, मार गिराए तीन लड़ाकू विमान

# भारत का 'प्रचंड प्रहार'

**भारतीय नौसेना ने कराची पोर्ट को किया तबाह 1971 के बाद पहली बार पाक पर समुद्री अटैक**

**भारतीय सेना ने लाहौर में वायु रक्षा प्रणाली को किया नष्ट**

- जम्मू में सुनी गई धमाकों की आवाज, ब्लैक आउट किया गया, कई जगह बजा सायरन
- पंजाब और राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों में भी अलर्ट
- सांबा में भारी गोलाबारी और ड्रोन हमला, पठानकोट में ब्लैकआउट
- आरएसपुरा सेक्टर में पाकिस्तान की तरफ से भारी गोलीबारी
- चीन ने पाकिस्तान की मदद से पल्ला झाड़ लिया
- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने नागरिकों को लाहौर छोड़ने को कहा
- इजरायल ने अपने लोगों को कश्मीर छोड़ने की दी हिदायत
- श्रीलंका की एयरलाइन ने लाहौर के लिए उड़ानें निलंबित कीं
- ब्रिटेन की संसद में भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर चर्चा, तनाव कम करने की अपील
- गुजरात में पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द, पाकिस्तान से सटे तटीय इलाकों में सुरक्षा बढ़ाई गई
- इंडिगो ने अल्माटी और ताशकंद जाने वाली अपनी उड़ानें 14 जून तक स्थगित कीं
- भारत ने पाकिस्तान का एफ-16 जेट मार गिराया
- अखनूर, जैसलमेर और उधमपुर में ड्रोन अटैक नाकाम

पाकिस्तान ने एक बार फिर मुंह की खाई है। उसने गुरुवार रात जम्मू, पठानकोट और जैसलमेर समेत भारत के कई शहरों पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया था, लेकिन भारत की एस-400 वायुरक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान की 8 मिसाइलों के साथ ही पाकिस्तान के 2 जेएफ-17 और एक एफ-16 फाइटर जेट भी मार गिराया। पाक हमले को नाकाम करने के बाद भारत ने तगड़ा पलटवार किया और पाक के लाहौर-सियालकोट-कराची और इस्लामाबाद में जमकर गोले बरसाए। वहां भारी क्षति की सूचना है। इधर, पाक के हमले के बाद जम्मू-कश्मीर समेत चार राज्यों के कई शहरों में ब्लैक आउट कर दिया गया।

भारत ने एक बार फिर पाक को दिया करारा जवाब

राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों में कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द

# लाहौर-इस्लामाबाद में बरसाए गोले

**पाकिस्तान नहीं आया बाज जम्मू एयरपोर्ट पर दागा रॉकेट, भारत ने 8 मिसाइलें ध्वस्त कीं**

पाकिस्तानी हमले को किया नाकाम



## एस-400 मिसाइल सिस्टम

### खासियत क्या है?

- एस-400 की सबसे बड़ी खासियत है कि रोड के जरिए इसे कहीं भी लाया ले जाया जा सकता है
- करीब 600 किलोमीटर की दूरी से ही मल्टीपल टारगेट्स को डिटेक्ट कर सकता है।
- ऑर्डर मिलने के 5 से 10 मिनट में ही रेडी हो जाता है।
- एस -400 की एक यूनिट से एक साथ 160 ऑब्जेक्ट्स को ट्रैक किया जा सकता है। एक टारगेट के लिए 2 मिसाइल लॉन्च की जा सकती हैं।
- वायु रक्षा प्रणाली उपकरणों का नेटवर्क
- 5 से 10 मिनट में ही ऑपरेशन के लिए रेडी
- 400 किमी दूर से टारगेट लॉक
- 160 टारगेट की एक साथ ट्रैकिंग
- 30 किमी की ऊंचाई पर भी टारगेट पर अटैक




## हारोप ड्रोन, जिससे तबाह हुआ पाक का एयर डिफेंस सिस्टम

आईएआई हारोप ड्रोन इजराइल ने बनाया है। इजराइल के अलावा भारत और अजरबैजान भी इस ड्रोन का इस्तेमाल करते हैं। यह एक मानवरहित 'आत्मघाती' ड्रोन है। अलग-अलग रिपोर्ट के अनुसार हारोप लगभग 20 किलोग्राम विस्फोटक ले जा सकता है और सात घंटे तक हवा में रह सकता है। हवा में रहने के दौरान यह ड्रोन 1000 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकता है।

- लंबाई-2.5 मीटर
- वार हेड वजन- 23 किलोग्राम
- उड़ान क्षमता- 9 घंटे
- पंखों का फैलाव -3 मीटर
- वजन-135 किमी
- विस्फोट ले जाने की क्षमता- 20 किलो

## गुजरात और पंजाब में दिखा मलबा



हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। भारत ने गुरुवार रात को जम्मू, पठानकोट और उधमपुर स्थित सैन्य स्टेशनों समेत विभिन्न प्रमुख भारतीय प्रतिष्ठानों पर ड्रोन और मिसाइल से हमला करने की पाकिस्तान की कोशिशों को विफल कर दिया। इससे पहले बुधवार रात पाकिस्तान ने भारत के 15 शहरों में सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की। इस हमले को भारत के एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम से नाकाम कर दिया। वहीं, भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए ड्रोन के जरिए लाहौर में पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम तबाह कर दिया। विदेश मंत्रालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए इसकी जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पाकिस्तानी मंत्रियों के आतंकियों के साथ संबंध हैं। हम पाकिस्तान के हर हमले का जवाब देने को तैयार हैं। अब आज इस मुद्दे पर केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक भी की है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि इस्लामाबाद द्वारा जम्मू और पंजाब में कई स्थानों पर हमले किए जाने के बाद भारत की एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के एफ-16 और दो जेएफ-17 विमानों को मार गिराया है।

***धर्मशाला में दिल्ली-पंजाब के बीच खेला जा रहा आईपीएल मैच रोका गया, बंद की गई स्टेडियम की फ्लड लाइट***

### भारत के सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश

पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों का इस्तेमाल करके अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, भटिंडा, चंडीगढ़, नल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज सहित उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की।

### पीओके में भारत का ताबड़तोड़ एक्शन

भारत ने पीओके में तोबड़तोड़ जवाबी हमला किया है। तोप से गोले दागे हैं, साथ ही ड्रोन से भी जवाबी हमला किया है। भारत के जवाबी एक्शन से पाकिस्तान में दहशत का माहौल है। पाकिस्तान के फाइटर जेट का पायलट भी पकड़ा गया। पाकिस्तान के एफ 16 का पायलट भारत के कब्जे में है। पाकिस्तान के जेएफ 17 लड़ाकू विमान का मलवा मिला है।

### भारत ने कहां-कहां की जवाबी कार्रवाई?

भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ जबरदस्त जवाबी कार्रवाई कर रहा है। लाहौर, इस्लामाबाद, बहावलपुर और सियालकोट के बाद अब पेशावर में जवाबी कार्रवाई की है, जिससे पाकिस्तान खौफ में है।

### कराची पोर्ट पर ताबड़तोड़ मिसाइलें दागी

भारतीय नौसेना ने पाकिस्तान के कराची पोर्ट को तबाह कर दिया है। नौसेना ने समुद्री हमले में कराची पोर्ट पर ताबड़तोड़ मिसाइलें दागी हैं। इन हमलों में कराची पोर्ट बताया जा रहा है की पूरी तरह से तबाह कर दिया गया है। नौसेना का ये स्ट्राइक शिप करवर तट के पास तैनात किया गया था।

### दिल्ली एयरपोर्ट ने जारी की गाइडलाइन

दिल्ली एयरपोर्ट ने यात्रा संबंधी एडवाइजरी जारी की है। परिचालन सामान्य बना हुआ है। एयरपोर्ट पर यात्रियों को तीन घंटे पहले पहुंचने को कहा गया है। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे नवीनतम अपडेट के लिए अपनी एयरलाइन से संपर्क करें।

**पीएम की आंतरिक सुरक्षा सलाहकार और गृह सचिव के साथ बैठक**

## सीमा पर तैनाती का मोदी ने जाना हाल

पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन



के साथ गुरुवार की सुबह एक उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक कर आंतरिक सुरक्षा और सीमावर्ती राज्यों पर तैनाती की खोज खबर ली। दोनों के साथ अलग-अलग प्रधानमंत्री आवास पर चली बैठक में भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच भारतीय सुरक्षा रणनीति पर विस्तार से चर्चा करना था। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने साफ कर दिया है कि जम्मू कश्मीर के पुंछ में सहित आम नागरिकों पर किये जा रहे पाकिस्तानी हमले का डोजियर तैयार किया जाए ताकि अंतर्राष्ट्रीय समुदायों को पाकिस्तान के सीजफायर उल्लंघन की जानकारी मय प्रूफ दी जा सके।

### *अमेरिका की पाकिस्तान को नसीहत*

*अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा, इस बात पर कुछ चर्चा है कि पाकिस्तान आतंकवादी हमले के संबंध में स्वतंत्र जांच चाहता है। हम चाहते हैं कि अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाए और हम इस दिशा में किसी भी प्रयास का समर्थन करते हैं। हम भारत और पाकिस्तान से इस मामले में जिम्मेदाराना समाधान की दिशा में काम करने का आग्रह करते हैं।*

**खाली कराया गया इंडिया गेट**



भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की है। इससे सीमा पार दहशत और अफरातफरी मची हुई है। भारत ने देश की सीमा के साथ ही देश की आंतरिक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। इसी के तहत इंडिया गेट को पूरी तरीके से खाली कराया गया है। इंडिया गेट के आसपास किसी को भी रुकने की अनुमति नहीं है।

### *सड़क पर उतरे इमरान समर्थक*

*भारत और पाकिस्तान के तनाव के बीच ताजा खबर यह आ रही है कि भारत के अटैक के बाद पाकिस्तान खौफ में है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थक सड़क पर उतर आए हैं। इमरान खान को जेल से बाहर करने की मांग कर रहे हैं। इमरान खान के समर्थकों का कहना है कि इमरान खान जेल से रिहा होंगे तब हम इस युद्ध में पाकिस्तान का साथ देंगे। कहा कि इस वक्त पाकिस्तान को इमरान खान की जरूरत है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अगस्त 2023 से जेल में ही बंद हैं। जेल में इमरान काफी मुश्किल हालात में रह रहे हैं।*

### *ढेर हुआ कंधार विमान अपहरण का दोषी रऊफ*

*भाजपा ने दावा किया कि संसद पर हुए हमले सहित देश में कई आतंकवादी हमलों में वांछित जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) का आतंकवादी अब्दुल रऊफ अजहर 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय हमलों में मारा गया। साल 2001 में संसद पर आतंकी हमले के अलावा वह कंधार विमान अपहरण और पठानकोट आतंकी हमले में भी शामिल था। अब्दुल जैश-ए-मोहम्मद के संस्थापक मौलाना मसूद अजहर का भाई था और उसकी अनुपस्थिति में प्रतिबंधित संगठन का कथित तौर पर नेतृत्व कर रहा था। जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मौलाना मसूद अजहर ने स्वीकार किया कि बहावलपुर में हमले में उसके परिवार के 10 सदस्य और चार करीबी सहयोगी मारे गए।*

### राहुल बोले- विशेष सत्र बुलाया जाए

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने यह मांग उठाई कि संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए, जिससे अच्छा संदेश जाएगा। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने संवाददाताओं को बताया कि इस मुद्दे पर व्यापक राजनीतिक सहमति बनाने के लिए यह बैठक बुलाई गई थी और नेताओं ने परिपक्वता दिखाई तथा किसी तरह की बहस नहीं हुई।

### इंटरनेशनल अलर्ट और कूटनीतिक समर्थन

भारत की सैन्य कार्रवाई के बाद अमेरिका ने अपने नागरिकों को लाहौर और इस्लामाबाद से तत्काल बाहर निकलने की चेतावनी जारी की है। यूके, फ्रांस और जापान ने भी पाकिस्तान में अपने दूतावासों को सतर्क कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि ने कहा है कि यह कार्रवाई आतंक के खिलाफ वैध आत्मरक्षा के अधिकार के तहत की गई है।

## मैच बीच में ही रद्द, आईपीएल के जारी रहने पर संदेह

**धर्मशाला।** जम्मू और पठानकोट में हवाई हमले की चेतावनी के बाद पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच आईपीएल मैच बीच में ही रद्द कर दिया गया। भारत और पाकिस्तान के बीच चल



रहे सैन्य संघर्ष के कारण पूरी लीग के रद्द होने का खतरा पैदा हो गया, जिसके प्रशासक बदल रही परिस्थितियों की समीक्षा कर रहे हैं। आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने कहा कि लीग को जारी रखने के बारे में फैसला करने से पहले सरकार के निर्देशों का इंतजार किया जा रहा है, लेकिन फिलहाल शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मैच निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार खेला जाएगा। धूमल ने कहा, हम अभी स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। यह एक बदलती हुई स्थिति है। हमें सरकार से कोई निर्देश नहीं मिला है। जाहिर है कि सभी 'लॉजिस्टिक्स' को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया जाएगा।

### *आज के मैच पर अनिश्चितता*

*लखनऊ में शुक्रवार को होने वाले आईपीएल मैच के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हां, यह फिलहाल होगा, लेकिन निश्चित रूप से स्थितियां बदल रही हैं और सभी हितधारकों के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए कोई भी निर्णय लिया जाएगा।*

## भारत में आठ हजार अकाउंट ब्लॉक

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' ने कहा कि उसने सरकार के आदेश के बाद भारत में 8,000 खातों को ब्लॉक कर दिया है। 'एक्स' ने कहा कि उसे भारत सरकार से शासनादेश प्राप्त हुए, जिसमें उसे भारत में 8,000 से अधिक खातों को ब्लॉक करने की आवश्यकता बताई गई। इस प्रमुख सोशल मीडिया मंच ने अपने 'ग्लोबल गवर्नमेंट अफेयर्स' हैंडल पर पोस्ट किया, आदेशों का पालन करने के लिए हम केवल भारत में निर्दिष्ट अकाउंट पर रोक लगा देंगे। हमने वह प्रक्रिया शुरू कर दी है। हालांकि, हम भारत सरकार की मांगों से असहमत हैं।

**सरकारी कर्मियों की छुट्टियां रद्द, स्कूल बंद**

## पंजाब, हरियाणा, राजस्थान में हाई अलर्ट


**एजेंसी/चंडीगढ़/जयपुर।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच राष्ट्रीय राजधानी और कई राज्यों ने स्कूल बंद करने, सीमावर्ती जिलों में ब्लैकआउट करने और पुलिसकर्मियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों की छुट्टियां रद्द करने की घोषणा की है। दिल्ली सरकार ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण अपने सभी कर्मचारियों की छुट्टियां अगले आदेश तक रद्द कर दी हैं। दिल्ली सरकार के सेवा विभाग द्वारा देर शाम जारी आदेश में कहा गया कि मौजूदा स्थिति और किसी भी आपात स्थिति की तैयारियों को देखते हुए अगले आदेश तक दिल्ली सरकार के किसी भी अधिकारी को छुट्टी नहीं दी जाएगी।




### सीमावर्ती शहरों में बढ़ाई गई सुरक्षा

पंजाब से सटे हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर, ऊना और बिलासपुर समेत सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अधिकारी ने बताया कि बाबा बालक नाथ, मां चिंतपूर्णी और मां नैना देवी जैसे प्रसिद्ध मंदिर हमीरपुर, ऊना और बिलासपुर जिलों में स्थित हैं, इसलिए पुलिस ने वहां सुरक्षा जांच बढ़ा दी है। राजस्थान सरकार ने भी अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास तैनात प्रशासनिक और पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं और पांच सीमावर्ती जिलों में स्कूल बंद कर दिए हैं।

## सर्वदलीय बैठक में बोले राजनाथ - ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए 100 आतंकी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सर्वदलीय बैठक में कहा कि पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत किए गए मिसाइल हमलों में कम से कम 100 आतंकवादी मारे गए। रक्षा मंत्री ने बैठक में शामिल नेताओं को यह भी बताया कि यह एक जारी अभियान है और अगर भारत के लक्षित हमले के मद्देनजर पाकिस्तान कोई सैन्य कदम उठाता है तो भारत मुंहतोड़ जवाब देगा। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह ने यह सूचित किया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत की गई कार्रवाई में कम से कम 100 आतंकवादी मारे गए हैं। बैठक में शामिल सभी दलों के नेताओं ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सरकार का समर्थन किया और सशस्त्र बलों के प्रति एकजुटता प्रकट की।



जिले में ज्यादातर प्रकरण को वर्गमीटर के बजाय हेक्टेयर में दर्शाया गया

# एक ही जमीन का दो बार अधिग्रहण, नालियों से लेकर सड़क तक का बांटा गया मुआवजा

राहुल शर्मा ▸▸| दुर्ग

**राजनांदगांव के टेडेसरा से नया रायपुर तक बनने वाले सिक्सलेन कारीडोर में राजस्व अधिकारियों द्वारा जमीन का गलत निर्धारण कर राज्य शासन को करोडों रुपए का नुकसान पहुंचाया है। आरोप है कि एक ही जमीन का दोबारा मुआवजा निर्धारण कर करोड़ों रुपए की राशि बढ़ा दी गई। यही नहीं, नाली और सड़क के सरकारी जमीनों का भी मुआवजा जारी कर शासन के खजाने को जमकर चोट पहुंचाई गई है। बहरहाल विधानसभा में जांच की मांग उठने के बाद मामले में ईओडब्ल्यू ने भी जांच शुरू कर दी है। जिसमें दुर्ग जिले के राजस्व अधिकारियों पर भी शिकंजा कसा जा सकता हैं। प्रकरण में दुर्ग संभागायुक्त का कहना है कि राज्य शासन से भारतमाला परियोजना को लेकर जांच के पत्र मिले है।**

खास खबर

राजनांदगांव के टेडेसरा से रायपुर तक बनने वाले सिक्सलेन कारीडोर में दुर्ग जिले के दो दर्जनभर से अधिक गांव के किसान प्रभावित हुए है। अवार्ड पारित होने से लेकर अब तक दुर्ग में भी तीन सौ से अधिक किसानों ने कोर्ट में आपत्ति दर्ज कराई है। यही नहीं, निर्धारित जमीन का अधिग्रहण करने के बाद भी मुआवजा नहीं मिलने से कई बार किसान आंदोलन करने सड़क पर भी उतर चुके हैं। इसके बाद भी सुनवाई नहीं होने से किसान हताश हो चुके हैं। जिले के पीड़ित किसानों को अब किसानों को भू अर्जन के प्रकरणों के लिए संभागायुक्त के कोर्ट में भेजा जा रहा हैं।



### नाली और रोड की जमीन पर मुआवजा जारी

शिकायतकर्ता महेन्द्र चोपडा ने बताया कि धनोरा के पहनं 39 खसरा नंबर 289/2 जिसमें 430 वर्गमीटर दर्ज है। इसे 53 लाख 71 हजार रूपए जारी किया गया है। जबकि इस जमीन में नाली और रोड की छोडी जमीन होना बताया जा रहा हैं। इसी तरह पहनं 39 खसरा नंबर 289/1 में सौ वर्गमीटर दर्ज है, इसमें भी नाली और रोड की जगह का मुआवजा लेने की शिकायत है।

### आर्बिटेशन का प्रावधान

ऐसे प्रकरण जिसमें अवार्ड पारित होने के बाद भी जमीन मालिक असंतुष्ठ है तो वे मामले के निपटारे के लिए आर्बिटेशन याने कोर्ट में मध्यस्तता कर सकते हैं। -हरवंश मिरी, एसडीएम दुर्ग

### शासन से मिला पत्र

राज्य शासन से भारतमाला परियोजना को लेकर जांच के पत्र मिले है। इसमें जांच के बिन्दु भी निर्धारित है। जिसके आधार पर जानकारी बनाकर भेजी जाएगी। -सत्यनारायण राठौर, संभागायुक्त दुर्ग

### एक ही जमीन पर अलग अलग अवार्ड पारित

बताया जा रहा है कि ग्राम धनोरा के पहनं 39 के खसरा नंबर 289/17 में 0.027 हेक्टेयर (दो सौ वर्गमीटर) जो पांच सौ वर्गमीटर से कम है। इसका निर्धारण हेक्टेयर में किया गया है, जबकि पांच सौ वर्गमीटर से किया जाना था। जबकि धनोरा पहनं 39 में ही 289/5 में दर्ज इतने ही जमीन का 0.027 हेक्टेयर का निर्धारण वर्गमीटर में किया गया है। इस तरह भू अर्जन अधिकारी द्वारा एक ही जमीन का अलग-अलग प्रकरण तैयार किया है। 18 मार्च 2025 को सचिव अविनाश चंपावत ने प्रदेश के सभी संभागायुक्तों को भारतमाला परियोजना से संबंधित शिकायत की जांच के निर्देश दिए थे।

आवाजाही, घोंसले और बसेरा व्यवहार, चारागाह पैटर्न और प्रवास मार्गों की करेंगे निगरानी

# 2 गिद्धों को लगाया सैटेलाइट टैग और 4 को पहनाई रिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर में पक्षियों के दो विशेषज्ञों ने 2 गिद्धों को सैटेलाइट टैग लगाया और 4 गिद्धों को रिंग पहनाई गई। इस सैटेलाइट-टैगिंग पहल का उद्देश्य गिद्धों की आवाजाही, घोंसले और बसेरा व्यवहार, चारागाह पैटर्न और प्रवास मार्गों की निगरानी करके महत्वपूर्ण ज्ञान अंतराल को पाटना है। एकत्र किए गए वास्तविक समय के डेटा इंद्रावती टाइगर रिजर्व में घटती गिद्ध आबादी को फिर से जीवंत करने, लक्षित संरक्षण कार्रवाई को सक्षम करने और राज्य और राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर विज्ञान-आधारित नीतिगत



निर्णयों को सूचित करने में सहायक होंगे। इंद्रावती टाइगर रिजर्व के क्षेत्र निदेशक और जगदलपुर वृत्त के सीसीएफ वन्यजीव आरसी दुग्गा के नेतृत्व में और इंद्रावती टाइगर रिजर्व के उप निदेशक संदीप बलगा, बीजापुर के डीएफओ रंगनाथ रामकृष्ण वाई के समक्ष हॉल ही में सफेद पीठ वाले गिद्धों की सैटेलाइट टैगिंग कर जंगल में रिहाई की गई।

### आईयूसीएन रेड लिस्ट में हैं शामिल

बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटीके सहयोग से, भारतीय गिद्ध जिप्स इंडिकस और सफेद पीठ वाले गिद्ध जिप्स बंगालेंसिस दोनों गिद्ध प्रजातियों को आईयूसीएन रेड लिस्ट में गंभीर रूप से संकटग्रस्त के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। प्राकृतिक सफाईकर्मी के रूप में उनकी भूमिका के कारण परिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। टैगिंग और रिंगिंग 2 मई को को हुई। मंगलवार को पूरी तरह से ठीक होने के बाद पक्षियों को वापस जंगल में छोड़ दिया गया।



### विशेषज्ञ सूरज और सचिन ने किया टैग

बताया जा रहा है कि पक्षियों को इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर के फील्ड बायोलॉजिस्ट सूरज नायर एवं बीएनएचएस सचिन रानाडे की विशेषज्ञ देखरेख में सुरक्षित रूप से पकड़ा गया, जो गिद्धों को पकड़ने और टैग करने में 25 से अधिक वर्षों के अनुभव वाले एक प्रमुख विशेषज्ञ हैं। यह ऑपरेशन पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की मंजूरी के साथ और सभी वैज्ञानिक और नैतिक प्रोटोकॉल के अनुसार किया गया। इंद्रावती टायगर रिजर्व जगदलपुर के मुख्य वन संरक्षक वन्यजीवन और क्षेत्रीय निदेशक एस. मंडावी ने बताया कि टैग किए गए गिद्धों पर समय-समय पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

31 जिला जजों को मिला सिलेक्शन ग्रेड

# 3 प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश समेत 18 जजों के तबादले

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलासपुर

बिलासपुर हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने न्यायाधीशों के तबादला आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश में तीन जिलों के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को बदल गया है। हाईकोर्ट में रजिस्ट्रार जनरल एवं रजिस्ट्रार विजिलेंस के पदों पर नई पदस्थापना की गई है। सिविल जज का भी ट्रांसफर हुआ है। इसके साथ ही 31 जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को सिलेक्शन ग्रेड दिया गया है।

आदेश के तहत संतोष शर्मा प्रधान न्यायाधीश फैमिली कोर्ट सूरजपुर को कोरबा का नया प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। के विनोद कुजूर रजिस्ट्रार जनरल हाईकोर्ट को दुर्ग जिले का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। कोरबा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्येंद्र कुमार साहू को जशपुर का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ स्टेट ज्यूडिशियल अकादमी के डायरेक्टर संतोष कुमार आदित्य को कोरबा का एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज बनाया गया है। रजिस्ट्रार विजिलेंस हाईकोर्ट के पद पर पदस्थ मनीष ठाकुर को हाईकोर्ट का नया रजिस्ट्रार जनरल बनाया गया है।

मनीष ठाकुर को हाईकोर्ट का नया रजिस्ट्रार जनरल बनाया गया



### मंसूर अहमद होंगे रजिस्ट्रार विजिलेंस

जशपुर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंसूर अहमद को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में रजिस्ट्रार विजिलेंस के पद पर पदस्थापना दी गई है। इसी तरह निधि शर्मा तिवारी एडिशनल रजिस्टर हाईकोर्ट को छत्तीसगढ़ स्टेट ज्यूडिशियल अकादमी का नया डायरेक्टर बनाया गया है। महासमुंद के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार पांडे को हाईकोर्ट में एडिशनल रजिस्ट्रार बनाया गया है। इसके अलावा 31 डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज को जिला जज एंट्री लेवल सलेक्शन ग्रेड प्रदान किया गया है।

नोटिस जारी होने के बाद भी उपस्थित नहीं हुए

# कोल घोटाले में रामगोपाल सहित चार के खिलाफ बेमियादी गैर जमानती वारंट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

ईओडब्लू, एसीबी में दर्ज कोल घोटाला में आरोपी बनाए गए चार लोगों के खिलाफ बुधवार को नीरज शर्मा की विशेष अदालत ने बेमियादी गैर जमानती वारंट जारी किया है। आरोपी बयान दर्ज कराने ईओडब्लू, एसीबी के सामने उपस्थित नहीं हुए। कोल घोटाला में एसीबी, ईओडब्लू ने वर्ष 2024 में आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7, 7 ए के तहत अपराध दर्ज किया है। कोर्ट ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामगोपाल अग्रवाल के साथ ही नवनीत तिवारी, देवेंद्र डडसेना, नारायण साहू के खिलाफ बेमियादी गैर जमानती वारंट जारी किया है। चारों के खिलाफ बेमियादी गैर जमानती वारंट जारी कराने के लिए एसीबी, ईओडब्लू के वकील सिद्धार्थ सिंह ने भगोड़ा अपराधी दाउद इब्राहिम से जुड़े एक पुराने केस का कोर्ट में उदाहरण पेश करते हुए बताया कि अन्वेषण के दौरान भी ऐसे वारंट जारी किए जा सकते हैं।

बेमियादी गैर जमानती वारंट के बाद अग्रिम जमानत का लाभ मिलना मुश्किल



### संपत्ति अटैच की तलवार लटकी

पूछताछ में सहयोग नहीं करने पर कोर्ट ने जिन लोगों के खिलाफ वारंट जारी किया है, इसके बाद भी चारों की गिरफ्तारी नहीं होने पर ईओडब्लू, एसीबी की टीम कोर्ट में चारों की संपत्ति अटैच करने आवेदन पेश कर सकती है। कोर्ट की अनुमति मिलने पर एसीबी, ईओडब्लू की टीम चारों की संपत्ति अटैच करने की कार्रवाई कर सकती है।




हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




### यहां पूरी तरह ब्लैक आउट

- **जम्मू-कश्मीर:** जम्मू, उधमपुर, किश्तवाड़, अखनूर, सांबा, श्रीनगर और अनंतनाग
- **राजस्थान:** बाड़मेर, बीकानेर और श्रीगंगानगर
- **पंजाब:** चंडीगढ़, मोहाली, जालंधर, अमृतसर, होशियारपुर, गुरदासपुर, पठानकोट और तरनतारन
- **गुजरात:** भुज, कच्छ और पाटण

### पाकिस्तानी हमले को देखते हुए एक्शन, जम्मू शहर में मोबाइल नेटवर्क बंद

# जम्मू के साथ चार राज्यों के कई शहरों में ब्लैक आउट, सुनाई दी सायरन की आवाज

**एजेंसी/नई दिल्ली/जम्मू।** जम्मू, पठानकोट, शाहपुर, माधोपुर, फिरोजपुर, जैसलमेर में पाकिस्तान ने मिसाइलें और ड्रोन दागे। हमला होते ही जम्मू समेत सारे इलाकों में सायरन बजने लगा, जिसकी वजह से लोग दहशत में आ गए। तुरंत पूरे इलाके को ब्लैकआउट कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर के अलावा राजस्थान, पंजाब, गुजरात में भी ब्लैक आउट किया गया। हमले के बाद जम्मू एयरपोर्ट से भारत के फाइटर विमानों ने उड़ान भरी है। जम्मू यूनिवर्सिटी के पास दो ड्रोन गिराए गए हैं। आरएसपुरा, अरनिया, सांबा में भी पाकिस्तानी मिसाइलों को एंटी ड्रोन सिस्टम ने मार गिराया है। इसके अलावा, पठानकोट एयरबेस में भी हुए ड्रोन हमले को भारत ने विफल कर दिया है। यहां पर भी ब्लैकआउट कर दिया गया है। धमाकों की आवाज सुनते ही दुकानदार व लोग अपने घरों की ओर भागते नजर आए। कुछ लोगों ने विस्फोटों से पहले आसमान में लाल रंग की लाइट और प्रोजेक्टाइल भी देखे।

**जम्मू एयरपोर्ट पर हमले की कोशिश नाकाम, पूरे इलाके में ब्लैक आउट**

### लोगों को बंकर में शिफ्ट किया गया

*पाकिस्तान की तरफ से हो रहे हमलों को देखते हुए जम्मू में सीमा के पास रह रहे लोगों को बंकर में ले जाया गया है। पूरे कश्मीर में बिजली बंद कर दी गई है। सतवारी कैंप पर हमले की खबर है। उधर, कुपवाड़ा में भी भारी गोलाबारी हुई है। तंगधार में भी मोर्टार से भारी गोलाबारी हुई है।*

### हर रात 9 बजे से सुबह 5 बजे तक ब्लैक आउट

*पंजाब के गुरुदासपुर, राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर और जोधपुर में रोजाना रात 9 बजे सुबह 5 बजे तक ब्लैकआउट रहेगा। इन शहरों के लिए स्थानीय प्रशासन ने गाइडलाइन जारी कर दी गई हैं। श्रीगंगानगर, बीकानेर में प्रशासन ने ड्रोन उड़ाने और आतिशबाजी पर अगले आदेश तक रोक रहेगी।*

# शिवनाथ में फर्जी नाम से एसी कोच में सफर, उड़ाए 65 लाख का हार

## 200 सीसीटीवी फुटेज से खुला राज

- 65 लाख की ज्वेलरी का हुआ खुलासा, ओडिशा के हाई प्रोफाइल चोरों ने घटना को दिया था अंजाम
- रायपुर से नागपुर तक सीसीटीवी और रिजर्वेशन चार्ट जांच करने के बाद आरोपियों तक पहुंची जीआरपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एसी कोच, आधी रात और सुनियोजित साजिश.., बीते दिनों शिवनाथ एक्सप्रेस की एसी बोगी में हुई 65 लाख की बड़ी चोरी की गुत्थी को सुलझाने में जीआरपी को बड़ी सफलता मिली है। 4 अप्रैल की रात महिला यात्री का हीरे का नेकलेस, अंगूठी, अन्य कीमती ज्वेलरी और नकदी चुरा ली गई थी। चोरों ने फर्जी नामों से टिकट बुक कर एसी 2 टियर में रिजर्वेशन लिया और मौका मिलते ही पूरी प्लानिंग के साथ वारदात को अंजाम दिया। इस हाईप्रोफाइल मामले में जीआरपी ने दो शातिर चोर अब्दुल मन्नार और संतोष राव को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में पता चला कि दोनों आरोपी देशभर में फर्जी आधार कार्ड के सहारे ट्रेनों में सफर कर यात्रियों को निशाना बनाते थे। चोरी के बाद 11 लाख रुपये में कोलकाता के एक ज्वेलरी व्यापारी को 65 लाख के हीरे का हार और अंगूठी बेच दी गई। रेल एसपी श्वेता श्रीवास्तव ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि मन्नार को रायपुर मंडल में चलती ट्रेन से गिरफ्तार किया गया, जबकि संतोष राव को ▶▶|शेष पेज 8 पर



### 65 लाख की ज्वेलरी 11 लाख में बेचा

आरोपियों ने वारदात के दिन महिला यात्री का लेडीज पर्स चोरी करने की बात स्वीकार कर ली है। पर्स में रखी 65 लाख की ज्वेलरी कोलकाता के व्यापारी को 11 लाख में बेच दिया गया। इस रकम को ठिकाने लगाने के लिए दोनों ने बड़ी ही चालाकी से अपने-अपने संपर्कों का इस्तेमाल किया। 3.46 लाख रुपये अब्दुल मन्नार ने अपने भाई के बैंक खाते में जमा कराए। 2.45 लाख रुपये दोस्त के खाते में ट्रांसफर किए। 4.96 लाख रुपये खुद के बैंक खाते में रखे। जांच के दौरान इन सभी बैंक खातों में ट्रांजेक्शन की पुष्टि हो गई है। आरोपियों के पास से 20,000 रुपये नगद और अब्दुल मन्नार के पास से सुरेश मिश्रा नाम का फर्जी आधार कार्ड भी बरामद हुआ है। फिलहाल दोनों आरोपी पुलिस रिमांड पर हैं और उनसे अन्य चोरी की वारदातों को लेकर गहन पूछताछ जारी है। जल्द ही और मामलों के खुलासे की संभावना जताई जा रही है।

### फर्जी पहचान से देते थे चोरी को अंजाम

रेल में यात्रियों के कीमती सामान पर नजर रखने वाले अब्दुल मन्नार और संतोष राव ने चोरी को प्रोफेशनल अंदाज में अंजाम देने के लिए फर्जी पहचान तक बना रखी थी। अब्दुल मन्नार खुद को "सुरेश मिश्रा" और संतोष राव "अफरीदी" के नाम से पेश करता था। दोनों ने फर्जी आधार कार्ड बनवा रखे थे, जिनसे एसी 2 टियर कोच में आराम से रिजर्वेशन करा लेते थे। पूरी योजना पहले से तय होती। लंबी दूरी की ट्रेनों को टारगेट करते, खासकर रात की यात्रा चुनते। शिवनाथ एक्सप्रेस में भी इसी स्क्रिप्ट को दोहराया गया। रिजर्व कोच में चुपचाप सफर करते हुए वे ट्रॉली बैग, ▶▶|शेष पेज 8 पर

## सहकारी बैंक घोटाला, जांच में खुलासा, अब होगा केस दर्ज

# मिस्टर इंदिरा आवास...इस फर्जी खाते में अंगूठा लगवाकर 7 अफसरों ने हड़प लिए 23 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

एक फर्जी खाते में मनमाने तरीके से लेनदेन करने संबंधी नाबार्ड के कई पत्रों पर प्रबंधन ने ध्यान नहीं दिया। बैंक के अधिकारी-कर्मचारी ऊपर-ऊपर नाबार्ड को जवाब देते रहे। बैंक की शंकरगढ़ शाखा में गलत लेन-देन करने संबंधी नाबार्ड के पत्र को प्रबंधन ने संज्ञान में लेकर जांच कराई तो बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर हुआ।

अन्य बैंकों की तरह जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में भी रिजर्व बैंक के निर्देश लागू हैं। यह बात अलग है कि प्रबंधन की लापरवाही के कारण अधिकारी-कर्मचारी मनमाने तरीके से न केवल बैंक का संचालन कर रहे हैं बल्कि बैंक को लूटने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। बैंक की शंकरगढ़ शाखा में मिस्टर इंदिरा आवास सीईओ, जनपद पंचायत शंकरगढ़ के नाम से सहकारी समिति जमड़ी का खाता क्रमांक 677-13 मार्च 2024 से संचालित है। खाता खोलने के लिए फार्म तक नहीं भराया गया है न ही सहकारी समिति ने खाता खोला है। इसी खाते में गड़बड़ी करने की गुमनाम शिकायत नाबार्ड को मिल रही थी। शिकायत की जांच ▶▶|शेष पेज 8 पर

हरिभूमि फॉलोअप

*जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में अधिकारी-कर्मचारी ही रैकेट बनाकर नौ सालों से फर्जी खाते खोलकर बैंक को लूट रहे थे। प्रबंधन को इसकी भनक तक नहीं लग सकी। शाखा में गलत लेन-देन करने संबंधी नाबार्ड के पत्र को प्रबंधन ने संज्ञान में लेकर जांच कराई तो बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर हुआ। जांच में बैंक की कुसमी एवं शंकरगढ़ शाखा के अधिकारियों द्वारा 23 करोड़ की राशि हड़पने का खुलासा हुआ है।*

**ऐसे की गड़बड़ी**

जांच में बैंक अधिकारियों द्वारा राशि हड़पने के लिए बड़ी संख्या में फर्जी खाता खोलने का खुलासा हुआ है। जनपद पंचायत शंकरगढ़ के खाता खोलने के फार्म में एक-दूसरे के खाता को जोड़ दिया है मिस्टर इंदिरा आवास सीईओ, शंकरगढ़ के नाम से संचालित कर रहे हैं। दोनों बैंक के अधिकारियों ने 23.74 करोड़ का फर्जीवाड़ा करने के लिए मात्र तीन खातों का सहारा लिया है। किसानों के ऋण खाता से इन खातों में राशि अंतरित की गई है। फर्जीवाड़े में शंकरगढ़ शाखा प्रबंधक अशोक कुमार सोनी, विकास चंद्र पाण्डेय, अतबल सिंह, समल साय, जगदीश प्रसाद, राजेन्द्र गुप्ता, विजय कुमार उइके की संलिप्तता मिली है। प्रबंधन कार्यरत तीन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है जबकि अन्य रिटायर हो गए हैं।




### व्यवसाइयों के खाते में ट्रांसफर की राशि

बैंक की शंकरगढ़ शाखा के प्रबंधक ने सहकारी समिति जमड़ी के खाते से जमुना अलंकार मंदिर अम्बिकापुर के खाते से 52 लेन-देन के माध्यम से 1.82 करोड़ एवं भुलसीकला समिति के खाते से 26 हजार रूपए अंतरित की है। बैंक में 44 लेनदेन के वाउचर उपलब्ध नहीं है। वाउचर के माध्यम से शाखा प्रबंधक के खाते से राशि अंतरित की गई है। शाखा प्रबंधक द्वारा प्रभात टेंट हाउस, मे.हकीमुद्दीन अंसारी, प्राचार्य मिडिल स्कूल सीएचपी के खाते में राशि अंतरित की गई है। बैंक अधिकारियों ने फर्जी खातों से 138 लेन-देन किया है जिसमें 46 बार अंतरण जबकि 92 बार नगद राशि निकाली गई है।

### खास बातें

- फर्जीवाड़े की गुमनाम शिकायत की जांच में खुला राज
- मुख्यालय के बैंक अधिकारी-कर्मचारियों की संलिप्तता आई सामने

### कराया जा रहा एफआईआर

प्राधिकृत अधिकारी एवं कलेक्टर के निर्देशन में फर्जीवाड़ा के दोषी अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज कराया जा रहा है। मामले में दोषी कई आरोपी रिटायर हो गए हैं दोनों शाखाओं के सभी खातों की जांच कराई जाएगी।

**- एसपी सिंह,** सीईओ
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक

### लंबे समय से चल रहा फर्जीवाड़ा

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखाओं में लम्बे समय से फर्जीवाड़ा चल रहा है। सहकारी समितियों के खाते में भी हेराफेरी करने की संभावना जताई जा रही है। हेराफेरी के पीछे ऑडिट की खानापूर्ति एवं मुख्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों की संलिप्तता को मुख्य वजह बताया जा रहा है। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि फर्जीवाड़ा संबंधी शिकायतों को दबाने के लिए अधिकारी-कर्मचारी गोपनीय तरीके से फर्जी जांच रिपोर्ट तैयार कर नाबार्ड को भेज देते थे। फर्जी हस्ताक्षर से जांच रिपोर्ट तैयार करते थे तथा फाइल को गायब भी कर देते थे। पूर्व में बैंक ने इस फर्जीवाड़े की जांच की खानापूर्ति कराई थी तथा नाबार्ड को रिपोर्ट भी भेजी थी लेकिन बैंक के पास जांच संबंधी कोई दस्तावेज नहीं है। फर्जीवाड़ा करने वाले अतिरिक्त सीईओ भी लंबे समय से लापता हैं तथा बैंक की नोटिस को नहीं ले रहे हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### रॉबर्ट प्रीवोस्ट नए पोप, लियो 14वे के नाम से जाने जाएंगे

**वेटिकन सिटी।** अपना पूरा जीवन पेरू में सेवा करते हुए बिताने वाले रॉबर्ट प्रीवोस्ट ने वेटिकन के बिशप के प्रभावशाली दायित्व को संभाल लिया और कैथोलिक चर्च के दो हजार साल के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ जब अमेरिका से पोप चुने गए।



ऑगस्टीनियन धार्मिक आदेश के सदस्य प्रीवोस्ट (69) ने अपना नाम लियो 14 रख लिया। पोप फ्रांसिस के उत्तराधिकारी के रूप में सेंट पीटर्स बेसिलिका के बरामदे से बोलते हुए अपने पहले संबोधन में लियो ने कहा, 'शांति आपके साथ हो'। उन्होंने शांति, संवाद और धर्म प्रचार के संदेश पर जोर दिया। उन्होंने पोप पद की पारंपरिक लाल टोपी पहनी थी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि नए पोप का अमेरिकी होना 'हमारे देश के लिए बहुत सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, इससे बड़ा सम्मान और क्या हो सकता है।'' राष्ट्रपति ने कहा कि 'हम आश्चर्य में पड़ गए और हम खुश भी हैं।

## सीजेआई ने राष्ट्रपति-पीएम से साझा की जांच रिपोर्ट

# जस्टिस वर्मा के खिलाफ चल सकता है महाभियोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सीजेआई संजीव खन्ना ने नकदी बरामदगी मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त तीन-सदस्यीय समिति की रिपोर्ट के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने की सिफारिश केंद्र से की है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रधान न्यायाधीश ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर उस समिति की रिपोर्ट साझा की है, जिसने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ नकदी बरामदगी के आरोपों की जांच की है। न्यायमूर्ति खन्ना ने समिति की रिपोर्ट के साथ न्यायमूर्ति वर्मा का जवाब भी साझा किया है।

यह कदम स्थापित आंतरिक प्रक्रिया के मद्देनजर महत्वपूर्ण है, जिसके तहत न्यायाधीश को इस्तीफा देने की सलाह का पालन नहीं किए जाने पर प्रधान न्यायाधीश राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को महाभियोग चलाने के लिए पत्र लिखते हैं। उच्चतम न्यायालय ने एक बयान में कहा, भारत के प्रधान न्यायाधीश ने आंतरिक प्रक्रिया के अनुसार राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है, जिसमें तीन-सदस्यीय समिति की तीन मई की रिपोर्ट की प्रति तथा न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से प्राप्त छह मई के पत्र/प्रतिक्रिया की प्रति संलग्न है।



### न्यायमूर्ति ने आरोप का किया खंडन

न्यायमूर्ति वर्मा ने दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति को दिए गए अपने जवाब में इस आरोप का बार-बार खंडन किया है। न्यायमूर्ति वर्मा के आवास पर कथित तौर पर नकदी बरामदगी से जुड़ी खबर सामने आने के बाद कई कदम उठाए गए, जिनमें दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय द्वारा प्रारंभिक जांच किया जाना, अदालत में न्यायमूर्ति वर्मा को न्यायिक कार्य से रोका जाना और बाद में उन्हें इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करना शामिल है।

### मूल विभाग भेजा गया

उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने 24 मार्च को न्यायमूर्ति वर्मा को उनकी मूल अदालत 'इलाहाबाद उच्च न्यायालय' में वापस भेजने की सिफारिश की। शीर्ष अदालत ने 28 मार्च को, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से कहा कि वह न्यायमूर्ति वर्मा को फिलहाल कोई न्यायिक कार्य न सौंपें।

# बस्तर को रेल से जोड़ने रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाइन परियोजना को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत सरकार के रेल मंत्रालय ने 140 किलोमीटर की रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाइन परियोजना को स्वीकृति प्रदान कर दी है। परियोजना पर 3513.11 करोड़ रुपए की लागत आएगी, जिसका वहन केन्द्रीय बजट से किया जाएगा। यह निर्णय बस्तर अंचल के सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ की जनता की ओर ▶▶|शेष पेज 8 पर



### प्रधानमंत्री और रेल मंत्री के प्रति मुख्यमंत्री ने व्यक्त किया आभार

- 3513.11 करोड़ रुपए की लागत आएगी



### अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई गति

रेल कनेक्टिविटी से खनिज संसाधनों के परिवहन, स्थानीय उत्पादों की पहुँच, और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में व्यापक सुधार होगा। यह क्षेत्रीय उद्योगों और किसानों को राष्ट्रीय बाजार से जोड़ने में मदद करेगा।

### बस्तर का कायाकल्प करेगा यह प्रोजेक्ट

रावघाट-जगदलपुर रेललाइन से न केवल कोंडागांव और नारायणपुर जैसे पिछड़े जिलों को पहली बार रेल मानचित्र पर स्थान मिलेगा, बल्कि इससे आदिवासी अंचलों में यात्रा, पर्यटन और व्यापार की सम्भावनाएं भी बढ़ेंगी। यह रेल मार्ग बस्तर की सुंदर वादियों, ऐतिहासिक स्थलों और जनजातीय संस्कृति तक पर्यटकों की सीधी पहुंच को संभव बनाएगा, जिससे स्थानीय रोजगार और पर्यटन उद्योग को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा।

# हेलीकॉप्टर क्रैश, 6 की मौत

- श्रद्धालुओं को गंगोत्री धाम लेकर जा रहा था हेलीकॉप्टर
- ऋषिकेश-गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के पास हुआ हादसा




एजेंसी ▶▶| उत्तरकाशी

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में गंगनानी के समीप एक निजी कंपनी के हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से पांच श्रद्धालुओं समेत छह लोगों की मौत हो गई और एक अन्य श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल है। मृतकों की पहचान गुजरात के वडोदरा निवासी पायलट रॉबिन सिंह (60), मुंबई की पवई की निवासी विजयलक्ष्मी रेड्डी (57), रुचि अग्रवाल (56), कला चंद्रकांत सोनी (61), उत्तर प्रदेश के बरेली की निवासी राधा अग्रवाल (79) और आंध्र प्रदेश के अनंतपुर की निवासी वेदांती देवी (48) के रूप में हुई है।

## निस्तारी के लिए तालाबों को 100 प्रतिशत भरना है बड़ी वजह

# डेढ़ महीने में छत्तीसगढ़ के बांधों का आधा पानी हो गया खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के बड़े बांधों और जलाशयों में अब से डेढ़ महीना पहले जितना पानी था, अब उसका आधा ही बचा है। हालत ये है कि 24 मार्च के करीब 46 प्रतिशत पानी मौजूद था, जो अब घटकर 27 प्रतिशत के करीब आ गया है। इस बीच अभी मई के तीन हफ्ते और जून के दो हफ्ते बाद राज्य में मानसून आने की संभावना है। इस बीच अगर भीषण गर्मी की तपिश बढ़ती है, तो पानी की खपत बढ़ेगी और वाष्पीकरण यानी पानी के भाप बनने की प्रक्रिया भी मौजूदा जल भंडार को कम करने का काम करेगी। लिहाजा पानी की फिजूलखर्ची और दुरुपयोग रोकना बेहद जरूरी होगा।

### गर्मी के कारण पानी का दोहन तेज हुआ, वाष्पीकरण से भी कमी

#### कितना था पानी, कितना रह गया

छत्तीसगढ़ में कुल मिलाकर 46 बड़े, मध्यम और छोटे बांध और जलाशय हैं। 24 मार्च 2025 की स्थिति में राज्य में पानी का भंडार 46 प्रतिशत था। इन सभी बांधों में जल स्तर 5 मई की स्थिति में 27.60 प्रतिशत बचा है, जबकि पिछले साल 2024 में ▶▶|शेष पेज 8 पर

हरिभूमि सरोकार



**अब बांधों जलाशयों की स्थिति पर एक नजर:** छत्तीसगढ़ के बांधों और जलाशयों में वर्तमान में जलभराव की स्थिति देखें, तो पता लगता है कि अधिककतर बड़े से लेकर मध्यम और छोटे बांधों में पानी की मात्रा पिछले साल के मुकाबले घटी है। जिन बांधों, जलाशयों में ▶▶|शेष पेज 8 पर

### क्यों सूख रहे हैं बांध जलाशय पानी की कमी क्यों

छत्तीसगढ़ के लिए यह एक बड़ा सवाल है कि यहां मानसून सीजन में औसत वर्षा 11-12 सौ एमएम के आसपास होती है। बांधों, बड़े जलाश्यों से बैराज तक में पानी काफी मात्रा में जमा होता है। लेकिन गरमी का सीजन आने तक क्यों पानी की कमी होती, क्यों जलभंडार सूखते हैं। इस सवाल के जवाब में जल संसाधन विभाग के सेवानिवृत्त ईएनसी एचआर कुटारे ने बताया है कि किन कारणों से बांध जलाशयों में पानी का स्तर कम होता है। उन्होंने बताया कि गर्मी की शुरुआत में गांवों में निस्तारी के लिए पानी छोड़ा जाता है। नहरों के जरिए ▶▶|शेष पेज 8 पर

## चिंतन

# भारत आतंकवाद के खिलाफ दुस्साहस बंद करे पाक फौज

ऑपरेशन सिंदूर से डर कर पाकिस्तान वो गलतियां कर रहा है, जिसका उसे बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। भारत ने स्पष्ट कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सैन्य कार्रवाई दहशतगर्दी के खिलाफ थी, पाकिस्तान के खिलाफ नहीं। भारत सरकार की ओर से एयर स्ट्राइक के बाद और फिर अगले दिन दो-दो बार साफ किया गया है कि भारत का एक्शन आतंकवाद के खिलाफ नपा-तुला था, पाकिस्तान अगर भारत के खिलाफ सैन्य हमला करेगा, जैसा कि वह दो दिन से प्रयास कर रहा है, तो उसे अंजाम भुगतना होगा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की फौज सीमा पार से जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, उरी, पुंछ, मेंढर और राजौरी सेक्टरों में मोर्टार और भारी तोपों का उपयोग करते हुए नियंत्रण रेखा पर नागरिकों को निशाना बना कर अकारण अंधाधुंध गोलीबारी कर रही है, जिसका भारतीय सेना करारा जवाब दे रही है। इसमें तीन महिलाओं और पांच बच्चों सहित 16 निर्दोष लोगों की जान चली गई है। पाकिस्तानी फौज ने भारत के जम्मू-कश्मीर व पंजाब में 15 सैन्य ठिकानों को लक्षित करके मिसाइल हमले किए, जिसे भारतीय रक्षा प्रणाली ने नाकाम किया। भारतीय सेना ने पाक फौज को जवाब देते हुए लाहौर में पाक की वायुरक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया। भारतीय रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना ने अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज को निशाना बनाने का प्रयास किया। इन्हें एकीकृत काउंटर मानवरहित विमान प्रणाली (ग्रिड और वायु रक्षा प्रणाली) द्वारा निष्प्रभावी कर दिया गया। भारत की सख्त चेतावनी है कि पाकिस्तान की ऐसी गैर-जिम्मेदाराना हरकत से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ेगा और भारत तनाव नहीं बढ़ाना चाहता है, लेकिन पाकिस्तान दुस्साहस करेगा तो भारत दोगुनी प्रबलता से जवाब देगा। भारत व पाक के बीच बढ़ रहे सैन्य तनाव के बाद से भारत में उच्च स्तर पर बैठकें हो रही हैं। इस बीच अमेरिका, ईरान, सऊदी अरब की ओर से तनाव कम करने के कूटनीतिक प्रयास हो रहे हैं। अमेरिका लगातार भारत व पाकिस्तान के संपर्क में है, ईरान के विदेश मंत्री पाकिस्तान से भारत पहुंचे हैं और सऊदी अरब के विदेश मंत्री बिना किसी पूर्व निर्धारित शेड्यूल के नई दिल्ली पहुंचे हैं और विदेश मंत्री एस जयशंकर से मिले हैं। सब बातचीत के केंद्र में भारत व पाकिस्तान के बीच बढ़ रहा तनाव है। भारत ने अपना रुख साफ कर दिया है कि पहलगाम टेरर अटैक के बाद भारत का एक्शन केवल और केवल आतंकवाद के खिलाफ है। चूंकि इस टेरर अटैक की जिम्मेदारी द रेजिसटेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली और यह आतंकी गुट पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट लश्करे तैयबा का मुखौटा तंजीम है, जो पाकिस्तान को भी पता है। तो भारत ने टीआरएफ, लश्कर और जैश से जुड़े आतंकी अड्डों पर कार्रवाई की। अपने यहां के आतंकी अड्डों पर ऐसी कार्रवाई पाकिस्तान को करनी चाहिए थी, लेकिन वह आतंकवाद को नीतिगत स्तर पर पालता-पोसता रहा है। भारत पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों व साजिशकर्ताओं को न्याय के कटघरे में लाने व उसे सजा देने के प्रति प्रतिबद्ध है। साथ ही भारत शांति भी चाहता है। पाकिस्तान भारत की इस भावना का सम्मान करे और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भूमिका निभाए। पाकिस्तान की फौज को स्पष्ट संदेश है कि भारत अपने खिलाफ आतंकवाद के किसी भी हमले का कठोरता से जवाब देगा।

# भारत ने कर दिखाया अद्भुत पराक्रम



ऑपरेशन सिंदूर
अवधेश कुमार

> पाकिस्तान को भी उम्मीद नहीं होगी कि भारत इतनी तैयारी के साथ आधी रात के बाद न केवल पाक अधिकृत कश्मीर बल्कि पाक की अन्य सीमाओं में घुसकर एक साथ अनेक जगहों पर मिसाइल हमले करेगा। उरी में सैनिकों पर आतंकवादी हमले में भारत ने पाक अधिकृत कश्मीर में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक की। पुलवामा सीआरपीएफ शिविर पर हमले के 13वें दिन बालाकोट के आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की गई। पहलगाम हमले के 15वें दिन भारत ने मिसाइल हमला करके अब तक के सबसे बड़ी और साहसी कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस बार भारत ने 18 आधिकारिक तस्वीर भी जारी कर दी जिसे किसी के पास प्रश्न उठाने का कोई कारण नहीं रह गया।

सीमा पार आतंकवाद के विरुद्ध भारत के अद्भुत पराक्रम को पूरे विश्व ने देखा। पाकिस्तान को भी उम्मीद नहीं होगी कि भारत इतनी तैयारी के साथ आधी रात के बाद न केवल पाक अधिकृत कश्मीर बल्कि पाक की अन्य सीमाओं में घुसकर एक साथ अनेक जगहों पर मिसाइल हमले करेगा। उरी में सैनिकों पर आतंकवादी हमले में भारत ने 11वें दिन पाक अधिकृत कश्मीर में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक की। पुलवामा सीआरपीएफ शिविर पर हमले के 13वें दिन बालाकोट के आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की गई। पहलगाम हमले के 15वें दिन भारत ने मिसाइल हमला करके अब तक के सबसे बड़ी और साहसी कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस बार भारत ने इसके साथ 18 आधिकारिक तस्वीर भी जारी कर दी जिसे किसी के पास प्रश्न उठाने का कोई कारण नहीं रह गया। वैसे भी जब जैश ए मोहम्मद का प्रमुख मसूद अजहर बयान जारी कर रो रहा है कि उसके 10 लोग मारे गए और वह क्यों नहीं मर गया तो फिर संदेह का कारण नहीं है।

22 फरवरी 2019 के बालाकोट हवाई बमबारी पर भी हमारे देश के नेताओं ने कटाक्ष किया, उसका उपहास उड़ाया। इस बार सबके मुंह बंद हैं क्योंकि पाकिस्तान ने स्वयं स्वीकार किया है। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने सबसे पहले कहा कि भारत ने 24 मिसाइलें दागी हैं। वास्तव में जब प्रधानमंत्री ने मधुबनी की सभा से कहा कि इस बार की कार्रवाई दुश्मन की कल्पना से परे होगी तो साफ था कि पूर्व की दो कार्रवाइयों से ज्यादा बड़ी, विस्तृत और आतंकवाद की दृष्टि से प्रभावी एवं निर्णायक कार्रवाई हो सकती है। जैसा कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका ने बताया कि भारत ने आत्मरक्षा के तहत कार्रवाई की है और इस बात का ध्यान रखा गया कि आम नागरिकों और सैनिक ठिकानों को हमारी मिसाइलें स्पर्श न करें। उन स्थानों को देखिए जहां-जहां मिसाइल हमले हुए, तब पता चल जाएगा कि कितनी बड़ी कार्रवाई थी। बताया गया कि जिन नौ ठिकानों पर हमले किए गए, उसके पीछे भारतीय सेना का मकसद क्या था। दोनों महिला जवानों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए वीभत्स आतंकी हमले के शिकार नागरिकों और उनके परिवारों को न्याय देने के लिए किया गया। जिन नौ ठिकानों की पहचान कर बर्बाद किया गया उनमें आतंकियों को प्रशिक्षित किया जाता था। ये आतंकियों के लॉन्च पैड थे। एक, नियंत्रण रेखा से 30 किलोमीटर दूर मुजफ्फराबाद का सवाईनाला कैंप लश्कर का ट्रेनिंग सेंटर था। सोनमर्ग, गुलमर्ग और पहलगाम में आतंकी हमला करने वाले आतंकवादियों ने यहीं प्रशिक्षण लिया था। दो, सैयदना बिलाल कैंप (पीओजेके) जैश-ए-मोहम्मद का ठिकाना है जहां हथियारों और विस्फोटकों को रखा जाता था, जंगल में जिंदा रहने का प्रशिक्षण मिलता था। तीन, कोटली गुलपुर भी संगठन- लश्कर-ए-तैय्यबा का अड्डा था। यहां के आतंकी जम्मू-कश्मीर के राजौरी-पुंछ में सक्रिय थे।

चौथा निशाना नियंत्रण रेखा से 9 किलोमीटर दूर भींबर का बरनाला कैंप था जहां हथियारों की हैंडलिंग, बारुदी सुरंग आईईडी और जंगल में बचे रहने का प्रशिक्षण मिल जाता था। पांचवां मिसाइल हमला



नियंत्रण रेखा से 13 किमी दूर अब्बास कैंप कोटली पर किया गया जहां लश्कर के आतंकवादी आत्मघाती तैयार किए जाते थे। पाक अधिकृत कश्मीर के इन ठिकानों को नष्ट करने के बाद मिसाइल पाकिस्तानी सीमा के भीतर चल रहे आतंकी ठिकानों पर गरजे। एक, सबसे पहले अंतरराष्ट्रीय सीमा से 6 किमी दूर और जम्मू-कश्मीर के सांबा-कठुआ के सामने सरजल कैंप सियालकोट पर हमला किया। दूसरे नंबर पर अंतरराष्ट्रीय सीमा से 12-18 किमी दूर सियालकोट का महमूना जोया कैंप था जो हिजबुल का बड़ा अड्डा था, यहां से कठुआ में आतंकवादी गतिविधियां चलतीं थीं। पठानकोट वायु सेवा अड्डे पर हमले की योजना यही बनी थी। तीसरे नंबर पर अंतरराष्ट्रीय सीमा से 18-25 किमी दूर हाफिज सईद के मुरीदके में मरकज-तैयबा था जहां 2008 के मुंबई आतंकी हमले के आतंकवादी प्रशिक्षित हुए। अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब 100 किलोमीटर दूर बहावलपुर में मरकज सुभानअल्लाह पर हमला किया। यह जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय है जो आतंकवादियों का व्यापक सुरक्षित केंद्र है, जहां भर्ती से लेकर वैचारिक हथियारों के प्रशिक्षण और उन्हें सीमा पार करने सहित सारी व्यवस्थाएं थी। मसूद अजहर के परिवार के 10 लोग भी मिसाइल के प्यारे हो गए। भारत को बर्बाद करने की कसमें खाने वाले मसूद आज फूट-फूट कर रोए तो कल्पना कर सकते हैं कि हमला उसके सारे सपनों को एकबारगी ध्वस्त करने वाला साबित हुआ है। इसमें मसूद अजहर की बड़ी बहन और उसका पति, भांजे और उसकी पत्नी और अन्य भतीजों और परिवार के पांच बच्चों के साथ उसके करीबी सहयोगी और उसकी मां और दो अन्य करीबी सहयोगियों की भी मौत हुई है। इसमें आतंकवादी कमांडर इकबाल करी के साथ हमले में 10 अन्य आतंकी भी मारे गए हैं। बिलाल आतंकी शिविर के प्रमुख याकूब मुगल की भी मौत हुई है। बहावलपुर के बाहरी इलाके में कराची-तोरखाम राजमार्ग पर 15 एकड़ में फैले मरकज सुभान अल्लाह मसूद अजहर का किला था जो 2019 में पुलवामा आतंकवादी हमले सहित अनेक हमलों का केंद्र रहा है। मसूद अजहर का घर मरकज सुभान अल्लाह में ही है। इस तरह देखें तो भारतीय सेना ने केवल पहलगाम हमले के दोषियों को ही सजा नहीं दी बल्कि पिछले लंबे समय से आतंकवादी हमला करने के मुख्य केंद्रों और भविष्य के षड्यंत्र रचने वाले केन्द्रों को भी तबाह कर दिया। वास्तव में एक-एक हमले पर कार्रवाई से भारत पर आतंकवादी हमले का खतरा टल ही नहीं सकता क्योंकि आप जितने मारेंगे उतने आतंकवादी ये केंद्र पैदा कर लेंगे। तो पहला रास्ता यही था कि उन सारे चिन्हित केन्द्रों को नष्ट कर दिया जाए। उनके लिए भविष्य में भी गतिविधियां आसान नहीं होंगी क्योंकि अब वहां भारत सहित विश्व भर की दृष्टि होगी। क्या आप सोच सकते हैं कि मुरीदके जैसा अड्डा लश्कर या तैय्यबा या हाफिज जल्दी निर्माण कर सकता है? क्या मसूद अजहर की अब हैसियत मार्केट सुभान के पुनर्निर्माण की है? निश्चय ही प्रधानमंत्री जब तीन-तीन बार तीनों सेना के प्रमुखों और दो बार चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ से मिलते हैं तथा गृह मंत्री अमित शाह लगातार बैठकें कर रहे हैं तो उसकी परिणति इतनी ही बड़ी होनी थी जिनमें लंबे समय के लिए भारत सीमा पार के बड़े आतंकवादी खतरों से मुक्त हो जाए। मुनीर इस्लाम और कलमा के नाम पर पाकिस्तान को जम्मू कश्मीर के गले की नस बताते हैं और उसके लिए आतंकवाद का इस्तेमाल करते हैं तो आगे उनको इससे बड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। जब भारत का राजनीतिक नेतृत्व सीमा पार आतंकवाद को जड़मूल से नष्ट करने का संकल्प ले चुका हो तो सेंड बालवीर उसके अनुरूप उत्साह के साथ तैयारी करते हैं। आगे पाकिस्तान ने नहीं माना तो उसके गर्दन की नस दबने का भी समय आ जाएगा।

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## विश्लेषण

डॉ. मोनिका राज



# संयम से संकल्प तक का नाम है 'ऑपरेशन सिंदूर'

भारत की विदेश और रक्षा नीति में समय-समय पर परिवर्तन देखने को मिला है, किंतु 7 मई 2025 को हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' ने देश की रणनीतिक सोच को एक नया आयाम दिया। यह सैन्य कार्रवाई न केवल एक कूटनीतिक सन्देश थी, बल्कि यह उस ज्वलंत संकल्प का प्रतीक थी जो अब भारत को केवल सहने वाला राष्ट्र नहीं, बल्कि निर्णायक कार्यवाही करने वाला राष्ट्र बनाता है। पहलगाम में हुए निर्दोष पर्यटकों पर आतंकी हमले ने भारत की संवेदनाओं को झकझोर दिया और इसका उत्तर एक ऐसे रूप में आया, जो संयम के साथ सटीकता और गंभीरता से भरा था। ऑपरेशन सिन्दूर केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि भारत की बदलती नीति, आत्मनिर्भर सोच और आतंक के खिलाफ उसकी अडिग प्रतिबद्धता का परिचायक है। इसने न केवल भारत की सैन्य शक्ति को दर्शाया, बल्कि कूटनीतिक स्तर पर भी यह संदेश दिया कि भारत अब अपनी सुरक्षा के लिए किसी की अनुमति का मोहताज नहीं रहेगा। भारत ने 7 मई 2025 की सुबह जो सैन्य कार्रवाई की, वह सिर्फ एक और जवाबी हमला नहीं था। यह एक निर्णायक मोड़ था, एक नई रणनीतिक विचारधारा का उद्घोष जिसने यह स्थापित किया कि अब भारत सिर्फ पीड़ित नहीं रहेगा बल्कि एक सक्रिय, सशक्त और निर्णायक शक्ति के रूप में उभरेगा। "ऑपरेशन सिन्दूर" के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान के भीतर स्थित आतंकवादी ठिकानों पर जो प्रहार किए, वे कई दृष्टियों से अभूतपूर्व थे, रणनीतिक, राजनीतिक, कूटनीतिक और मनोवैज्ञानिक। यह कार्रवाई किसी आकस्मिक क्रोध का परिणाम नहीं थी, बल्कि एक सुविचारित, रणनीतिक प्रतिक्रिया थी, जिसकी नींव 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने रखी थी। इसके जवाब में ऑपरेशन सिन्दूर एक ऐसा सशक्त वक्तव्य बन गया, जिसने आतंकी गुटों और उनके संरक्षकों को स्पष्ट संकेत दिया कि अब भारत हर प्रहार का जवाब उसी भाषा में देगा। इस सैन्य कार्रवाई का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह था कि भारत ने इसे बिना अंतरराष्ट्रीय समर्थन या सहमति के एकतरफा अंजाम दिया। यह उस पारंपरिक सोच का पूर्ण निषेध था जिसके तहत भारत वर्षों तक अंतरराष्ट्रीय समुदाय की स्वीकृति या समर्थन की प्रतीक्षा करता रहा। नई दिल्ली ने यह स्पष्ट कर दिया कि जब बात राष्ट्रीय सुरक्षा की हो, तो वह अब 'वैश्विक अपेक्षाओं' से बंधा नहीं रहेगा। भारत की यह आत्मनिर्भर और निर्णायक नीति एक नए भू-राजनीतिक युग की शुरुआत का संकेत है। ऑपरेशन सिन्दूर ने कई स्तरों पर संदेश दिए। सबसे पहले, यह भारत की आतंकवाद विरोधी नीति में स्थायी परिवर्तन का प्रतीक है। 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक्स और 2019 के बालाकोट एयर स्ट्राइक्स के बाद, 2025 की यह कार्रवाई दर्शाती है कि अब भारत आतंकवादी हमलों को केवल एक सुरक्षा चुनौती नहीं, बल्कि एक युद्ध जैसा कृत्य मानता है। और इस युद्ध का उत्तर अब सीमित शब्दों में नहीं, बल्कि सटीक प्रहारों में मिलेगा। दूसरे, भारत ने पाकिस्तान की लंबे समय से चली आ रही 'परमाणु धमकी' की रणनीति को पूर्णतः निष्क्रिय कर दिया है। पाकिस्तान ने अतीत में बार-बार परमाणु हथियारों का डर दिखाकर भारत को किसी भी निर्णायक सैन्य प्रतिक्रिया से रोका था। लेकिन ऑपरेशन सिन्दूर इस मिथक को तोड़ता है। भारत ने पाकिस्तान के भीतर नौ ठिकानों को नष्ट किया, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे संगठनों के मुख्यालय और लॉन्च पैड शामिल थे और यह सब बिना किसी परमाणु प्रतिक्रिया की आशंका के। इससे यह स्पष्ट हुआ कि भारत अब 'कूटनीतिक शालीनता' नहीं, बल्कि 'रणनीतिक जवाबदेही' की राह पर चलेगा। इस ऑपरेशन ने घरेलू स्तर पर भी एक महत्वपूर्ण सन्देश भेजा है। भारत की जनता ने इस कार्रवाई को एक न्यायोचित कदम माना है। पहलगाम के शहीदों के लिए यह न्याय का प्रतीक बना है। इसने देश में आत्म-विश्वास और सुरक्षा की भावना को प्रबल किया है। साथ ही, यह सरकार के लिए एक राजनीतिक पूंजी भी बनी है, जिससे वह वैश्विक मंचों पर अधिक दृढ़ता से आतंकवाद के विरुद्ध अपनी आवाज़ उठा सकती है। यह कार्रवाई भारत की उस चेतना का प्रतीक है जो अब न्याय, प्रतिरोध और निर्णायकता के मार्ग पर अग्रसर है। ऑपरेशन सिन्दूर न केवल एक सैन्य अभियान था, बल्कि यह भारत की नई राष्ट्रीय सुरक्षा नीति, कूटनीतिक स्वतंत्रता और वैश्विक दृष्टिकोण का संकल्प भी है। पाकिस्तान के लिए इस ऑपरेशन का सबसे बड़ा सन्देश यही है, अब संयम की परीक्षा नहीं ली जाएगी। अब भारत हर वार का जवाब देगा तथ्य, ताकत और रणनीति के साथ।

(लेखिका शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन प्रक्रिया की छानबीन



संकलित
दर्शन

योग किसी धर्म-संप्रदाय से नहीं जुड़ा है। योग प्रेम, अहिंसा, करुणा और सबको साथ लेकर चलने की बात करता है। योग धर्म, जाति, वर्ण, क्षेत्र या भाषा के आधार पर जन्मे भेदभाव से परे है, इसलिए इसमें पूरी दुनिया को एक परिवार के तौर पर बांधने की क्षमता है। योग, जीवन-प्रक्रिया की छानबीन है। यह सभी धर्मों से पहले अस्तित्व में आया और इसने मानव के सामने संभावनाओं को खोलने का काम किया, जिससे इंसान प्रकृति द्वारा तय की गई सीमाओं से परे जा सके। आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण व मुक्ति से जुड़ा यह विज्ञान भावी पीढ़ी के लिए एक महानतम उपहार है। आज योग विज्ञान जितना महत्वपूर्ण है, इससे पहले यह कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। क्योंकि आज हमारे पास विज्ञान और तकनीक के तमाम साधन मौजूद हैं, जो इस दुनिया को बना और मिटा सकते हैं। ऐसे में यह बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमारे भीतर जीवन के प्रति जागरूकता और ऐसा भाव बना रहे कि हम हर दूसरे प्राणी को अपना ही अंश महसूस कर सकें, वरना अपने सुख और भलाई के पीछे की हमारी दौड़ सब कुछ बर्बाद कर देगी। अगर दुनिया की कुछ आबादी भी योग और ध्यान के मार्ग पर चलने लगे तो निश्चित तौर पर दुनिया की गुणवत्ता और स्तर में सुधार आएगा। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में विस्तार व व्यापकता लाने में ही मानव-जाति की सभी समस्याओं का समाधान है।

## जिन लोगों में है मतभेद वे कभी नहीं होते सफल



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में पांडव कौरवों से जुए में सब कुछ हार गए थे। इस हार के बाद ये तय हुआ था कि पांडव जब 12 वर्ष का वनवास और एक वर्ष का अज्ञातवास करके लौटेंगे तब कौरव पांडवों को इनका राज्य वापस लौटा देंगे।पांडवों ने अपना वनवास और अज्ञातवास पूरा कर लिया तो वे अपना राज्य वापस मांगने कौरवों के पास पहुंचे, लेकिन दुर्योधन ने पांडवों को राज्य देने से मना कर दिया। बहुत कोशिशों के बाद भी दुर्योधन पांडवों को एक गांव तक देने के लिए तैयार नहीं हुआ। इसके बाद पांडवों के सामने सिर्फ युद्ध करने का एक मात्र उपाय बचा था। पांडवों ने युद्ध के लिए तैयारी शुरू कर दी। कौरव सेना में भीष्म, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, कर्ण जैसे योद्धा थे। विरोधी पक्ष में सभी पांडवों के रिश्तेदार ही थे। उनकी सेना बहुत बड़ी थी। पांडवों ने विचार किया कि हम तो सिर्फ पांच भाई ही हैं। हमारे पास सेना भी नहीं है, तो हम कौरवों की विशाल सेना का सामना कैसे करेंगे। श्रीकृष्ण ने पांडवों को समझाया कि कौरव पक्ष में भले ही बड़े-बड़े योद्धा हैं, लेकिन सभी के बीच मतभेद हैं। भीष्म कर्ण को पसंद नहीं करते, द्रोण दुर्योधन को पसंद नहीं करते। दुर्योधन भीष्म और द्रोण को अपमानित करते रहता है। जबकि आप पांचों भाई एक साथ हैं, आपके बीच एकता है। जहां एकता होती है, जीत भी वहीं होती है। श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि जहां मतभेद होते हैं, वहां सफलता नहीं होती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मां की भूमिका को सलाम

एक मां परिवार की रीढ़ होती है और उसे अपनी भूमिका बखूबी निभाने के लिए एक मजबूत आधार की जरूरत होती है। हर मां अपने बच्चों के लिए दिनभर भागदौड़ करती है, वह भी अपना ख्याल रखे बिना। अगर मां बीमार पड़ जाए तो ऐसा लगता है कि सारे काम रुक गए हैं, इसलिए अपनी हेल्थ के साथ-साथ अपनी मां की हेल्थ भी अच्छी होना जरूरी है। इस बार मदर्स डे पर आप अपनी मां की हेल्थ का ख्याल रखने के लिए उन्हें हेल्थ से जुड़े कुछ तोहफे गिफ्ट कर सकते हैं, जो आपकी मां की हेल्थ का ख्याल रखने के साथ-साथ उन्हें फिट भी बनाएंगे।

- अमित पटवा, दुर्ग

## ट्रेंड

### क्वॉलिटी कार्रवाई



पाकिस्तान और पीओके में, जिस तरह से हमारी आर्म्ड फोर्सेज ने आतंकी कैंपों को नेस्तनाबूद किया है, वह हम सबके लिए गौरव का विषय है। कोई हमारे संयम का फायदा उठाने की कोशिश करेगा तो उसे कल की तरह 'क्वॉलिटी कार्रवाई' का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा।

-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### शहादत पर गर्व



जम्मू के पुंछ में पाकिस्तान की ओर से हुई गोलीबारी का डटकर सामना करते हुए हरियाणा के पलवल के बेटे, जवान दिनेश कुमार शर्मा ने अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। आपकी शहादत पर प्रत्येक देशवासी को गर्व है।

- नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा


### जवानों को सलाम



हम चाहते थे कि इस सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री भी आएं और संक्षिप्त में अपनी बात रखें कि किस तरह आतंकवाद के खिलाफ हमारे जवानों ने हिम्मत दिखाई। हम हमारे जवानों को सलाम करते हैं और उनका अभिनंदन करते हैं।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### सटीक प्रहार



युद्ध की बयानबाजी के बिना 'ऑपरेशन सिंदूर' उन क्षेत्रों और संगठनों पर एक सटीक प्रहार है, जिन्होंने निर्दोष नागरिकों को मारने वाले भयानक आतंकवादी का समर्थन किया था।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# सिंगापुर में अर्धनारीश्वर शिव की प्रतिमा प्रदर्शित

सिंगापुर में स्थित इंडियन हैरिटेज सेंटर (आईएचसी) में भगवान शिव के 'अर्धनारीश्वर' स्वरूप की नृत्य मुद्रा वाली दुर्लभ कांस्य प्रतिमा प्रदर्शित की गई है। यह प्रतिमा उन 60 अमूल्य सांस्कृतिक धरोहरों में से एक है, जिन्हें सिंगापुर में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों ने हैरिटेज सेंटर को दान किया है। 'अर्धनारीश्वर' भगवान शिव का एक रूप है, जिसमें आधा शरीर पुरुष (शिव) और आधा महिला (पार्वती) का होता है। आईएचसी ने बुधवार को अपनी 10वीं वर्षगांठ के मौके पर मीडिया पूर्वावलोकन के दौरान बताया कि इन कलाकृतियों में खूबसूरती से गढ़ा गया, सोने का एक नक्काशीदार कड़ा भी शामिल है, जिस पर दो मोरों की आकृति बनाई गई है।



इनमें से तीस कलाकृतियां पहले से ही लिटिल इंडिया परिसर में स्थित आईएचसी में प्रदर्शित हैं। यह प्रदर्शनी सिंगापुर के भारतीय और दक्षिण एशियाई समुदायों के इतिहास एवं विरासत को प्रदर्शित करती है। सलमा मोइज (84) ने कहा कि पिछली पीढ़ियों के अनुभवों को दर्ज करना और यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि इन धरोहरों को ऐसी जगह रखा जाए जहां उनकी देखभाल हो और उन्हें सम्मान के साथ सराहा जाए।

## ऑफ बीट

# सौ वर्षों से हम तारों की दुनिया से हो रहे रूबरू

तारीख थी सात मई 1925। प्राचीन काल से ही लोग तारों और ग्रहों को अपने-अपने तरीके से समझने का प्रयास करते आएं हैं। 1700 के दशक में, सौरमंडल का एक घड़ीनुमा मॉडल, ऑरेरी, विकसित किया गया। /"प्लैनेटोरियम/" यानी तारामंडल शब्द का आविष्कार ग्रहों को दर्शाने वाले 'ऑरेरी' का वर्णन करने के लिए किया गया था। खगोलशास्त्री ईसे ईसिंगा ने एक कमरे के आकार का ऑरेरी मॉडल तैयार किया था। यह आज भी नीदरलैंड के फ्रैनेकर में काम कर रहा है। इस दृश्य को देखने के लिए कोई भी मनुष्य सौरमंडल के आसपास नहीं गया है। ऑरेरी और ब्रह्मांड के अन्य यांत्रिक मॉडल जैसे आकाशीय ग्लोब ही बाहरी परिप्रेक्ष्य से दृश्य प्रस्तुत करते हैं।



तारों और ग्रहों को वास्तविक रूप से देखने की इच्छा 20वीं सदी की शुरुआत में तेजी से बढ़ी, क्योंकि बढ़ते शहरीकरण से होने वाले प्रदूषण ने रातों में दिखने वाले आकाश को धुंधला कर दिया था। जर्मनी के म्यूनिख में स्थित डॉयचे संग्रहालय के प्रथम निदेशक ओस्कर वॉन मिलर जैसे लोग तारों और ग्रहों से सभी को रूबरू कराना चाहते थे। दिलचस्प बात यह है कि वॉन मिलर के करियर की शुरुआत एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के रूप में हुई थी।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com



# सेना ने हमले से पहले लिखा-प्रहाराय सन्निहिताः जयाय प्रशिक्षिताः, महाभारत से क्या है संबंध

नई दिल्ली। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में स्थित दहशतगर्दों के नौ ठिकानों पर सटीक एयर स्ट्राइक कर बदला लिया है। भारत की तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए 15 दिन बाद ऑपरेशन सिंदूर चलाया। इस ऑपरेशन से पहले सोशल मीडिया पर संदेश दिया गया था, रेडी टू स्ट्राइक... ट्रेंड टू विन और प्रहाराय सन्निहिताः, जयाय प्रशिक्षिताः। यह वाक्य महाभारत के आदिपर्व से जुड़ा हुआ है।

## शौर्य, आत्मविश्वास और तैयारी का प्रतीक



महाभारत के आदिपर्व से लिया गया यह श्लोक केवल प्राचीन ग्रंथों का हिस्सा नहीं, बल्कि आज भी हमारी सैन्य परंपरा और विचारधारा की नींव है। भारतीय सेना ने जब अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पर लिखा, 'हमला करने के लिए तैयार... जीतने के लिए प्रशिक्षित' और इसके साथ यह संस्कृत वाक्य साझा किया तो यह केवल एक घोषणा नहीं थी, बल्कि शौर्य, आत्मविश्वास और तैयारी का स्पष्ट प्रतीक था। यह श्लोक महाभारत की शुरुआत में आता है, जब ऋषि वैशम्पायन राजा जनमेजय को कुरुवंश की कथा सुना रहे होते हैं। इसमें पाण्डवों की सेना के योद्धाओं के साहस और युद्ध-कुशलता का वर्णन किया गया है। कहा गया है कि ये योद्धा हमेशा युद्ध के लिए तैयार रहते हैं, उन्होंने युद्ध में जीत हासिल करने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षण लिया है, और वे कभी भी युद्ध के मैदान से पीछे नहीं हटते।



### भारतीय सैनिकों के दिल में बसता है यह श्लोक

कहा जाता है कि आज की दुनिया में लड़ाई सिर्फ मैदान में ही नहीं, बल्कि तकनीक और जानकारी के स्तर पर भी लड़ी जाती है। ऐसे में यह पुराना मंत्र और आज का नया संदेश, दोनों मिलकर दिखाते हैं कि भारतीय सेना परंपरा और आधुनिकता को साथ लेकर चलती है। यह वाक्य बताता है कि भारतीय सेना केवल एक फौज नहीं, बल्कि एक सोच है, जो तैयार रहती है और जीत का भरोसा रखती है। हर सैनिक के दिल में यह भावना बसती है कि वे देश की रक्षा के लिए हर हाल में खड़े रहेंगे और जीत कर ही लौटेंगे।

### क्या होता है इस श्लोक का मतलब?

'प्रहाराय सन्निहिताः'का मतलब है कि सेना हमेशा हमला करने या जवाब देने के लिए तैयार है। चाहे दिन हो या रात, गर्मी हो या सर्दी, हमारे जवान हर समय चौकस रहते हैं। वे देश की रक्षा के लिए हर चुनौती का सामना करने को तैयार रहते हैं। 'जयाय प्रशिक्षिताः' का मतलब है कि वे जीतने के लिए अच्छी तरह से प्रशिक्षित हैं। केवल हथियार उठाना ही काफी नहीं होता, बल्कि जीतने के लिए अनुशासन, मेहनत, तकनीकी ज्ञान और धैर्य की जरूरत होती है। यही सब हमारे सैनिकों को सिखाया जाता है।

## रोचक खबरें



## 8 साल के बच्चे का बड़ा कारनामा, मां के फोन से ऑर्डर कर दिए 70 हजार लॉलीपॉप

**न्यूयार्क।** हाल ही में, एक ऐसी खबर तेजी से वायरल हो रही है, जिसने सभी को हैरान कर दिया है। केंटकी के लेक्सिंगटन में रहने वाली होली लाफेवर्स उस समय हैरान रह गईं, जब उनके घर पर अचानक डम-डम लॉलीपॉप्स के 30 बड़े डिब्बे डिलीवर हुए। इन डिब्बों में करीब 70 हजार लॉलीपॉप्स थे और इनकी कुल कीमत लगभग 3.55 लाख रुपए थी। यह सब उनके 8 साल के बेटे लियाम ने बिना उनकी जानकारी के ऑर्डर कर दिए थे। बेटे की इस बदमाशी को देख वह खुद भी हैरान रह गईं। बेटे लियाम को फेटल अल्कोहल स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर है। वह अपने दोस्तों के लिए एक कार्निवल आयोजित करना चाहता था। इस कार्निवल में वह इन लॉलीपॉप्स को अवार्ड के तौर पर देना चाहता था। हालांकि, लियाम आमतौर पर अपनी मां के फोन से निगरानी में खेलता था, लेकिन यह पहली बार था जब उसने इंटरनेट से इतना बड़ा ऑर्डर किया था। जब होली को यह पता चला, तो उन्होंने तुरंत कंपनी से कॉन्टैक्ट किया। कंपनी ने उन्हें बताया कि अगर वे डिलीवरी को रिजेक्ट कर दें तो उन्हें रिफंड मिल सकता है। लेकिन, 30 पैकेजों में से 22 पैकेज उनके दरवाजे पर बिना किसी सूचना के पहुंच चुके थे। डिलीवरी एजेंट ने न तो घंटी बजाई और न ही दरवाजा खटखटाया, जिससे होली डिलीवरी से इनकार नहीं कर सकीं। अब यह स्थिति और गंभीर हो गई।

## 21 हफ्ते पहले ही हो गई थी युद्ध की भविष्यवाणी इस शख्स ने किया था खुलासा

**नई दिल्ली।** भारत ने आखिरकार पाकिस्तान से पहलगाम हमले का बदला ले लिया है। पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर भारत ने अटैक कर कई आतंकियों को मार गिराया है। इस अटैक के बाद जहां पाकिस्तान में हाहाकार मचा हुआ है वहीं भारत में इसे लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। पहलगाम आतंकी हमलों का ये बदला लोगों को पसंद आ रहा है। पाकिस्तान के घर में घुसकर उसके द्वारा पाले जा रहे आतंकियों को मार गिराने की ख़ुशी हर भारतवासी के चेहरे पर देखी जा रही है। आपके लिए भले ही ये हमला अचानक किया गया लगे लेकिन आपको बता दें कि इस युद्ध की भविष्यवाणी इक्कीस हफ्ते पहले ही हो Tगई थी। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें गुरुजी ने इक्कीस हफ्ते पहले ही बता दिया था कि मई के महीने में युद्ध होने के पूरे आसार हैं। रणवीर अल्लाहबादिया के एक पॉडकास्ट का क्लिप सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें एक गुरुजी ने ग्रहों की स्थिति के हिसाब से युद्ध की भविष्यवाणी की थी। उन्होंने बताया था कि मई 2025 में ग्रहों का वैसा ही योग बन रहा है जैसा महाभारत काल में था। ऐसे में ये तो साफ हो गया था कि दुनिया में युद्ध होगा। भविष्यवाणी के मुताबिक ही भारत ने पहलगाम हमले का बदला लेते हुए पाकिस्तान पर हमला कर दिया। जब इस पॉडकास्ट का वीडियो समाने आया था, तब लोगों ने इसे मजाक में लिया था। कमेंट में कई लोगों ने इसे हलके में लिया था। उन्होंने कमेंट में इसपर यकीन नहीं किया था। कई ने लिखा था कि वो मई के महीने में वापस इस वीडियो पर आएंगे और गालियां देंगे। कई ने इसे झूठी बात बताया था। लेकिन, आखिरकार ये भविष्यवाणी सही साबित हुई। वीडियो में इसकी टाइमलाइन 30 मई बताई गई थी, लेकिन उससे पहले ही भारत ने पाकिस्तान पर अटैक कर दिया।




## मरने के बाद सीधे नर्क पहुंचा शख्स, वहां गुजारे 8 घंटे, फिर दोबारा हुआ जिंदा!

**लॉस एंजिल्स।** मरने के बाद क्या होता है? इस बारे में कोई नहीं जानता। लेकिन, कई ऐसे लोग हैं, जो मरकर दोबारा जिंदा हो गए. ऐसे लोग अक्सर मौत के बाद होने वाले अनुभवों के बारे में बताते हैं। इनमें से कोई दावा करता है कि मरने के बाद वो स्वर्ग गया था, जहां अप्सराओं से मिला, तो कोई अपने परिजनों के बीच खुद को पाता है। लेकिन, आज हम आपको एक ऐसे शख्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो मरने के बाद सीधे नर्क पहुंचा। वहां नर्क में इस शख्स ने 8 घंटे गुजारे और फिर दोबारा जिंदा हो गया। अब इस शख्स ने बताया कि मरने के बाद नर्क में वो क्या-क्या देखकर लौटा है। इस शख्स का नाम स्टीव कांग है, जो अमेरिका के लॉस एंजिल्स का रहने वाला है। स्टीव ने खुद की जान लेने की कोशिश की थी। ऐसे में इन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराना पड़ा, लेकिन 8 घंटे बाद ये दोबारा जिंदा हो गए। मरने के बाद स्टीव ने जो अनुभव किया, वह किसी बुरे सपने से कम नहीं था। स्टीव कांग ने बताया कि ऑपरेशन टेबल पर मृत अवस्था में जाने के बाद उन्हें नर्क का एक भयानक दृश्य दिखाई दिया।


# धरती से टकरा सकता है कोस्मोस 484 सोवियत स्पेसक्राफ्ट

**242 किमी की रफ्तार से आ रहा ये यान, जानें भारत को कितना खतरा?**

मॉस्को। सोवियत संघ का पांच दशक पहले लॉन्च किया गया स्पेसक्राफ्ट पृथ्वी पर वापस आ रहा है। कोस्मोस 482 नाम के इस यान को सोवियत संघ ने साल 1972 में लॉन्च किया था। ये मिशन सफल नहीं हुआ और यान पृथ्वी की कक्षा में फंस गया था। अब 53 साल बाद इसके वापस धरती पर गिरने का अंदेशा है। विशेषज्ञों का कहना है कि कोस्मोस 482 यान इसी हफ्ते, 8 से 12 मई के बीच कभी भी पृथ्वी के वातावरण में प्रवेश कर सकता है। भारत के भी कुछ हिस्सों के इसकी जद में आने से एक्सपर्ट ने इनकार नहीं किया है।

### कहां गिरेगा ये यान!


एक्सपर्ट का कहना है कि इस अंतरिक्ष यान के गिरने का संभावित क्षेत्र काफी



बड़ा है। यह 52 डिग्री उत्तरी अक्षांश से 52 डिग्री दक्षिणी अक्षांश के बीच गिर सकता है। इसका मतलब है कि यह अमेरिका, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और यूरोप और एशिया के अधिकांश हिस्सों में कहीं भी गिर सकता है। इसमें भारत और इसके पड़ोसी देश भी हैं। एक्सपर्ट ने कहा है कि इसके आबादी वाले क्षेत्र में गिरने की संभावना बहुत कम और समुद्र में गिरने की संभावना ज्यादा है।


### शुक्र ग्रह का पता लगाने के लिए बनाया था

कोस्मोस 482 एक अंतरिक्ष यान है, जिसे सोवियत संघ ने 1972 में शुक्र ग्रह का पता लगाने के लिए बनाया था। वेनेरा 7 और 8 के शुक्र ग्रह पर सफल लॉन्च के बाद इसका परीक्षण किया गया था। कोस्मोस 482 को ले जाने वाले सोयुज रॉकेट में खराबी के कारण यह स्पेसक्राफ्ट शुक्र ग्रह तक नहीं पहुंच सका और पृथ्वी की कक्षा में ही फंस गया।



### अंतरिक्ष में घूम रहे हैं 50,000 टुकड़े

कोस्मोस 482 अंतरिक्ष में मौजूद एक सेंटीमीटर से बड़े 12 लाख से अधिक टुकड़ों में से है। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, 10 सेंटीमीटर से बड़े करीब 50,000 टुकड़े अंतरिक्ष में घूम रहे हैं। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी की रिपोर्ट कहती है कि मौजूदा समय में औसतन तीन बार पूरे उपग्रह या रॉकेट के हिस्से पृथ्वी के वायुमंडल में वापस आ रहे हैं।



### एक हिस्सा 9 साल बाद आया था वापस

कोस्मोस 482 के लॉन्च होने के तुरंत बाद कई टुकड़ों में टूट गया। इसका मुख्य भाग नौ साल बाद मई, 1981 को पृथ्वी के वायुमंडल में वापस आ गया था लेकिन डिसेंट क्राफ्ट अभी तक अपनी कक्षा में फंसा है। इसके इस हफ्ते धरती पर वापस आने की संभावना है। इसके पृथ्वी से टकराने पर एक्सपर्ट और आम लोगों में चिंता है।

# एलियंस से मिलकर लौटे शख्स का अजीब दावा, जानकर खड़े हो जाएंगे रोंगटे!

न्यूयार्क। दुनिया के अंत को लेकर अक्सर भविष्यवाणियां की जाती रही हैं। कोई एस्टेरॉयड के टकराने से तबाही की बात करता है, तो कोई अन्य वजह से दुनिया के खात्मे का कयास लगाता है। लेकिन, हाल ही में एक ऐसे शख्स का वीडियो सामने आया है, जिसने दो बार एलियंस से मुलाकात की। पहली बार जहां एलियंस ने उसे किडनैप किया था, तो दूसरी बार ये शख्स एलियंस के साथ खुद गया। अमेरिका में इस बात की तब खूब चर्चा भी हुई थी। वैज्ञानिकों ने भी इस मामले में कुछ नहीं कहा था। लेकिन, इस शख्स ने पुराने इंटरव्यू में बताया कि एलियंस ने दुनिया के अंत की बात कही। साथ ही बताया कि कैसे इंसान खुद अपने लिए तबाही लाएंगे, जो रोंगटे खड़े करने वाली है। इस शख्स का नाम कैल्विन पार्कर था, जो अब इस दुनिया में नहीं रहे।कैल्विन अमेरिका के मिसिसिपी के रहने वाले थे। उनके दावे ने लोगों को डरा दिया है। हम आपसे कैल्विन के दावों के बारे में बात करें, उससे पहले उनका एलियंस से कैसे सामना हुआ यह बतला देते हैं।



### दो अजीब यूएफओ आए और किया टेस्ट

बता दें कि 1973 में कैल्विन और हिक्सन ने बताया था कि दो अजीब यूएफओ उनके पास आए और एलियंस ने उनका टेस्ट किया। ये अनुभव इतना डरावना था कि कैल्विन ने सालों तक मुंह नहीं खोला, जबकि हिक्सन अपनी कहानी बताते रहे।

### एलियंस से हुआ था सामना

बात 11 अक्टूबर 1973 की है। मिसिसिपी की पास्कागौला नदी के किनारे खड़े कैल्विन पार्कर की जिंदगी उस वक्त पलट गई, जब उनका एलियंस से सामना हुआ। कैल्विन के साथ वहां पर चार्ल्स हिक्सन और मारिया भी मौजूद थे। इन लोगों ने आसमान से उतरते हुए नीली चमकती लाइट्स और यूएफओ देखे, जो उन्हें अपने साथ ले गए। वापस लौटने के बाद चार्ल्स हिक्सन इस बारे में लगातार बात करते रहे, बाकी दोनों डरे हुए थे। लेकिन, कैल्विन को 19 साल बाद यानी 1992 में लुइसियाना के बाल्डविन में वो एलियंस दोबारा मिले। इंटरव्यू में कैल्विन ने दावा किया कि इस बार वे खुद एलियंस के यूएफओ में गए, जहां एलियंस ने दुनिया और धरती की तबाही को लेकर चौंकाने वाली बात कही। कैल्विन ने दावा किया कि एक एलियन ने बताया कि इंसान अपनी गलतियों से दुनिया को खत्म कर देंगे। हाल ही में लेखक फिलिप मेंटल ने कैल्विन का यह पुराना इंटरव्यू खोजा, जिसमें ये सनसनीखेज खुलासा हुआ। इसने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया।





टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# सबसे प्यारी-सबसे न्यारी मेरी मां

हर बच्चे को अपनी मां बहुत प्यारी होती है। बच्चे उनकी कुछ खास खूबियों की वजह से उन्हें दुनिया की बेस्ट मम्मी मानते हैं। बता रहे हैं कुछ टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट, अपनी मम्मी की ये खूबियां। साथ में यह भी बता रहे हैं कि इस बार मदर्स-डे पर उनकी क्या प्लानिंग है? वे अपनी मम्मी को क्या स्पेशल मैसेज देना चाहेंगे?



## मां मेरी सबसे अच्छी गुरु हैं: आन तिवारी



**सोनी सब** चैनल पर हाल ही में शुरू हुए पौराणिक धारावाहिक 'वीर हनुमान' में आन तिवारी बाल हनुमान की भूमिका निभा रहा है। अपनी भूमिका से उसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर लिया है। आन से यह पूछने पर कि उसकी मां की क्या विशेषता है, वह बताता है, 'मेरी मां में बहुत सारी विशेषताएं हैं, लेकिन सबसे बड़ी विशेषता की बात करूं तो वह है, उनका जबरदस्त आत्मविश्वास, कभी हार न मानना।' इस बार मदर्स-डे सेलिब्रेशन की प्लानिंग के बारे में आन बताता है, 'मेरी मां को गाने सुनना पसंद है और मुझे सिंगिंग। इसलिए मैं मम्मी के लिए एक गाने का रियाज कर रहा हूं, जो मदर्स-डे वाले दिन उन्हें गाकर सुनाऊंगा। जिसे सुनकर मम्मी बहुत खुश होंगी।' इस स्पेशल डे पर आन अपनी मां को क्या खास मैसेज देना चाहेगा, वह बताता है, 'मैं अपने परिवार से दूर रहकर अपनी मां के साथ 'वीर हनुमान' की शूटिंग कर रहा हूं। मां के साथ बिताए हर पल बहुत खास हैं। उनके साथ होने की वजह से ही मैं हर काम आसानी से कर पाता हूं। मैं अपनी मां से यही कहूंगा-आप मेरी सबसे अच्छी गुरु हैं।' *

## वह हमेशा दूसरों के लिए सोचती हैं: जारा वारसी



**एंड टीवी** के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में जारा वारसी हप्पू सिंह की छोटी बेटी चमची का रोल निभा रही है। उसने दर्शकों का दिल जीत रखा है। मदर्स-डे के अवसर पर यह पूछने पर कि वह अपनी मम्मी में क्या-क्या खूबियां देखती है? जारा बताती है, 'मेरी मम्मी की खास बात यह है कि वह अपने लिए नहीं, हमेशा दूसरों के लिए सोचती हैं। फैमिली में हर किसी का ख्याल रखती हैं। मेरी मम्मी मेरी बेस्ट फ्रेंड, टीचर और सुपर वूमेन हैं। यही वजह है कि मैं उन्हें वर्ल्ड की बेस्ट मॉम मानती हूं।' जारा मदर्स-डे सेलिब्रेशन की प्लानिंग के बारे में बताती है, 'मैंने अपने बचपन की फोटोज सेलेक्ट कर छोटा-सा वीडियो बनाया है। साथ ही मैं उनके लिए खुद से ग्रीटिंग कार्ड बना रही हूं।' मदर्स-डे के मौके पर जारा अपनी मम्मी के लिए क्या कोई खास मैसेज देना चाहेगी, पूछने पर बताती है, 'इस मदर्स-डे पर मैं उनसे यही कहना चाहती हूं, मम्मी, आप मेरी सबसे बड़ी आइडियल हैं। मैं चाहती हूं कि जब मैं बड़ी हो जाऊं तो आप मुझ पर गर्व करें। लव यू मम्मा।' *

## मेरी दिली ख्वाहिश है, मम्मी को प्राउड फील कराऊं: वृही कोडवारा



**सोनी सब** के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में वृही कोडवारा, स्वरा का रोल प्ले कर रही है। दर्शक उसके अभिनय से बहुत प्रभावित हैं। अपनी मम्मी की कोई ऐसी खास बात, जो वृही को सबसे ज्यादा अच्छी लगती है, पूछने पर वह बताती है, 'मेरी मम्मी हमेशा मेरी हर छोटी-बड़ी बात ध्यान से सुनती हैं, कभी गुस्सा नहीं करतीं। उनकी प्यारी स्माइल मेरा हर दिन हैप्पी बना देती हैं। मेरी मम्मी वर्ल्ड की बेस्ट मॉम हैं।' मदर्स-डे पर वृही उन्हें कैसे सरप्राइज करेगी? वह बताती है, 'इस दिन मैं मम्मी के लिए एक प्यारा-सा कार्ड बनाऊंगी, उसमें खुद अपने हाथों से मैसेज लिखूंगी। मैं पूरे दिन मम्मी को रेस्ट दूंगी, कोई शरारत नहीं करूंगी।' मदर्स-डे पर वृही अपनी मम्मी को क्या मैसेज देना चाहती है, 'मैं बड़ी होकर मम्मी का हर सपना पूरा करना चाहती हूं। मैं उन्हें प्राउड फील कराऊं, यह मेरी दिली ख्वाहिश है। लव यू मम्मा।' *

## उन्हें वह खुशी दूंगा, जिसकी वे हकदार हैं: अहनफ खत्री



**अहनफ खत्री** जी टीवी के पॉपुलर शो 'कुमकुम भाग्य' में कीर्तन का किरदार निभा रहा है। अपनी मम्मी की खूबियां पूछने पर वह बताता है, 'मेरी मम्मी बहुत अच्छा खाना बनाती हैं। मेरे साथ टाइम स्पेंड करती हैं, जिससे मुझे बहुत अच्छा लगता है। मेरी मम्मी बेस्ट मॉम हैं।' मदर्स-डे को अहनफ किस तरह खास बनाएगा, वह बताता है, 'मैं मम्मी के लिए एक स्पेशल लेटर अपने हाथों से लिखूंगा और उन्हें दूंगा, साथ ही एक ड्रॉइंग भी बनाकर दूंगा। मैं खुद उनका फेवरेट केक बनाऊंगा, क्योंकि उस दिन उनका बर्थ-डे भी है। मम्मी गिफ्ट पाकर बहुत खुश हो जाती हैं, इसलिए मैं उन्हें एक सुंदर-सा गिफ्ट भी दूंगा।' मदर्स-डे पर अहनफ अपनी मम्मी को क्या स्पेशल मैसेज देना चाहेगा, वह बताता है, 'इस दिन मम्मी को यह कहना चाहूंगा कि मैं आपसे बहुत प्यार करता हूं। मम्मी मेरी बहुत केयर करती हैं, स्टडीज में बहुत हेल्प करती हैं। जब मैं बड़ा हो जाऊंगा तो मम्मी को वो सारी खुशी दूंगा, जिसकी वह हकदार हैं। आई लव माय मॉम।' *

प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स

फीलिंग्स / डॉ. मोनिका शर्मा

# अपनी लविंग मॉम को ऐसे कराओ हैप्पी फील



बच्चो, मम्मा हर पल तुम्हारे लिए कितना कुछ करती हैं, है ना! तुम पर अपना खूब सारा प्यार-दुलार बरसाती हैं। तुम्हारी पसंद का टेस्टी खाना बनाती हैं। जब कभी तुम रूठ जाते हो तो तुम्हें प्यार से मनाती हैं। तुम जब बीमार हो जाते हो या तुमको चोट लग जाती है तो रात-रात भर जागती हैं। पढ़ाई में हेल्प करती हैं, तुम्हारे संग खेलती हैं। तुम्हारी बातें पूरे ध्यान से सुनती हैं और मजेदार बातों पर तुम्हारे संग खूब हंसती-खिलखिलाती हैं। जिस तरह तुम्हें अपनी मम्मा से ढेर सारा प्यार, सपोर्ट पाकर अच्छा लगता है, वैसे ही मम्मा भी चाहती हैं कि तुम उनसे खूब सारा प्यार करो, उनकी केयर करो और जरूरत पड़ने पर उनकी हेल्प भी करो। तुमको ऐसा जरूर करना चाहिए। तुम उनको किस-किस तरह से हैप्पी फील करवा सकते हो, यहां बता रहे हैं।

**कहो थैंक यूः** जरा सोचो, मां तुम्हारी पसंद-नापसंद का कितना खयाल रखती हैं। तुमसे पूछकर ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर बनाती हैं। जब वो तुम्हारे लिए फेवरेट डिश बनाएं, तो उनसे जरूर कहो, 'सुनो मेरी प्यारी मां, आज लंच/डिनर बहुत टेस्टी है। थैंक यू!' इसी तरह स्टडी में जब भी मॉम तुम्हारी हेल्प करें तो उनको थैंक यू जरूर कहो, इससे उनको बहुत अच्छा लगेगा।



**मम्मी की पसंद का खयालः** मूवी देखने जाते समय या रेस्टोरेंट में खाना खाते समय क्या तुम मम्मी से उनकी पसंद के बारे में पूछते हो? घर-बाहर कहीं कुछ खाने-पीने से पहले मम्मा को भी प्यार से उनकी पसंद जरूर पूछो। इससे उनको अच्छा फील होगा।

**साथ में बातें करो, हंसो-मुस्कुराओः** जब भी मां फ्री हों, उनसे खूब बातें करो। उनको अपनी हॉबीज, अपने स्कूल रूटीन के बारे में, अपने फ्रेंड्स के बारे में बताओ, हंसो-मुस्कुराओ। यही सब बातें मां को सुकून देती हैं, उन्हें खुश रखती हैं। मां को खुश रखना, उनकी केयर करने का सुंदर तरीका है। जब कभी किसी बात पर वे उदास हों तो उनसे लिपटकर कहो, 'मुस्कुरा दो ना मम्मा!' तुम्हारे ऐसे कहते ही उनका मूड हैप्पी हो जाएगा।

**करो मां की हेल्पः** मां किसी काम में मदद करने के लिए कम ही कहती हैं। लेकिन तुम खुद आगे बढ़कर छोटे-छोटे कामों को करने में मां की मदद करो। तुम अपनी बुक्स और दूसरी चीजों को अरेंज करके या अपने छोटे-मोटे काम खुद करके भी अपनी प्यारी मम्मा की हेल्प कर सकते हो।

**केयरिंग मॉम की केयरः** तुम्हारी केयर करने में मम्मा कोई कमी नहीं छोड़ती हैं। जितना पॉसिबल हो तुम्हें भी उनकी केयर करनी चाहिए। मां घर के सारे काम समय से करने की भाग-दौड़ में लगी रहती हैं। इसीलिए जब कभी भी मां आराम कर रही हो तो उनको डिस्टर्ब ना करना भी एक तरह से उनकी केयर करना ही है। अगर तुम्हारी मॉम वर्किंग हैं, तो ऑफिस से लौटने पर मम्मा को पानी लाकर दो। उन्हें काम से ब्रेक लेकर टाइम पर खाना खाने और आराम करने के लिए कहो। अगर कभी उनका सिर दर्द हो तो उनके माथे पर बाम लगा दो। मां से कहो कि तुम्हें भी उनकी परवाह है। प्यार भरी तुम्हारी ऐसी बातों और बर्ताव से ही मां का मन खुश हो जाएगा। *

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

# सीख देती कहानियां



एक नया कहानी-संग्रह 'मोती की नाराजगी' कुछ समय पहले छपकर आया है। यों इस किताब की लगभग सभी कहानियां, जानवरों की हैं या उनके इर्द-गिर्द की बातों को लेकर। पर इसकी एक कहानी में एक बच्चे का अपने पिता के साथ मेले जाने का किस्सा भी है। किताब के शीर्षक वाली कहानी में मोती कुत्ता अपनी मालकिन से एक गौरैया के कारण नाराज हो जाता है। लेकिन फिर भी गौरैया के बच्चों पर मुसीबत आने पर वह तुरंत उनकी मदद करने आ जाता है। जानवर हमारे किस तरह मददगार होते हैं, यह 'दोस्तों ने जान बचाई' कहानी में पढ़ा जा सकता है। 'गलती की सजा' अपने बड़ों की बात न मानने के परिणाम को दिखाता किस्सा है। इसी तरह 'दावत महंगी पड़ी' एक शैतान कौवे की कहानी है और 'बात समझ में आ गई' शरीर की बनावट के महत्व को बताती है। *

**किताबः** मोती की नाराजगी, **लेखकः** पवन कुमार वर्मा, **चित्रः** दिलीप कुमार, **मूल्यः** 200 रुपए, **प्रकाशकः** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

## हंसगुल्ले



**चिंकी :** तुम आंखें बंद करके चॉकलेट क्यों खा रही हो?
**मिंकी :** क्योंकि कल मम्मी ने मुझसे कहा था कि चॉकलेट की तरफ देखना भी मत!
-हर्षित, रायपुर

**पप्पू :** अगर काली बिल्ली तुम्हारा रास्ता काट दे, तो इसका क्या मतलब है?
**गप्पू :** इसका मतलब है कि काली बिल्ली मुझसे ज्यादा जल्दी में है।
-काव्या, बिलासपुर

**टीचर :** अच्छा बताओ, समांतर रेखाएं (पैरेलल लाइंस) एक-दूसरे को क्यों नहीं काटती हैं?
**रोहन :** सर, क्योंकि उनके दांत नहीं होते हैं।
-आर्यन, रोहतक

## जीके क्विज-153



1. रायपुर (छत्तीसगढ़) में स्थित इंटरनेशनल एयरपोर्ट का क्या नाम है?
2. मध्यप्रदेश के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
3. एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी को किस पद पर नियुक्त किया गया है?
4. इंटरनेशनल फैमिली डे कब मनाया जाता है?
5. भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्यों की संख्या कितनी है?
6. 1857 की क्रांति के दौरान झांसी में क्रांतिकारियों का नेतृत्व किसने किया था?
7. कौन-सा ग्रह सूर्य के सबसे नजदीक परिक्रमा करता है?
8. विश्वप्रसिद्ध पेंटिंग 'मोनालिसा' किसकी कृति है?
9. किस गैस को 'लाफिंग गैस' के नाम से भी जाना जाता है?
10. भारत का सबसे बड़ा रेगिस्तान थार, किस राज्य में स्थित है?

बच्चों, जीके क्विज-153 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-152 का उत्तर :** 1.भूषण रामकृष्ण गवई, 2.झारखंड, 3.धर्मेंद्र प्रधान, 4.भारत और चीन, 5.बिहार, 6.बिहार, 7.स्विट्जरलैंड, 8.डॉ. मदन कटारिया, 9.गुरु नानक देव, 10.भुवनेश्वर

**जीके क्विज-152 का सही उत्तर देने वालेः** सौरभ-बिलासपुर, लाभांश-दुर्ग, नीटू-कोरबा, रमेश-कोरबा, एकता-ईमेल से, कबीर-हिसार, तृप्ति-रायपुर, आदर्श-कोरबा, संगम-रायपुर, दिवाकर-भोपाल, जतिन-रोहतक, कविश-रायगढ़, रतन-दुर्ग, अर्पित-बिलासपुर, हर्ष-बेमेतरा, तान्या-महासमुंद, प्रेम-दुर्ग

ऐसा कोई दिन नहीं होता था, सुबह मम्मी के बिना उठाए मोनू उठ जाए। लेकिन उस दिन वह सुबह खुद ही जल्दी उठ गया। इतना ही नहीं, उसने अपने सभी काम स्वयं किए। मम्मी को कुछ नहीं करना पड़ा। मम्मी को यह देखकर बड़ा अचरज हुआ कि एकाएक मोनू में यह बदलाव आया कैसे? यह बदलाव सिर्फ एक दिन के लिए था या हमेशा के लिए?



कहानी
नागेश पांडेय 'संजय'

# प्रॉमिस

उठो बेटा, मोनू। नहीं तो स्कूल के लिए देर हो जाएगी।' रोज ही जब तक यह रटा-रटाया वाक्य आठ-दस बार मोनू के कानों में नहीं पड़ता, उसकी नींद कहां खुलती है। लेकिन आज न जाने क्या हुआ, मोनू खुद ही उठ गया। उठ ही नहीं गया, बिना कहे सुबह के अपने सारे काम भी निपटाए। मोनू ने अपने कमरे की सफाई की, अपनी स्टडी टेबल साफ की, कॉपी-किताबें बुक शेल्फ में करीने से रखी। अपने कपड़े भी वॉर्डरोब में तहाकर रखे। अपने शूज में पॉलिश की। एक दिन पहले स्कूल के टाइमटेबल के हिसाब से बुक्स और कॉपियां भी बस्ते में रखीं ताकि सुबह हड़बड़ी न रहे। मतलब सारे के सारे काम आज उसने खुद किए।

'क्या हो गया है इसे? यह एकदम इतना बदल कैसे गया?' मन ही मन यह सोचते हुए मम्मी ने टेबल पर नाश्ता लगाया। नाश्ते में मोनू की फेवरेट लौकी की पकौड़ी थी। उसने पहली बार इसे मामा के गांव में खाया था और फिर उसका ऐसा स्वाद चढ़ा कि पनीर की पकौड़ियां भूल गया। लेकिन आज हमेशा की तरह मोनू नाश्ते पर टूट नहीं पड़ा। उसने पहले मम्मी के गले में हाथ डाला। उनके माथे को चूमा फिर बोला, 'मम्मी मुंह खोलो, आ करो..।'

'अरे! मैं अभी थोड़े ही खाऊंगी.. तू खा न।' लेकिन मोनू कहां माना। उसने नाश्ते का पहला कौर मम्मी के मुंह में रख ही दिया और उन्हें प्यार से देखने लगा।

मम्मी भौंचक, 'क्या हुआ है तुझे? मैं सपना देख रही हूं क्या!'

'सपना नहीं, सब सच है मम्मी!' पहले मोनू थोड़ा शर्माया फिर बोला, 'मम्मी, आपको पता है न आज कौन-सा डे है?'

मम्मी तुरंत बोलीं, 'संडे है, और क्या, अच्छा अब समझी। आज स्कूल नहीं जाना है, रेस्ट का दिन है। तभी आज खुद सारा काम कर डाला है।'

'नहीं मम्मी, संडे-वंडे की कोई बात नहीं। आज मदर्स-डे है।' मोनू ने चहकते हुए बताया। 'अच्छा.. अच्छा.. अब समझी! कितना अच्छा हो अगर मदर्स-डे रोज हो तो...।' मोनू ने मम्मी की बात पूरी न होने दी। उनके मुंह पर हाथ रखते हुए अनमना-सा बोला, 'ओह मम्मी! अब मुझे चिढ़ाओ नहीं। आगे से मैं अपना सारा काम खुद ही करूंगा। मैंने संकल्प ले लिया है।'

'गुड.. वेरी गुड!' मम्मी की खुशी का ठिकाना न था। तब तक अंदर से पापा आ गए। एकदम बोल उठे, '...और इसके पास आपके लिए एक गिफ्ट भी है। इसने मुझसे...।' वह यह बोलते-बोलते रुक गए, जैसे कोई चूक हो गई हो। चूक तो हुई ही थी। उन्होंने मोनू से प्रॉमिस किया था कि मम्मी को इस बारे में कुछ नहीं बताएंगे।

'ओह पापा! आपने सारा सरप्राइज बेकार कर दिया।' मोनू रूठ सा गया।

'सॉरी.. सॉरी.. बेटा...!' पापा को अहसास हो गया था कि गलती हुई। मोनू संयत हुआ, बोला, 'नहीं पापा.. प्लीज। अब सॉरी नहीं बोलिए। मैं भी तो आपकी और मम्मी की बताई कितनी बातें भूल जाता हूं। मुझसे भी तो गलती होती है। मुझे तो अपनी गलती का अहसास भी नहीं होता, क्योंकि मोबाइल गेम में ऐसा खो जाता हूं कि मुझसे क्या करने को कहा गया था, इसका भी होश नहीं रहता।'

पापा हंसने लगे। मम्मी ने भी भावुक होकर मोनू को गले से लगा लिया। दोनों के मुख से एक ही बात निकली, 'अरे वाह! यह तो बड़ा समझदार हो गया है।'

'और मम्मी यह समझदारी मुझे मिली इस कहानी से।' कहते हुए मोनू ने अपने बस्ते से एक पत्रिका निकाली और झट से पन्ने पलट कर उसमें छपी कहानी 'सरप्राइज गिफ्ट' उन्हें दिखा दी।

मम्मी की खुशी का ठिकाना न था, वह बोलीं, 'अरे वाह! जो बातें हम तुझे न समझा सके। वह एक कहानी ने समझा दी। लाओ, यह पत्रिका मुझे दे दो। मैं भी यह कहानी पढ़ूंगी।' 'मम्मी यही नहीं, आप बाकी कहानियां भी पढ़ना और रोज मुझे एक-एक कर सुनाना। आप खूब कहानियां पढ़ा करें। मुझे सुनाया और समझाया करें। मैं खुद पढ़ता हूं तो बहुत से कठिन शब्दों के अर्थ समझ में नहीं आते और मैं कहानी बीच में ही छोड़ देता हूं।' मोनू एक सांस में यह सब कह गया। पापा जल्दी से कमरे के अंदर जाकर बाहर आते हुए बोले, 'अरे, जब इतना सब हो ही गया है तो फिर मोनू का गिफ्ट भी आपको दिखा ही देते हैं। देखो, यह तस्वीर मोनू ने बनाई है, इसे अपनी ही पॉकेट मनी से फ्रेम कराने के लिए मुझसे कहा था।'

मम्मी ने लपक कर वह तस्वीर पापा के हाथों से ले ली। मोनू ने मम्मी का प्यारा-सा चित्र बनाया था। नीचे लिखा था, 'मेरी प्यारी मम्मी, हैप्पी-मदर्स-डे। अब मैं आगे से आपकी हर बात मानूंगा, प्रॉमिस।'

मम्मी ने तस्वीर को सीने से लगा लिया और आंखों की गीली हो चुकी कोरों को पोंछने लगीं। *

कविता
सूर्यकुमार पांडेय



## मम्मी का गिफ्ट

है मदर्स-डे आने वाला,
मम्मी को क्या दें उपहार!
बहन और भाई मिल बैठे,
दोनों करने लगे विचार।
गुल्लक, पॉकेटमनी मिलाकर,
रुपए जुड़े तीन सौ चार।
इतने में क्या चीज मिलेगी,
महंगा है सारा बाजार।
छोड़ो, सरप्राइज क्या देना,
हुए एकमत और तैयार।
चलो चलें, मम्मी से पूछें,
गिफ्ट उन्हें क्या दें इस बार!
मम्मी सुनकर हंसीं जोर से,
गिफ्ट तुम्हारा रहा उधार।
ओ मेरी आंखों के तारों,
तुम ही हो मेरा उपहार।
यह ही सुंदर गिफ्ट तुम्हारा
अपनी मां से सच्चा प्यार।
पढ़ो, बढ़ो, खुश रहो लाडलो
जग-मग कर दो यह संसार।

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां दिए गए एक समान दिखने वाले दो चित्रों में मम्मी अपनी प्यारी बिटिया के पास इस इंतजार में बैठी है कि वह गहरी नींद में सो जाए। इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें ये सारे अंतर खोजने हैं, तो देर किस बात की, पांच मिनट में फटाफट अंतर खोजो।



## चित्र पूरा करो

बच्चो, यहां मदर्स-डे से रिलेटेड एक अधूरा चित्र और उसके बगल में कुछ कट-आउट्स दिए गए हैं। तुमको इन कट-आउट्स को सही जगह लगाकर चित्र पूरा करना है।




उत्तर : A-4, B-1, C-2, D-3

भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर हालात अब बेकाबू होते दिख रहे हैं. पहलगाम आतंकी हमले का हिसाब बराबर करने के लिए भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया और पाकिस्तान, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर मिसाइल स्ट्राइक की थी। इसके बाद पाक ने भारत के कुल 15 शहरों पर हमला करने की कोशिश की थी, लेकिन भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के हर हमले को नाकाम कर दिया। भारत ने ये कमाल अपने एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 से किया है, जिसका नाम 'सुदर्शन चक्र' रखा गया है। रूस निर्मित इस डिफेंस सिस्टम की ताकत क्या है, आइए जानते हैं?

# एक बार में 72 मिसाइल छोड़ता है हमारा सुदर्शन चक्र एस-400

## इसी एयर डिफेंस सिस्टम ने फेल किया पाकिस्तान के अटैक | इस एयर सिस्टम को मूव करना है बहुत आसान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने देश के अलग-अलग हिस्सों में इस सिस्टम को तैनात किया है, जो चीन और पाकिस्तान की सीमा से सटे हुए हैं ताकि किसी भी बुरे वक्त में इनका इस्तेमाल किया जा सके। एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम आसमान से घात लगाकर आते हमलावर को पलभर में राख में बदल देता है। एस-400 मिसाइल सिस्टम को दुनिया की सबसे सक्षम मिसाइल प्रणाली माना जाता है। एस-400 एक बार में एक साथ 72 मिसाइल छोड़ सकता है। इसकी सबसे खास बात ये है कि इस एयर डिफेंस सिस्टम को कहीं मूव करना बहुत आसान है क्योंकि इसे 8X8 के ट्रक पर माउंट किया जा सकता है। एस-400 को नाटो द्वारा एसए-21 ग्रोलर लॉन्ग रेंज डिफेंस मिसाइल सिस्टम भी कहा जाता है। माइनस 50 डिग्री से लेकर माइनस 70 डिग्री तक तापमान में काम करने में सक्षम इस मिसाइल को नष्ट कर पाना दुश्मन के लिए बहुत मुश्किल है। क्योंकि इसकी कोई फिक्स पोजीशन नहीं होती। इसलिए इसे आसानी से डिटेक्ट नहीं कर सकते।

**इसे आसानी से नहीं किया जा सकता है डिटेक्ट**



### सिस्टम में रहती हैं 4 मिसाइलें

एस-400 मिसाइल सिस्टम में एक दो नहीं बल्कि पूरी 4 तरह की मिसाइलें होती हैं जिनकी रेंज 40, 100, 200, और 400 किलोमीटर तक होती है। यह सिस्टम 100 से लेकर 40 हजार फीट तक उड़ने वाले हर टारगेट को पहचान कर नष्ट कर सकता है। एस-400 मिसाइल सिस्टम का रडार बहुत अत्याधुनिक और ताकतवर है।

### 300 टारगेट ट्रैक कर सकने में सक्षम

इस सिस्टम की एक ताकत ये भी है कि इसका रडार 600 किलोमीटर तक की रेंज में करीब 300 टारगेट ट्रैक कर सकता है। यह सिस्टम मिसाइल, एयरक्राफ्ट या फिर ड्रोन से हुए किसी भी तरह के हवाई हमले से निपटने में सक्षम है।

### 1967 में रूस ने बनाया था इसे

1967 में रूस ने एस-200 प्रणाली विकसित की. ये एस सीरीज की पहली मिसाइल थी। साल 1978 में एस-300 को विकसित किया गया। एस-400 साल 1990 में ही विकसित कर ली गई थी। साल 1999 में इसकी टेस्टिंग शुरू हुई। इसके बाद 28 अप्रैल 2007 को रूस ने पहली एस-400 मिसाइल सिस्टम को तैनात किया गया, जिसके बाद मार्च 2014 में रूस ने यह एडवांस सिस्टम चीन को दिया। 12 जुलाई 2019 को तुर्की को इस सिस्टम की पहली डिलीवरी कर दी।

# जम्मू-कश्मीर, पंजाब सहित 7 राज्यों के 27 हवाई अड्डे बंद, 430 उड़ानें कैंसिल

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद हाई अलर्ट




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान पर इंडियन एयर स्ट्राइक के बाद देश में हाई अलर्ट है। भारत सरकार ने कई एहतियाती कदम उठाए हैं। हवाई यात्रा, स्कूल और कॉलेज पर असर पड़ा है। सरकार ने जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान सहित 7 राज्यों के 27 एयरपोर्ट्स 10 मई तक बंद कर दिए हैं। अब यहां से कोई फ्लाइट नहीं उड़ेगी। एअर इंडिया, इंडिगो, स्पाइसजेट, एयर इंडिया एक्सप्रेस, आकासा एयर और कुछ विदेशी एयरलाइंस ने 430 नागरिक उड़ानों को रद्द कर दिया है। यह देश की कुल शेड्यूल उड़ानों का 3 प्रतिशत है। पाकिस्तान में भी 147 फ्लाइट्स कैंसिल हुई हैं। बता दें, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारत ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे।

### इन एयरपोर्ट्स को किया गया बंद

जानकारी के मुताबिक, श्रीनगर, जम्मू, लेह, चंडीगढ़, अमृतसर, लुधियाना, पटियाला, बठिंडा, हलवारा, पठानकोट, भुंतर, शिमला, गग्गल, धर्मशाला, किशनगढ़, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, मुंद्रा, जामनगर, राजकोट, पोरबंदर, कांडला, केशोद, भुज, ग्वालियर और हिंडन 27 हवाई अड्डे को बंद कर दिया है। सभी एयरपोर्ट पाकिस्तान बॉर्डर से लगे हुए हैं। MP के ग्वालियर और उत्तर प्रदेश के हिंडन एयरपोर्ट के ऑपरेशन भी बंद किया है।

### कैंसिल पर रिफंड और रिशेड्यूलिंग पर छूट की घोषणा

एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने सैनिक-सशस्त्र बलों से जुड़े लोगों को टिकट कैंसिल पर फुल रिफंड और रिशेड्यूलिंग पर छूट देने की घोषणा की है। दिल्ली एयरपोर्ट ने एडवाइजरी कर कहा- यात्री फ्लाइट का स्टेट्स चेक करने के बाद ही एयरपोर्ट के लिए निकलें।



बार्डर पर सेना दे रही जवाब, इधर, विदेश मंत्री वैश्विक स्तर पर घेर रहे पाकिस्तान को

# यूरोपीय यूनियन, अमेरिका सहित विश्व नेताओं को बताई पाकिस्तान की करतूत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनावपूर्ण हालात के बीच विदेश मंत्री एस. जयशंकर गुरुवार को सक्रिय रूप से विश्व नेताओं के साथ संपर्क में हैं। भारत ने दोहराया है कि वह अपने कदमों में संयम बरत रहा है, लेकिन किसी भी प्रकार की उकसावे की कार्रवाई का 'कड़ा जवाब' दिया जाएगा। यूरोपीय संघ की विदेश और सुरक्षा नीति प्रमुख काजा कैलास के साथ बातचीत में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, 'भारत ने अब तक संयमित और जिम्मेदार रुख अपनाया है। हालांकि, किसी भी तरह की वृद्धि का कड़ा जवाब मिलेगा।' कैलास ने 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले की निंदा करते हुए कहा कि 'आतंकवाद का कोई औचित्य नहीं हो सकता' और यूरोपीय संघ स्थिति को सामान्य करने के लिए सभी पक्षों के साथ काम करेगा। इसके अलावा, जयशंकर ने इटली के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी से भी बातचीत की। उन्होंने अपने समकक्ष से कहा कि भारत का जवाब आतंकवाद के खिलाफ लक्षित और मापा हुआ था। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि हालात बिगड़ते हैं, तो भारत की प्रतिक्रिया और भी सख्त होगी।

### जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री से की बात

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से हाल के कुछ मुद्दों पर बात की है। सूत्रों के अनुसार, भारतीय विदेश मंत्री ने रूबियों को मौजूदा तनाव और पाकिस्तान के भारतीय शहरो में अटैक की भी जानकारी दी है। जयशंकर ने कहा है कि जयशंकर ने कहा है कि भारत का पाकिस्तान के साथ तनाव बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन अगर देश पर सैन्य हमला होता है, तो 'बहुत' मजबूती से जवाब दिया जाएगा। विदेश मंत्री ने कहा कि पहलगाम में हुए 'बर्बर' आतंकवादी हमले ने भारत को 'सीमा पार' स्थित आतंकवादियों के ठिकानों पर बुधवार को हमला करने के लिए मजबूर किया।


## तनाव के बीच भारत पहुंचे ईरान व सउदी के विदेश मंत्री

भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और पीओके के 9 आतंकी ठिकानों पर किए गए हमले के बाद से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। इस सबके बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत का पाकिस्तान के साथ तनाव बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है लेकिन अगर देश पर सैन्य हमला होता है तो बहुत मजबूती से जवाब दिया जाएगा। भारत-पाकिस्तान के बीच तनावग्रस्त माहौल के बीच ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची भारत पहुंचे हैं। जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची के साथ बैठक में यह बात कही। विदेश मंत्री ने कहा कि पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले ने भारत को सीमा पार स्थित आतंकवादियों के ठिकानों पर बुधवार को हमला करने के लिए मजबूर किया।



### जयशंकर से मिले सऊदी के विदेश राज्यमंत्री

इस बीच सऊदी अरब के विदेश राज्यमंत्री अदेल अलीजुबैर अचानक से दिल्ली पहुंचे हैं। सऊदी अरब के मंत्री के इस दौरे को भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। सऊदी अरब के मंत्री ने नई दिल्ली में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से मुलाकात की।



ईयू सुरक्षा नीति प्रमुख काजा कैलास



अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो

# बलोच आर्मी ने उड़ाई पाकिस्तानी सेना की गाड़ी 12 जवानों की हुई मौत



**बीएलए ने वीडियो भी किया जारी**

**बोलन के माच कुंड क्षेत्र में किया बड़ा धमाका**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पहलगाम पर आतंकी हमले के बाद से ही पाकिस्तान के बुरे दिन चल रहे हैं। हमले के बाद से भारत की ओर से कड़ी कार्रवाई करते हुए उस पर कई तरह की पाबंदी लगा दी गई। फिर कल बुधवार को भारतीय सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान को काफी नुकसान पहुंचाया।

अब बलोच ने भी पाकिस्तान को गहरा जख्म दे दिया है। बीएलए ने पाकिस्तानी सेना की गाड़ी पर एलईडी से धमाका कर दिया जिसमें 12 जवानों की मौत हो गई। बलूच लिबरेशन आर्मी के स्पेशल टैक्टिकल ऑपरेशन स्क्वैड (एसटीओएस) ने बोलन के माच कुंड क्षेत्र में एक रिमोट कंट्रोल एलईडी से बड़ा धमाका कर दिया। इस धमाके के जरिए उन्होंने पाकिस्तानी सेना की गाड़ी को निशाना बनाया, जिसमें 12 जवानों की मौत हो गई। यह हमला तब किया गया जब जवान किसी मिलिट्री ऑपरेशन में जा रहे थे।

### धमाके के बाद हवा में उड़ गए सेना के जवान

पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान के कच्छी जिले के माच क्षेत्र में सुरक्षाबल की एक गाड़ी पर घात लगातार एलईडी से हमला किया गया। यह हमला मंगलवार को किया गया था। लेकिन हमले की फुटेज अब सोशल मीडिया पर सामने आई है। फुटेज में दिख रहा है कि धमाके के बाद गाड़ी में सवार जवान कई मीटर तक हवा में उड़ गए। जवानों के चिथड़े भी हो गए। हमले और जवानों की बात पाकिस्तानी सेना ने भी कबूली है।

# भारत की कार्रवाई से पाक में हड़कंप, आर्मी चीफ असीम मुनीर को हटाया!

## सूत्रों के अनुसार हिरासत में लिया गया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की कार्रवाई से पाकिस्तान में हड़कंप मचा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान की सरकार ने आर्मी चीफ को हटा दिया है और उन्हें हिरासत में भी ले लिया गया है। असीम मुनीर पर अपना व्यक्तिगत एजेंडा चलाने का आरोप लगा है। सैयद असीम मुनीर अहमद शाह पाकिस्तान का सेना प्रमुख था और वह लगातार भारत के खिलाफ जहर उगल रहा था। साल 2022 से ही वह पाकिस्तानी सेना के 11वें सेना प्रमुख के रूप में काम कर रहा था। सेना प्रमुख बनने से पहले वह क्वार्टरमास्टर जनरल के रूप में GHQ में तैनात था। पाकिस्तान में सामान्य तौर पर आर्मी चीफ की नियुक्ति 3 साल के लिए होती है, इस हिसाब से आसिम मुनीर का कार्यकाल नवंबर में खत्म होने वाला था लेकिन कानून में बदलाव कर 3 साल से बढ़ाकर 5 साल कर दिया गया। इसके बाद आसिम मुनीर का कार्यकाल नवंबर 2027 तक के लिए था लेकिन खबरों की मानें तो उन्हें अब हिरासत में ले लिया गया है। पाकिस्तान को अब नया सेना प्रमुख मिल सकता है।



## एयरपोर्ट पर मुस्तैद जवान...




*अहमदाबाद। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच गुरुवार सुरक्षा बढ़ाए जाने के बाद, अहमदाबाद, गुजरात में सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर निगरानी रखते हुए सुरक्षाकर्मी।*

पिछले महीने आईएसआई और हमास की हुई थी पीओके में मुलाकात

# आतंकी संगठन हमास की स्टाइल में पाक ने किया है हमला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाया पाकिस्तान अब हमास आतंकी समूह की स्टाइल में भारत पर हमले कर रहा है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तानी हमले के बाद जम्मू के आसमान में जो नजारा था, वह इजरायल-हमास युद्ध के नजारे जैसा था। रक्षा सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की है कि पिछले महीने पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और हमास के लोग मिले थे। बौखलाए पाकिस्तान ने गुरुवार शाम जम्मू से लेकर जैसलमेर तक पाकिस्तान से सटे इलाकों में ड्रोन, रॉकेट और मिसाइलें दागीं, जिसे भारतीय सुरक्षा बलों ने नाकाम कर दिया है।



**जम्मू के दृश्य इजरायल की दिला रहे याद** : रक्षा सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान की तरफ से किए गए हमले के बाद जम्मू, सांबा और अन्य क्षेत्रों के आसमान में जो दृश्य दिखा, वह दृश्य बिल्कुल इजरायल पर हमास शैली के हमले की याद दिलाते हैं। सूत्रों ने कहा कि ऐसा लगा कि कई कई सस्ते रॉकेट दागे गए हों। रक्षा सूत्रों ने कहा कि इस तरह के हमले के बाद यह आंकलन किया गया है कि पाक सेना एक आतंकवादी संगठन हमास की तरह काम कर रही है और व्यवहार कर रही है।

## आतंकियों के साथ गहरे गठजोड़

पाकिस्तान लगातार झूठ बोलता आया है कि वो आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करता है। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तानी सेना और आतंकवादियों के बीच गहरे गठजोड़ की पोल खोलकर रख दी है। भारत के एयरस्ट्राइक ऑपरेशन सिंदूर में मारे गये लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी के जनाके में पाकिस्तानी फौज के कई अधिकारी पहुंचे। जिससे पता चलता है कि पाकिस्तान आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर कैसे दुनिया को झांसा देता आया है।

### 2012 का डोजियर

2012 में एक अमेरिकी डोजियर में कहा गया था कि पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने लश्कर-ए-तैयबा को एक धार्मिक संस्था बताकर करोड़ों रुपये का सरकारी फंड जारी किया था। पंजाब प्रांत ने ये मदद तब की थी, जब लश्कर को यूनाइटेड नेशंस ने आतंकवादी संगठन की लिस्ट में डाल दिया था। भारत का हमेशा से कहना रहा है कि पाकिस्तान की सरकार और सेना ही आतंकवादियों को भारत के खिलाफ आतंकी हमलों को अंजाम देने के लिए तैयार करती है।

# पाक के समर्थन में अल-कायदा भारत में दी 'जिहाद की धमकी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकी संगठन अल-कायदा की भारतीय उपमहाद्वीप शाखा (एक्यूआईएस) ने एक बयान जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि पाकिस्तान पर भारत के हमले का जवाब दिया जाएगा। यह बयान अस-सहाब मीडिया के ज़रिए सामने आया है। बयान में कहा गया है, '6 मई 2025 की रात को भारत की 'भगवा सरकार' ने पाकिस्तान में छह जगहों पर हमला किया। खासकर मस्जिदों और बस्तियों को निशाना बनाया। इसमें कई मुसलमान शहीद और घायल हुए। हम अल्लाह के हैं और उसी की ओर लौटेंगे।

# लगातार आगे बढ़ती रहेगी भारत की अर्थव्यवस्था, अमेरिका-चीन रह जाएंगे पीछे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कोटक अल्टरनेट एसेट मैनेजर्स की एक रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है कि आने वाले महीनों में दुनिया की इकोनॉमिक ग्रोथ में कमी आने वाली है। अमेरिका और चीन जैसी बड़ी अर्थव्यवस्थाएं भी मंदी का शिकार हो सकती हैं।

- आने वाले महीनों में दुनिया की अर्थव्यवस्था वृद्धि में कमी आने वाली है

रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 90 बेसिस पॉइंट की गिरावट आने की संभावना है, जबकि चीन की ग्रोथ में 60 बेसिस पॉइंट्स की कमी आ सकती है। हालांकि, इसके विपरीत भारत के सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति को बनाए रखने की संभावना है।

## कोटक अल्टरनेट एसेट मैनेजर्स की रिपोर्ट में खुलासा

### देश का विनिर्माण सेक्टर हुआ मजबूत

भारतीय अर्थव्यवस्था की इस मजबूती के बीच उसकी तेज होती मैन्युफैक्चरिंग एक्टिविटी है। भारत अपनी विनिर्माण क्षमता पर फोकस कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, देश की परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) नंबर लगातार तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, जो इसे दुनिया के कई दूसरे देशों से अलग रखता है। कई दूसरे पैमानों से मिले-जुले संकेतों के मिलने के बावजूद भारत का व्यापक आर्थिक परिदृश्य स्वस्थ बना हुआ है। इस बीच कर्ज में भी कमी आई है और सरकारी खर्च भी कुछ कम हुआ है, जिससे अर्थव्यवस्था को सहारा मिल रहा है।



### मानसून में अधिक बारिश से भी मिलेगी मदद

गौरतलब है कि इस साल देश में मानसून में सामान्य से ज्यादा बारिश का अनुमान लगाया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की मांगों में वृद्धि होने और महंगाई में कमी आने की संभावना है। इससे देश के एग्रीकल्चर सेक्टर को वक्त पर मदद मिल सकेगी।

### भारतीय शेयर बाजार का जोरदार कमबैक

रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि भले ही वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही की आय उम्मीद से कम रही हो और पाकिस्तान के साथ भू-राजनीतिक तनाव बढ़ रहा हो, लेकिन भारतीय शेयर बाजार ने हालिया गिरावट के बाद जोरदार वापसी की है। घरेलू निवेशक भारतीय शेयरों पर जमकर पैसा लगा रहे हैं। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) भी लगातार दूसरे महीने जमकर खरीदारी कर रहे हैं। हालांकि, रिपोर्ट में इस बात की भी चेतावनी दी गई है कि जारी भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण निकट भविष्य में बाजार अस्थिर रह सकता है।

## खबर संक्षेप

### टाटा केमिकल्स को 67 करोड़ रुपए का घाटा



**नई दिल्ली।** टाटा केमिकल्स को मार्च में समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 67 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है। एक साल पहले की अवधि में कंपनी को 818 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। कुल आय मामूली घटकर 3,551 करोड़ रुपये रह गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 3,589 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कंपनी का शुद्ध मुनाफा पिछले वर्ष के 449 करोड़ रुपये से घटकर 354 करोड़ रुपये रह गया। कुल आय भी पिछले वित्त वर्ष के 15,707 करोड़ रुपये से घटकर 15,112 करोड़ रुपये रह गई। परिणामों पर टिप्पणी करते हुए, टाटा केमिकल्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आर. मुकुंदन ने कहा, 'भारत में वृद्धि जारी रहने के बावजूद बाजार की स्थितियां चुनौतीपूर्ण बनी हुई हैं।

### ब्लू स्टार के मार्च तिमाही लाभ में 21 फीसदी वृद्धि

**नई दिल्ली।** घरेलू एयर कंडीशनर (एसी) कंपनी ब्लू स्टार लिमिटेड का मार्च तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 21 प्रतिशत बढ़कर 194 करोड़ रुपये हो गया है। राजस्व बढ़ने से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 159.71 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। कंपनी की कुल आय चौथी तिमाही में बढ़कर 4,042.95 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 3,340.16 करोड़ रुपये थी। तिमाही के दौरान कंपनी खर्च भी बढ़कर 3,793.73 करोड़ रुपये हो गया।

## स्टारलिंक को दूरसंचार विभाग ने दी मंजूरी

# मस्क की स्टारलिंक को मिला आशय पत्र भारत में उपग्रह संचार सेवाओं का रास्ता खुला

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

*अमेरिका के अरबपति उद्योगपति एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक ने दूरसंचार विभाग से मंजूरी मिलने के बाद भारत में उपग्रह संचार सेवाएं मुहैया कराने की ओर एक और कदम बढ़ाया है। उच्चपदस्थ सूत्रों ने बताया कि स्टारलिंक को उपग्रह संचार सेवाओं के लिए आशय पत्रजारी कर दिया गया है। हालांकि, परिचालन शुरू करने से पहले उसे अभी लाइसेंस हासिल करना होगा।*

स्टारलिंक एक उपग्रह इंटरनेट सेवा प्रदाता है। एयरोस्पेस विनिर्माता एवं अंतरिक्ष परिवहन कंपनी स्पेसएक्स द्वारा 2002 में इसकी स्थापना की गई थी। यह उपग्रह प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर दुनिया भर में उच्च-गति, कम-बाधा वाली ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवा प्रदान करती है।

### स्टारलिंक का जियो व एयरटेल से इंटरनेट पहुंचाने समझौता

कंपनी ने भारत में अपने ग्राहकों तक स्टारलिंक का उच्च गति वाला इंटरनेट पहुंचाने के लिए शीर्ष दो दूरसंचार कंपनियों रिलायंस जियो और भारती एयरटेल के साथ समझौता किया है। पारंपरिक उपग्रह सेवाओं के उलट स्टारलिंक पृथ्वी की सतह के अपेक्षाकृत सबसे करीब निम्न पृथ्वी कक्षा या एलईओ उपग्रहों (पृथ्वी से 550 किलोमीटर ऊपर) का इस्तेमाल करती हैं।

### उपग्रह की संख्या अभी 7000

पारंपरिक उपग्रह सेवाएं आमतौर पर भूस्थिर उपग्रह पर निर्भर करती हैं। एलईओ उपग्रहों की संख्या अभी 7,000 है जो बढ़कर 40,000 से अधिक हो जाएगी।स्टारलिंक का उपग्रह इंटरनेट स्ट्रीमिंग, ऑनलाइन गेमिंग और वीडियो कॉलिंग के लिए सेवाएं प्रदान करने में सक्षम है।



- संचार सेवाओं के लिए आशय पत्र जारी कर दिया गया
- परिचालन से पहले अभी लाइसेंस हासिल करना होगा
- स्टारलिंक एक उपग्रह इंटरनेट सेवा प्रदाता है

*डाउनलोड गति 200 एमबीपीएस तक : डाउनलोड की गति आमतौर पर 50 से 150 एमबीपीएस के बीच होती है, कभी-कभी यह 200 एमबीपीएस तक भी पहुंच जाती है। अधिकतर उपयोगकर्ता 100 एमबीपीएस से अधिक की गति का अनुभव करते हैं। स्टारलिंक तेजी से विस्तार कर रही है।*

*आसमान से ब्रॉडबैंड : स्टारलिंक उपग्रह 'आसमान से ब्रॉडबैंड' पहुंचाने के लिए जमीनी स्टेशन और उपयोगकर्ता टर्मिनल के साथ सामंजस्य स्थापित करते हैं।*

### आपदा के समय महत्वपूर्ण साबित हुई सेवाएं

अभी उत्तरी अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और एशिया, दक्षिण अमेरिका तथा अफ्रीका के कुछ हिस्सों सहित कई क्षेत्रों में यह सेवाएं मुहैया करा रही है। प्राकृतिक आपदाओं और संघर्षों के दौरान यह अक्सर महत्वपूर्ण साबित हुआ है। यूक्रेन और उसकी सेना को स्टारलिंक द्वारा प्रदान की जाने वाली रणनीतिक इंटरनेट सेवाएं इसका एक उदाहरण है।

### 100 से अधिक देशों में फैली है सेवाएं

स्पेसएक्स ने 2024 में तूफान हेलेन और मिल्टन से प्रभावित क्षेत्रों के लिए अपनी स्टारलिंक ब्रॉडबैंड सेवाएं मुफ्त में मुहैया कराई थी। स्टारलिंक की सेवाएं आज 100 से अधिक देशों में फैली हुई हैं। अब कंपनी की नजर भारत के आकर्षक सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवा बाजार पर है। फिक्की-ईवाई की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 2022 के 8.4 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2033 तक 44 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

### बिना किसी बाधा के सेवाएं देने में सक्षम

*यह अत्यधिक ठंड, गर्मी, ओलावृष्टि, भारी बारिश और यहां तक कि आंधी के समय एवं दूरदराज इलाकों में बिना किसी बाधा के सेवाएं मुहैया कराने में भी सक्षम है। यह खासतौर पर ग्रामीण और उन इलाकों के लिए उपयुक्त है, जहां फाइबर या केबल जैसे पारंपरिक इंटरनेट माध्यम नहीं पहुंच पाए हैं।*

## सैमसंग ने 2024 में 10,000 करोड़ रुपए के टीवी बेचे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- कंपनी ने इस साल दहाई अंक में वृद्धि का लक्ष्य रखा

उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माता सैमसंग ने भारतीय बाजार में टेलीविजन की बिक्री 2024 में 10,000 करोड़ रुपये के पार हो जाने के बाद इस साल दहाई अंक में वृद्धि का लक्ष्य रखा है। कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सैमसंग का मानना है कि बड़े स्क्रीन (55 इंच एवं उससे बड़े) वाले टीवी और कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी से लैस नए फीचर की मांग बढ़ने से यह वृद्धि संभव हो सकेगी। सैमसंग में वरिष्ठ निदेशक विपलेश डांग ने कहा कि भारतीय टीवी बाजार के लगभग एक-तिहाई हिस्से पर काबिज होना है, जिसमें प्रीमियम खंड सबसे तेजी से बढ़ रहा है। 2024 टीवी उद्योग के लिए चुनौतीपूर्ण रहा, जिसमें बिक्री में गिरावट आई लेकिन सैमसंग को सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं और हमें बाजार की वृद्धि से आगे निकल जाने की उम्मीद है। मूल्य के लिहाज से हमने 10,000 करोड़ रुपये का कारोबार किया और हम इस मुकाम को हासिल करने वाले इकलौते ब्रांड रहे।

### 55 इंच से बड़े टीवी की मांग अधिक

काउंटरपॉइंट रिसर्च के मुताबिक, वर्ष 2024 में 55 इंच और उससे बड़े स्क्रीन वाले टीवी सेट की बिक्री बढ़ी और सैमसंग नौ प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ बाजार में अग्रणी रही है। वर्ष 2025 में बाजार के मामूली दर से बढ़ने की उम्मीद है लेकिन प्रीमियम उपकरणों की मांग महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## पतंजलि विश्वविद्यालय आईकेएस केंद्र के साथ मिलकर काम करेगा



**हरिद्वार।** भारत के प्राचीन गौरवमयी ज्ञान परम्परा के संरक्षण के लिए संकल्पित सर्वश्रेष्ठ शोध संस्थान पतंजलि विश्वविद्यालय व पतंजलि रिसर्च फाउण्डेशन एवं भारतीय ज्ञान प्रणाली प्रभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के मध्य परस्पर सहयोग एवं शैक्षणिक समन्वय हेतु एक एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर हुए। समझौता ज्ञापन पर पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण तथा भारतीय ज्ञान प्रणाली की कार्यान्वयन समिति व नैक कार्यकारी समिति के अध्यक्ष प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धि ने हस्ताक्षर किए।

इस कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि उक्त एमओयू के माध्यम से आईकेएस प्रभाग के अंतर्गत विविध विषयों पर अनुसंधान, प्रशिक्षण, कार्यशाला व सम्मेलन आदि के आयोजन हेतु पतंजलि विश्वविद्यालय को आईकेएस केंद्र के रूप में मान्यता दी जा सकेगी। साथ ही पतंजलि विश्वविद्यालय और इसके संबद्ध शोध संस्थान पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन द्वारा भारतीय ज्ञान प्रणाली पर किए जा रहे विद्वत्तापूर्ण कार्यों के प्रकाशन और प्रसार के लिए एक संयुक्त परियोजना भी प्रारंभ की जा सकेगी।आचार्य जी ने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय और पीआरएफटी इस कार्य के निष्पादन में अपनी वैज्ञानिक जनशक्ति का प्रयोग करेंगे। आईकेएस प्रभाग भारतीय इतिहास को समर्पित एक संग्रहालय की स्थापना पर पतंजलि विश्वविद्यालय, आईकेएस केंद्र के साथ मिलकर काम करेगा, जिसमें न केवल पुरातात्विक कलाकृतियाँ शामिल होंगी, बल्कि ऐतिहासिक ज्ञान, वैज्ञानिक साक्ष्य और भारतीय ज्ञान प्रणाली का व्यापक प्रतिनिधित्व भी होगा। उन्होंने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय भारत के प्राचीन ज्ञान और ज्ञान के दस्तावेजीकरण और संरक्षण पर आईकेएस प्रभाग की परियोजनाओं में सहयोग करेगा, जिसमें अनुष्ठान, संगीत, पांडुलिपियां, प्राचीन सभ्यता, सामाजिक-आर्थिक पहलू, भाषाएं, चिकित्सा और उपचार पद्धतियां, शासन पद्धतियां, रक्षा प्रणाली, प्राकृतिक आपदाओं- बाढ़, सूखा आदि से निपटने के लिए स्वदेशी तरीके शामिल हैं।

## सीमा पर तनाव गहराने से शेयर बाजार में बिकवाली, सेंसेक्स 412 अंक फिसला

एजेंसी ▸▸ मुंबई

भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच कारोबार के आखिरी घंटे में तगड़ी बिकवाली होने से बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार के मानक सूचकांक सेंसेक्स में करीब 412 अंक की गिरावट आई जबकि निफ्टी 140 अंक फिसल गया। अंतिम घंटे में बिकवाली का जोर रहने से यह तेजी से नीचे आ गया। देश के कुछ सीमावर्ती शहरों को पाकिस्तान द्वारा निशाना बनाने की नाकाम कोशिश की खबर सामने आते ही बिकवाली तेज हो गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 411.97 अंक गिरकर 80,334.81 अंक पर बंद हुआ और इसके 23 शेयर नुकसान में रहे। सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला था और लिवाली से एक समय 80,927.99 अंक के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। कारोबार बंद होने से एक घंटा पहले के सत्र में यह 759.17 अंक लुढ़क कर 79,987.61 अंक के निचले स्तर पर आ गया था। निफ्टी भी 140.60 अंक यानी 0.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,273.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 264.2 अंक गिरकर 24,150.20 अंक पर आ गया था। सीमा पर तनाव गहराने का असर शेयर बाजार पर पड़ा और सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, पावर ग्रिड और भारतीय स्टेट बैंक समेत 23 शेयरों में गिरावट रही।

- आखिरी घंटे में तगड़ी बिकवाली से सूचकांक नीचे आया
- पहले बाजार में एक दायरे में काम हो रहा था


## वोल्टास का मुनाफा चौथी तिमाही में दोगुना से ज्यादा

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बनाने वाली कंपनी वोल्टास ने बताया कि बीते वित्त वर्ष 2024-25 की मार्च तिमाही में उसका शुद्ध लाभ दोगुने से ज्यादा होकर 236 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि उसने इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में 111 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। समीक्षाधीन तिमाही में वोल्टास की कुल आय सालाना आधार पर 4,257 करोड़ रुपये से बढ़कर 4,847 करोड़ रुपये हो गई। वित्त वर्ष 2024-25 में टाटा समूह की कंपनी का शुद्ध लाभ कई गुना बढ़कर 834 करोड़ रुपये हो गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 248 करोड़ रुपये था। कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए एक रुपये अंकित मूल्य वाले शेयर पर सात रुपये के लाभांश की सिफारिश की है।

## पीएनबी के लाभ में 52 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक का बीते वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 52 प्रतिशत उछलकर 4,567 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वर्ष की चौथी तिमाही में बैंक ने 3,010 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था। बैंक की कुल आय बढ़कर 36,705 करोड़ रुपये हो गई जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में यह 32,361 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में बैंक की ब्याज आय 31,989 करोड़ रुपये रही, जो एक साल पहले की समान अवधि में 28,113 करोड़ रुपये थी।

## कोल इंडिया का शुद्ध लाभ 12% बढ़कर 9,604 करोड़



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का जनवरी-मार्च में समाप्त चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 12 प्रतिशत बढ़कर 9,604.02 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 8,572.14 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा कमाया था। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 41,761.76 करोड़ रुपये और व्यय बढ़कर 29,057.30 करोड़ रुपये हो गया। सीआईएल की घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है। कोल इंडिया का कोयला उत्पादन अप्रैल में 6.21 करोड़ टन पर लगभग सपाट रहा।


**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्र.04/न.पा.नि./जोन क्रमांक-7/लो.नि.वि./2024-25 दिनांक 08/05/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु फार्म-A में मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाखों में) | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 58 प्रा. शाला खमतराई में दीर्घ मरम्मत कार्य। | 05.00 | 30/05/2025 |
| 2 | वार्ड क्र. 58 प्रा. शाला खमतराई में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | 08.07 | 30/05/2025 |
| 3 | वार्ड क्र. 52 सामुदायिक भवन में परिवर्तन एवं परिवर्धन कार्य। श्याम नगर लिंगियाडीह | 04.00 | 30/05/2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही विभागीय वेबसाईट www.bilaspurnagernigam.com से डाउनलोड की जा सकती है।

सम्पत्तिकर दुकान किराया एवं पानी बिल का भुगतान ऑनलाईन nigambilaspur.com/ptis पर किया जाता है

कार्यपालन अभियंता
जोन क्र.07
न.पा.नि., बिलासपुर (छ.ग.)



**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**
**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र.1417/विद्युत/2025 दिनांक 02.05.2025

नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा लोक निर्माण विभाग, छ.रा.वि. मडल एवं छत्तीसगढ़ अनुज्ञापन मंडल (विद्युत) में उचित श्रेणी में विद्युतीकरण कार्य हेतु पंजीकृत / लाईसेंसी ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिक निगम क्षेत्रान्तर्गत समस्त विद्युत कार्यो हेतु वार्षिक दर निर्धारण। (निगम मद) (प्रथम निविदा) | 100.00 | 26.05.2025 (T.No. 167818) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in एवं www.korba.urbanecg.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)



**कार्यालय नगर पंचायत जनकपुर, जिला- मनेन्द्रगढ़ - चिरमिरी - भरतपुर (छ.ग.)**

क्रमांक / 96 / लो.नि.वि./ न.प. / 2025-26 जनकपुर, दिनांक 08/05/2025

**विस्तृत मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजियन प्रणाली अतंर्गत एवं सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो / सप्लायरो से निम्नलिखित कार्य हेतु मैन्युअल पद्धति द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य/ सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | C.G. PWD building SOR 2015 संबंधित नाली निर्माण/ मरम्मत निर्माण कार्य वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक (वर्ष 2025-26) | 10.0 | 30.05.2025 |
| 2 | C.G. PWD building SOR 2015 संबंधित भवन निर्माण / मरम्मत कार्य वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक (वर्ष 2025-26) | 10.0 | |
| 3 | C.G. PWD ROAD SOR 2015 संबंधित निर्माण/ मरम्मत कार्य। वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक (वर्ष 2025-26) | 10.0 | |
| 4 | C.G. PHE SOR 2020 संबंधित कार्य ((वर्ष 2025-26) | 10.0 | |
| 5 | C.G. PWD E&M SOR 2020 संबंधित कार्य (वर्ष 2025-26) | 10.0 | |
| 6 | हैण्डपम्प मरम्मत व्यवस्था हेतु सामग्री प्रदाय आई.एस.आई./ आई.एस.ओ. मार्क (सूची अनुसार) | 10.0 | |
| 7 | स्वच्छता व्यवस्था हेतु सामग्री प्रदाय आई.एस.आई./ आई.एस.ओ. मार्क (सूची अनुसार) | 10.0 | |
| 8 | विद्युत व्यवस्था हेतु सामग्री प्रदाय आई.एस.आई./ आई.एस.ओ. मार्क (सूची अनुसार) | 10.0 | |
| 9 | कार्यालयीन कार्य हेतु स्टेशनरी सामग्री प्रदाय (सूची अनुसार) | 2.00 | |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट WWW.uad.cg.gov.in पर अथ्वा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्यनगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत जनकपुर
जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पंचायत नया बाराद्वार, जिला सक्ती (छ.ग.)**

क्र./162/मु.न.अ./ लो.नि.वि./ 2025-26
नया बाराद्वार दिनाँक 08/05/2025

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत नया बाराद्वार द्वारा जारी कार्यालयीन मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 82/ लो.नि.वि./न.पं./ 2025-26, नया बाराद्वार, दिनांक 16.04.2025 द्वारा ग्रुप क्र. 1 से 6 के संबंध में निविदा जारी की गई थी, उक्त कार्यों को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।
सूचना जाने।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत नया बाराद्वार



**छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड**
**सेक्टर 24, ब्लाक नम्बर 7, ए द्वितीय तल, मुख्यालय अटल नगर, नवा रायपुर**

क्र./ लेखा/कैश एवं बैंकिंग / 2025-26/39
नवा रायपुर, दिनांक 06.05.2025

**// साख सीमा सुविधा प्राप्ति हेतु निविदा सूचना //**

छ.ग. राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वितरित किये जाने हेतु चावल उपार्जन एवं इसके प्रासंगिक व्ययो तथा अनुषांगिक जिन्सों को क्रय करने हेतु छ.ग. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पो. लिमि. को खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के कार्यशील पूंजी हेतु कुल राशि 5000 करोड़ (पाँच हजार करोड़ रूपए मात्र) की साख सीमा के लिये भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 की अनुसूची-दो के भाग 'ए' तथा 'बी' में सूचीबद्ध राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंको से प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है।

| | | |
|---|---|---|
| Bid Start Date | 09.05.2025 | 11.00 AM |
| Bid Due Date | 09.06.2025 | 02.00 PM |
| Bid Open Date from | 09.06.2025 | 04.00 PM |

प्रस्ताव के शर्तों एवं विस्तृत जानकारी के लिये निगम मुख्यालय में कार्यालयीन समय पर संपर्क किया जा सकता है अथवा छ.ग. शासन की वेबसाइट www.cgstate.gov.in पर अवलोकन किया जा सकता है।

(प्रबंध संचालक द्वारा अनुमोदित)
कार्यपालन संचालक (वित्त)
मुख्यालय रायपुर



**IndianOil**
CIN-L23201MH1959GOI011388

विपणन प्रभाग — मध्य प्रदेश राज्य कार्यालय

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (विपणन प्रभाग), मध्य प्रदेश राज्य कार्यालय को मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्यों में स्थित भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर एवं रायपुर डिवीजनल कार्यालयों हेतु भूमि / अधोसंरचना (मुख्यतः पेट्रोल पंपों) के मूल्यांकन के लिए एक पैनल के रूप में सरकारी मान्यता प्राप्त मूल्यांकनकर्ताओं की आवश्यकता है। एक मूल्यांकनकर्ता अधिकतम तीन डिवीजनल कार्यालयों के अंतर्गत पैनल में सम्मिलित होने हेतु आवेदन कर सकता है।

प्रतिष्ठित सरकारी मान्यता प्राप्त मूल्यांकनकर्ताओं से अनुरोध है कि वे वेबसाइट पर उल्लिखित पूर्ण विवरण सहित अपना आवेदन बंद लिफाफे में **"सरकारी मान्यता प्राप्त मूल्यांकनकर्ताओं के पैनल में सम्मिलित होने हेतु आवेदन - (डिवीजनल कार्यालय का नाम - जैसे भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, रायपुर)"** शीर्षक के साथ 10.06.2025 को शाम 5:00 बजे तक निम्नलिखित पते पर जमा करें:

**महाप्रबंधक प्रभारी (आरएस), इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, मध्य प्रदेश राज्य कार्यालय, इंडियन ऑयल भवन, 16, अरेरा हिल्स, जेल रोड, भोपाल - 462011 (म.प्र.), फोन नंबर: 0755-2524712**

विस्तृत विज्ञापन वेबसाइट https://www.iocl.com/pages/ro-ksk-dealerships-overview पर उपलब्ध है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### शिवनाथ में फर्जी...

राउरकेला से पकड़ा गया। यह पूरी वारदात हाई-प्रोफाइल स्टाइल में अंजाम दी गई थी। पीड़ित महिला की शिकायत पर भिलाई में मामला दर्ज हुआ था। अब जीआरपी आरोपियों से जुड़ी अन्य घटनाओं की भी जांच में जुटी है। **सीसीटीवी से लेकर खंगाले गए रिजर्वेशन चार्ट** -ट्रेन में 65 लाख की अब तक के सबसे बड़ी चोरी थी। चोरी के इस हाई-प्रोफाइल मामले को सुलझाने के लिए रेल एसपी के निर्देश पर जीआरपी टीम ने 4 टीम बनाई थी। गोंदिया से भाटापारा तक के रेलवे स्टेशनों का टावर डंप निकाला और 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। इस दौरान स्टेशनों और उनके आसपास के होटलों में सघन जांच की गई। घटना वाले दिन का रिजर्वेशन चार्ट लेकर यात्रियों का मिलान किया गया। जांच के दौरान कुछ संदिग्ध मोबाइल नंबरों का पता चला, जिनकी लोकेशन ट्रेन के समय में रायपुर स्टेशन पर मिली। लोकेशन आगे बढ़ते हुए महासमुंद, बरगढ़ होते हुए राउरकेला तक ट्रेस की गई। इस तकनीकी जांच के आधार पर संदिग्धों की पहचान कर उन पर साइबर टीम ने लगातार नजर रखी। अंततः अब्दुल मन्नार को ट्रेन से और संतोष राव को राउरकेला से पकड़ा गया। पूछताछ में अपराध कबूल करते हुए वारदात की पूरी जानकारी दी।

### फर्जी पहचान से...

लेडीज पर्स और अन्य कीमती सामान चुरा लेते थे। चोरी के बाद चालाकी से मोबाइल और पर्स ट्रेन के बाहर फेंक देते थे, जिससे पहचान या ट्रैकिंग न हो सके। एसी कोच में लगे पर्दे उन्हें छिपने और आसानी से वारदात को अंजाम देने में मदद करते थे। पूछताछ में दोनों ने कबूला कि वे पिछले काफी समय से इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। उनकी कॉल डिटेल और टिकट बुकिंग हिस्ट्री ने भी इस नेटवर्क की पुष्टि कर दी।

### मिस्टर इंदिरा आवास...

कराई गई तो भिन्न-भिन्न लोगों द्वारा अंगूठा लगाकर राशि निकालना पाया गया। शासकीय खाते में अंगूठा लगाकर फर्जी तरीके से 19.22 करोड़ का लेन-देन करने का खुलासा हुआ है। अधिकारियों ने राशि आहरण करने की अनुमति तक नहीं दी है। मिस्टर इंदिरा आवास के खाते में किसानों के केसीसी खाते से राशि अंतरण की है। खास बात है कि शाखा प्रबंधक ने जेवर दुकान सहित अन्य व्यवसाइयों के खाते में 1.44 करोड़ का अंतरण किया है। इसी तरह ग्राम सहकारी समिति भुलसीकला के खाते से एक जेवर दुकान को 26 हजार रूपए अंतरण किया गया है। शाखा प्रबंधक व कैशियर ने ग्राम पंचायत धनेशपुर, सरगदाग, पुंदाग के नरेगा खाते से भी अंगूठा लगाकर बड़ी रकम आहरित की है तथा खाते की राशि व्यावसाइयों को अंतरित की है। बैंक में करोड़ों के लेन-देन के संबंध में वाउचर तक उपलब्ध नहीं है। कई लेन-देन बिना वाउचर के सीधे लेजर से किया गया है। इसी तरह बैंक की कुसमी शाखा में किसानों के ऋण खाते से 13 करोड़ रूपए की अफरा-तफरी करने का खुलासा हुआ है। बैंक को लूटने के लिए शाखा प्रबंधकों ने संबंधित खातों का न तो कभी केवाईसी कराया है न ही शासकीय खाते से राशि आहरित करने की स्वीकृति की ही औपचारिकता पूरी की है। जांच के बाद प्रबंधन ऐसे खातों को फर्जी बता रहा है जिनको खोलने के लिए आवश्यक औपचारिकता पूरी नहीं की गई है। प्रबंधन ऐसे फर्जी लेन-देन को धनशोधन निवारण अधिनियम, बैंकिंग विनियमन अधिनियम का रिजर्व बैंक के निर्देशों का उल्लंघन मान रहा है तथा सभी पांच आरोपियों के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज कराने की तैयारी कर रहा है।

### बस्तर को रेल...

से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार प्रकट किया है, जिन्होंने बस्तर के दूरस्थ और जनजातीय जिलों को रेल नेटवर्क से जोड़ने के इस बहुप्रतीक्षित सपने को साकार करने की दिशा में कदम उठाया है। **भू-अधिग्रहण का कार्य पूर्णता की ओर** -प्रस्तावित रेललाइन के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य पूर्णता की ओर है, जिससे परियोजना के क्रियान्वयन में कोई बाधा नहीं रहेगी। इससे यह सुनिश्चित होता है कि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होकर तय समय सीमा में पूर्ण किया जा सकेगा। **बस्तर के लिए एक नई जीवनरेखा** -उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी नेतृत्व में बस्तर के विकास का जो सपना वर्षों से संजोया गया था, वह अब रावघाट जगदलपुर रेल लाइन परियोजना से साकार होता दिख रहा है। रावघाट-जगदलपुर रेललाइन को मिली स्वीकृति बस्तर की जनता के साथ सरकार की भावनात्मक प्रतिबद्धता और विकास के वादे की पूर्ति का प्रतीक है। यह रेलमार्ग बस्तर के लिए केवल एक ट्रांसपोर्ट नेटवर्क नहीं, बल्कि एक नई जीवनरेखा है, जो लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और पर्यटन के बेहतर अवसरों से जोड़ेगा। इससे कोंडागांव, नारायणपुर, कांकेर जैसे वे जिले जो तुलनात्मक रूप से आज भी विकास के मुख्य धारा से दूर हैं, अब राष्ट्रीय विकास की धारा से सीधे जुड़ेंगे। बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, कला, और प्राकृतिक सौंदर्य अब पूरे देश से साझा किया जा सकेगा। **विकास की पटरी पर दौड़ेगा बस्तर** -रेल परियोजना की नक्सलवाद के उन्मूलन की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। विकास जब गांव-गांव तक पहुंचेगा, जब युवाओं को रोजगार मिलेगा, और जब जनजातीय समुदायों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सुविधाएं सुलभ होंगी, तो हिंसा और भय की जगह उम्मीद और विश्वास का संचार होगा। बस्तर की धरती वर्षों से प्रतीक्षा कर रही थी कि कोई उसे सुने, समझे और उसकी पीड़ा को दूर करे। आज जब प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री स्वयं इस बस्तर की चिंता कर रहे हैं, तो यह सिर्फ एक परियोजना की शुरुआत नहीं, बल्कि एक नए युग का आरंभ है, जिसमें बस्तर का प्रत्येक गांव विकास की पटरी पर दौड़ेगा। **बस्तर पुरानी आपेक्षा को करेगी साकार** -प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बस्तर अब परिवर्तन के ऐतिहासिक दौर से गुजर रहा है। रावघाट-जगदलपुर रेललाइन को स्वीकृति देकर केंद्र सरकार ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि विकास अब सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि बस्तर के वनांचल, घाटियों और जनजातीय अंचलों तक उसकी पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। यह परियोजना बस्तरवासियों की वर्षों पुरानी अपेक्षा को साकार करने का निर्णायक कदम है। **कांकेर, नारायणपुर और कोंडागांव जिलों को मलेगा रेल मानचित्र पर स्थान** -रावघाट-जगदलपुर रेलमार्ग से न केवल कोंडागांव, नारायणपुर और कांकेर जैसे जनजातीय जिलों को रेल मानचित्र पर स्थान मिलेगा, बल्कि स्थानीय व्यापार, पर्यटन, खनिज संसाधनों का दोहन और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। यह परियोजना शांति, सुरक्षा और समावेशी विकास के त्रिपक्षीय मंत्र को जमीन पर साकार करेगी। बस्तर की धरती अब हिंसा और उपेक्षा का प्रतीक नहीं, बल्कि उम्मीद, अवसर और उन्नति की भूमि बनेगी।

### कितना था पानी,...

इसी समय बांधों में 35.59 प्रतिशत पानी था। अभी हाल की स्थिति देखें, तो पानी की मात्रा में कमी साफ दिखाई देती है।

### अब बांधों जलाशयों...

पिछले साल के मुकाबले इस साल पानी कम हुआ है, उनके नाम इस प्रकार हैं। मिनी माता बांगों, तांदुला, सिकासार, खारंग,सोंदूर, कोडार, केलो(सभी बड़े बांध) इनके साथ ही मध्य स्तर के बांधों में खरखरा, कोसारटेडा, श्याम, पिपरिया नाला, सुतियापाट, सरोदा, घोंघा, मटियामोती, झुमका, केसवा, किनकौरी नाला, कुंवरपुर, सूखा नाला बैराज,खपरी, पेंड्रावन, रूसे, पुटका नाला, मायानान, घुमरिया नाला में पानी काफी कम हुआ है।


### क्यों सूख रहे...

गांवों में तालाब भरे जाते है। यहां जरुरत इस बात की है कि तालाबों में 25-30 प्रतिशत ही पानी देना चाहिए। जबकि हमारे यहां तालाबों को 100 प्रतिशत भर दिया जाता है। ये पानी की कमी की बड़ी वजह है। गरमी के बाद जब मानसून आता है तो तालाब पहले से भरे होते हैं और बारिश का पानी बेकार चला जाता है। दूसरी बात ये है कि गरमी की वजह से पानी का दोहन तेज और अधिक मात्रा में होता है। इसे कम करना चाहिए। तीसरी बात ये कि भीषण गर्मी के कारण पानी का वाष्पीकरण होता है। इससे पानी तेजी से घटता है।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425




epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022




## आवश्यकता है

आवश्यकता है-प्लाईवुड शोरूम में फील्ड सेल्स कार्य हेतु मार्केटिंग पर्सन-2 शिक्षित, अनुभवी लड़के चाहिए वेतन 10000 से 40000+ बोनस+ कमीशन +पेट्रोल, बाइक अनिवार्य, रिज्यूम 9608777772 पर Whats App करें, अनुभवी व्यक्ति सम्पर्क करें- SS Plywood महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 9589687772 (37454)

**आवश्यकता है**
**आया बाई** (हॉस्पिटल एवं घरेलु कार्य हेतु)
**नर्सिंग स्टॉफ**
**काउंटर स्टाफ**
अग्रवाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल
मगरपारा रोड, बिलासपुर
संपर्क करें:- सुबह 11 से 01 बजे तक
07752-226296, 402543

आवश्यकता है- थोक दवा दुकान में माल निकालने, जमाने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन 8000, सम्पर्क करें- नितिन मेडिकल एजेन्सी 34, मेडिकल काम्पलेक्स, तेलीपारा बिलासपुर 8109900011 (37673)

आवश्यकता है- सीबीएसई स्कूल हेतु स्कूल बस/ मिनी बस चालक की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- मॉडर्न एजुकेशनल एकेडमी, नया सरकण्डा बिलासपुर 78798 58767 (37674)

आवश्यकता है- जिम में रिसेप्शन, ट्रेनर कार्य करने के लिए लड़की स्टाफ आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार अनुभवी को प्राथमिकता पता- रेजिस्टेन्स जिम, मंगला चौक, बिलासपुर सम्पर्क करें- 9691432828, 9109277444 (37666)

आवश्यकता है- घरेलु कार्य करने हेतु युवक की आवश्यकता है रहने खाने की व्यवस्था है संपर्क करें समय सुबह 11 से 2 शाम 5 से 9 गगन फ्लैक्स 27 खोली चौक बिलासपुर 9827168650 (37664)

आवश्यकता है-(1) कंस्ट्रक्शन ऑफिस में कार्य हेतु साइट सुपरवाइजर, साइट इंजीनियर (2) रियल एस्टेट टेलीकालिंग, सेल्स अनुभवी एक्जीक्यूटिव युवती की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता सैलरी योग्यता अनुसार। सम्पर्क- 97707 70000, 9827072000 (37450)

आवश्यकता है-बुकिंग में इनोवा, क्रिस्टा कार चलाने हेतु 5वर्ष अनुभवी ड्रायवर चाहिए जो आटोमेटिक गाड़ी चलाना जानता हो फिक्स वेतन 16000 या 12000+ 100 भत्ता+ 100 नाईट, बाहरी के रहने की व्यवस्था सम्पर्क-सक्षम टूर एण्ड ट्रेवल्स 6264125145, 9301588883 (37512)

आवश्यकता है- OMI कम्पनी में लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट, उम्र 18 से 28वर्ष, आय 8500 से 18000+ रहना खाना सम्पर्क करें- न्यू बस स्टैण्ड, बिलासपुर 8818877406, 9644433021 (37669)

आवश्यकता है- मोबाइल दुकान में मल्टीमीडिया मार्केटिंग सेल्स कार्य हेतु दो युवकों की आवश्यकता है योग्यता ग्रेजुएट वेतन 15000 से 25000 सम्पर्क करें- हरमन सेल्स, पंजाबी कालोनी दयालबंद बिलासपुर 70003 22243 (37675)

आवश्यकता है-कार शोरूम में दो कार ड्राइवर (कार शोरूम अनुभवी), एक सेल्समैन (कार शोरूम अनुभवी) एवं दो कार साफ करने वाले (कार वाश अनुभवी) चाहिए। पता- कृष्णा सेल्स रिंग रोड नं.-2, महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 93006 74767 (37644)

आवश्यकता है- सब्जी मण्डी में काम करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है (काम का समय सुबह 6बजे से) योग्यता 10वीं/ 12वीं, सम्पर्क करें- 9617118009 (सम्पर्क समय शाम 5 से 7बजे तक) (37690)

आवश्यकता है- मेडीकल एजेन्सी में पैकिंग कार्य हेतु, सेल्समेन, पेमेन्ट कलेक्शन, टेलीकालर,अनुभवी, फ्रेशर लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सिटी केमिस्ट 19 (केमिस्ट भवन के पास) मेडीकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (37662)

आवश्यकता है- रेस्टोरेंट में तन्दूर ब्वॉय, वेटर लड़की, लड़का, किचन हेल्पर चाहिए वेतन योग्यता अनुसार, खाना रहना फ्री फ्रेशर लड़के लड़कियां भी सम्पर्क करें- रेस्टोरेंट मुर्ग मसल्लम मंदिर चौक जरहाभाठा बिलासपुर 7879121999 (37660)

आवश्यकता है- पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर में गोट फार्म (बकरी फार्म) हेतु लड़के/ लड़कियाँ और पति पत्नी (जोड़े) की आवश्यकता है। रहना फ्री। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 7869523344, 7301717175 (37659)

आवश्यकता है-UTN Shop में मार्केटिंग कार्य हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 10000 से 150000 सम्पर्क करें- शॉप नं.-16 फर्स्ट फ्लोर सीएलसी प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 7806007192, 79995 94790, 07752491771 (37643)

आवश्यकता है- घरेलू कार्यो हेतु महिला/युवती की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार संपर्क महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 6262220666 (3855)

आवश्यकता है- सोनोग्राफी सेंटर हेतु टाइपिस्ट एवं ऑफिस ब्वॉय चाहिए पता श्री गोपाल साहू डायग्नोस्टिक सेंटर डॉ दीपक मेघानी हॉस्पिटल के बाजू में जूनी लाईन बिलासपुर संपर्क करें 9770128995, 9755230012 (37665)

आवश्यकता है-रायगढ़, रायपुर में गार्ड की नौकरी हेतु 5, 8, 10 पास हाईट 5'-6" इंच, 4 फोटो आधार कार्ड सहित मिले रहने खाने की सुविधा वेतन 14500 से 19000 सम्पर्क करें-81090 70600 (7086)

आवश्यकता है-एकाउंट एक्जीक्यूटिव, टेलीकॉलिंग एक्जीक्यूटिव, फील्ड एक्जीक्यूटिव, सेल्स एक्जीक्यूटिव की आवश्यकता है। इंटरव्यू सुबह 10:30 से शाम 5.30 सम्पर्क करें- वरुण सुजुकी राजीव गांधी चौक, रायपुर रोड, बिलासपुर 9174734567 (37652)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य हेतु 10वी, 12वी पास लड़कों की आवशयकता है जो कटनी, ग्वालियर में काम कर सके वेतन- 10000+ कमीशन +बोनस, रहना खाना फ्री ट्रेनिंग बाद 15000 से 20000 महीने। सम्पर्क करें- 8982690021, 9340613449 (331)

आवश्यकता है- मैनेजर-1 की आवश्यकता है। वेतन 10000/- प्रतिमाह। 30वर्ष से ऊपर के ओरिजनल आईडी, बायोडाटा सहित योग्य स्वयं आकर दोपहर 12बजे के बाद मिले- प्रबंधक अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 9827940898 (37657)

आवश्यकता है-मंथली बेसिस में गाड़ी चलाने के लिए ड्राइवर, ऑफिस कार्य हेतु लड़के, लड़कियां एवं च्वाइस सेन्टर के अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9300672005 80947 30100 (37570)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 18 से 30वर्ष की युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000 से 20000 कमाने का अवसर, सम्पर्क करें- तिरंगा चौक साईं मंदिर के पास बिलासपुर 8962819734, 9691610438 (7341)

आवश्यकता है- टेलीकॉलिंग हेतु 18 से 35वर्ष की लड़कियों, महिलाओं की आवश्यकता है। वेतन 5000 से 20000 सम्पर्क करें- मंदिर चौक प्रोटीन वर्ल्ड के पास बिलासपुर 7470328986 (7342)

आवश्यकता है- शहर से बाहर रहकर ऑफिस कार्य करने हेतु 18 से 25वर्ष के लड़कों की आवश्यकता है सैलरी 7000+ रहना खाना फ्री, कमीशन+ बोनस एक्स्ट्रा, सम्पर्क करें- मंदिर चौक बिलासपुर 6266328817 (7343)

आवश्यकता है-सुरक्षागार्ड, सुपरवाइजर, फिल्ड अधिकारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर, योग्यता 10वीं से स्नातकोत्तर, वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- Alert SGS Private Limited, भर्ती कार्यालय- साकरा चौक सिलतरा रायपुर, सिटी ऑफिस- 434 चतुर्थ तल प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर (छ.ग.) 7746000016, 77470 00019, 77470 00016, 7746000019 (074)

आवश्यकता है-सुरक्षागार्ड 50 उंचाई 5'-5" योग्यता 5वी से 12वीं वेतन 12000 से 19500 तक ESIC, PF, Bonus और रहना फ्री खाने की सुविधा दस्तावेज आधार कार्ड, पेन कार्ड, 10वीं अंक सूची बैंक पास बुक 8 पासपोर्ट फोटो सम्पर्क करें- शाप नं-8 प्रथम तल कमला सुपर बाजार तेलघानी चौक, रायपुर (छ.ग.) 077140 36689, 97703 04037, 8120957510 (046)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है उम्र 18 से 30 साल तक सम्पर्क करें- ऑफिस टाइम 10 से 5:30 नूतन चौक अथर्व हॉस्पिटल के पास बिलासपुर 9201508721 (7336)

आवश्यकता है- मैट्रिमोनी में कार्य हेतु। वेतन 10000+ कमीशन, समय सुबह 10 से शाम 5:30 बजे तक, उम्र 18 से 40, पता- मैग्नेटो मॉल बुलेट शोरूम के पास गन शॉप बिलासपुर 9301357964 (37667)

आवश्यकता है-ऑटोमोटिव बैट्री एवं टायर सेल्स हेतु मार्केटिंग/ सेल्समेन, ड्राइवर, बैट्री टेक्नीशियन, वेतन- योग्यता अनुसार 12000 से 20000+ इंसेंटिव, सम्पर्क करें- सिंघानिया इंटरप्राइजेस श्रीराम टॉवर के पास, व्यापार विहार बिलासपुर 7049016518, 7974811410 (7334)

आवश्यकता है- लिमिटेड कंपनी को जरूरी अनपढ़ से 12 वी पास लड़कों की एयरपोर्ट जॉब ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्राइवर, सुपरवाइजर, सिक्योरिटी, डाटा एंट्री, सैलरी 18500/- से 45500/- ( रहना+खाना फ्री पक्की नौकरी) 08920930586 (856)

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000- 45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें - 8935818259 (861)

आवश्यकता है- छत्तीसगढ के सभी जिला व. ग्रामीण क्षेत्र से अनुभवी व फ्रेसर Candidate की 8वीं से12 वी पास ग्राउन्ड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्रायवर, सुपरवाइजर, वेतन-18500/- से 55000/- रहना+खाना फ्री 08588 080514 (862)

आवश्यकता है- सोर्टर लोडर (पिकर पैकर) और डिलीवरी कार्य हेतु कूरियर ऑफिस में लड़कों की आवश्यकता है स्थानीय को प्राथमिकता सैलरी + बोनस सम्पर्क करे- +91 7354577811, 9109310898. कोई ज्वाइनिंग फीस नहीं। (7181)

आवश्यकता है- स्पोट्र्स शोरूम में काम करने हेतु लड़के की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्री लक्ष्मी स्पोट्र्स गोंड़पारा बिलासपुर (37689)

आवश्यकता है- बिलासपुर स्थित प्रतिष्ठित सीए फर्म में 12वीं पास अनुभवी प्यून की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- रियल बिजनेस आर्केड, थर्ड फ्लोर ऑफिस मंगला चौक बिलासपुर 9727167025, 9340740457 (37684)

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु सेल्समैन एवं लड़को की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार 8000 से 15000 सम्पर्क करें- टायर सेन्टर विनायक नेत्रालय के बाजू में अग्रसेन चौक, बिलासपुर (37676)

आवश्यकता है- महिला कम्प्यूटर, टैली एकाउंट, हिन्दी से इंग्लिश लेटर टाइपिंग, पीए, महिला आफिस वर्क, पुरुष- मेडिकल मशीन/ऑर्थोपेडिक समान मार्केटिंग, सर्विस, 14000- 25000, पता- भारत मेडिकल सिस्टम MIG-70, नेहरू नगर, बिलासपुर 93266 09234 (37678)

आवश्यकता है- स्टेशनरी, बैग, आफिस सामान की थोक बिक्री हेतू अनुभवी मेहनती सेल्स स्टाफ लड़के/ लड़कियां चाहिए वेतन+ इंसेंटिव योग्यतानुसार। इंटरव्यू हेतु आधार सहित मिले- राधेश्याम स्टेशनरी सरजू बगीचा रोड तेलीपारा बिलासपुर (37679)

आवश्यकता है- कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- भारत बैग हाउस तेलीपारा बिलासपुर (37658)

आवश्यकता है- फुटवियर शॉप में कार्य करने हेतु अनुभवी मैनेजर, सेल्समेन सेल्सगर्ल सेल्समैनशिप, एकाउन्ट हेतु चाहिए बॉयोडाटा सहित सम्पर्क करें- चरण स्पर्श शू मॉल रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने बिलासपुर 93003 00333, 07752407333 (37680)

आवश्यकता है- बजाज ऑटो फाइनेन्स लिमिटेड कैश कलेक्शन ईएमआई (फील्ड वर्क) हेतु लड़कों एवं टेली कॉलिंग (ऑफिस वर्क) हेतु लड़की की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7999970000, 9827998279 (37681)

आवश्यकता है- ज्वेलरी शॉप में काम करने के लिए लड़के एवं लड़की की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- शर्लिन ज्वेलर्स सदर बाजार, बिलासपुर 982715 0538, 9165345678 (37686)

आवश्यकता है- सर्वमंगला टेन्ट हाउस में अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- कुम्हारपारा रोड राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर 6260273334, 98266 01147 (37687)

आवश्यकता है- पेन्ट दुकान में कार्य करने हेतु लड़के की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता, फ्रेशर की भी आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार ड्राईवर भी आवश्यकता है सम्पर्क करें- 8319429937 (37688)

आवश्यकता है- इलेक्ट्रिकल होलसेल दुकान में मार्केटिंग (फिल्ड वर्क) करने वाले लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- श्री देवेश इन्टरप्राइजेस, पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 8770965033, 9827187037 (37672)

## बेचना है

बेचना है-तखतपुर मेन रोड पर पुराना बस स्टैण्ड पर स्थित 20×70 वर्गफीट में बना सर्व सुविधा युक्त मकान एवं टिकरीपारा तखतपुर में 82 डिसमिल जमीन अतिशीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 79990 75751 (37645)

बेचना है- लगरा में RTO आफिस के पास मेन रोड पर 13700 वर्गफीट का कमर्शियल प्लॉट बेचना है सम्पर्क करें- 6267186441, 97552 21821, 8224985058 (37653)

बेचना है- बिलासपुर, सिरगिट्टी के गोविन्द नगर में 3225 वर्गफीट प्लाट और व्यापार विहार में दुकान के लिए एक प्लाट बेचना है संपर्क करें 9630083740, 97706 76030 (37655)

बेचना है-50×105= 5225 वर्गफुट मेन रोड पर कमर्शियल डाइवर्टेड, तोरवा रेड डाइमंड होटल के आगे अग्रवाल धर्म कांटा के बगल में बाउंड्रीवाल किया बेचना है कीमत 7500/- फुट सम्पर्क- 98279 38236, 8770963388 (37646)

बेचना है-प्लाट साइज 60×24= 1440 कंशट्रक्शन एरिया 3550 किराया 30000 माह (तीन फ्लोर) वॉलफोर्ट के समीप रिंग रोड-1, भाटागांव रायपुर नये बस स्टैण्ड के समीप मूल्य 90लाख सम्पर्क करें- 9575086006 (7313)

बेचना है- विद्या नगर जैन हॉस्टल के पास 15×75 का पुराना मकान, तखत- 2, आलमारी (लकड़ी की) बेचना है सम्पर्क करें- बिलासपुर 9826956859 (37683)

बेचना है- मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, कैंसर हॉस्पिटल एवं नये बनने जा रहे सिम्स हॉस्पिटल कोनी से आसान कनेक्टिविटी अशोक नगर मेन रोड ऊपर 50 फिट फ्रंट में 8250 वर्गफिट का डायवर्टेड कमर्शियल प्लाट बेचना है सम्पर्क करें- 8305090000 (7340)

बेचना है-बिलासपुर रायपुर मेन रोड न्यू बस स्टेण्ड के सामने अम्बे प्लाजा शॉप नं.- G1, तिफरा में 16.5×27.5= 454 वर्गफीट की दुकान बेचना है सम्पर्क करें- 98274 95135 (37649)

बेचना है- लगरा में RTO ऑफिस के आगे मेनरोड से 200 मीटर की दूरी पर 12000/- वर्गफीट प्लाट बेचना है संपर्क करें 7828539364, 6267186441 (37663)




बेचना है-ब्रिलियंट स्कूल के पास बहतराई बिलासपुर में सीसी रोड, नाली, बिजली, डायवर्सन कॉलोनी में प्लॉट एवं मकान उपलब्ध हैं रेल्वे स्टेशन अपोलो हॉस्पिटल SECL मुख्यालय से मात्र 5 मिनट की दूरी सम्पर्क करें- 8319251951, 78282 25044 (054)

बेचना है-हर्ष-फिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड- 49, बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 3BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफॉर्डेबल फ्लैट, T&C रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 (36177)

बेचना है- मंगला लोखण्डी मुख्य मार्ग पर कमर्शियल 850/- वर्गफीट एवं आवासीय डाइवर्टेड प्लाट मात्र 7 लाख एवं मकान 22लाख से प्रारंभ (बुकिंग कराने पर) बैंक द्वारा फाइनेन्स सम्पर्क करें 97136 66001 (37654)

## वाहन बेचना है

वाहन बेचना है- अल्फा थ्री व्हीलर माल वाहक ऑटो बेचना है। सम्पर्क करें- सोनथलिया एजेन्सीज व्यापार विहार बिलासपुर 07752 405725 (37685)

## फायनेंस

फायनेंस- जन कल्याण योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधार कार्ड पर 50,000/- से 25 लाख तक 1% ब्याज वार्षिक प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिज़नेस दुकानदारी ग्रुप लोन सिविल ख़राब लोन पाए संपर्क - 9289384524 (865)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

## किराया

किराया - क्रॉस रोड बिजनेस पार्क,4th फ्लोर व्यापर विहार बिलासपुर में रोड फेसिंग 326 व 650 वर्गफुट की शॉप किराए हेतु उपलब्ध। ऑफिस, कोचिंग, बैंक, रेस्टोरेंट हेतु उपयुक्त। संपर्क : 9993738938 (37670)

## शैक्षणिक

प्रवेश प्रारंभ-प्रवेश प्रारंभ- फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करे B.Ed, B.A, B.Com, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.Com, M.Sc, MBA, MSW, B.Lib, M.Lib, DCA, PGDCA, Polytechnic, B.Tech, (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क- Bharti Education Academy, Sector-6, Bhilai 98261 96515, 9826896515 (7179)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें**

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586




# अपने पहले ही सीजन में चमके ये आठ खिलाड़ी, इनमें से दो की उम्र 18 से भी कम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईपीएल 2025 में अब तक 54 मैच खेले जा चुके हैं। धीरे-धीरे यह लीग अपने अंजाम तक पहुंचने जा रही है। इस सीजन कई ऐसे खिलाड़ी मिले, जिन्होंने अपने पहली ही सीजन में मिले मौके को पूरी तरह भुनाया। इनमें से कुछ ने शतक लगाकर तहलका मचा दिया। वहीं, कुछ ने गेंदबाजी में अपनी धाक जमाई। इस लिस्ट में आठ खिलाड़ी हैं, जिनमें से चार बल्लेबाज और तीन गेंदबाज हैं, एक गेंदबाजी ऑलराउंडर है। लिस्ट में दो की उम्र 18 साल से भी कम है, जबकि दो की उम्र 25 साल है और बाकी की उम्र 18 से 25 साल के बीच में है। हालांकि, कुछ ऐसे खिलाड़ी भी हैं जिन्होंने एक या दो मैच में अच्छा प्रदर्शन किया और फिर बेंच पर बैठा दिए गए। आइए इन खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं...



### प्रियांश आर्या

दिल्ली प्रीमियर लीग में अपनी धाक जमाने के बाद इस खिलाड़ी को आईपीएल नीलामी में पंजाब किंग्स ने काफी उम्मीदों के साथ खरीदा। प्रियांश पंजाब की उम्मीदों पर खरे उतरे। उन्हें ओपनिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस बल्लेबाजी ने अब तक इस लीग में 11 पारियों में 347 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। दिल्ली प्रीमियर लीग में प्रियांश ने एक ओवर में लगातार छह गेंद पर छह छक्के जड़े थे।

### आयुष म्हात्रे

इस 17 साल के युवा बल्लेबाज ने अपनी बल्लेबाजी से तहलका मचा दिया है। आयुष को नीलामी में किसी ने नहीं खरीदा था। बीच सीजन में वह रिप्लेसमेंट के तौर पर चेन्नई सुपर किंग्स की टीम से जुड़े और अपनी हिटिंग पावर से उन्होंने लोगों को दीवाना बना दिया है। आयुष ने अब तक लीग में चार पारियों में 163 रन बनाए हैं। इनमें एक अर्धशतक शामिल है। उन्होंने आरसीबी के खिलाफ 94 रन की पारी में जो शॉट्स लगाए वह देखने लायक थे।

### अनिकेत वर्मा

सिर्फ 23 साल के इस युवा बल्लेबाज अनिकेत शर्मा को सनराइजर्स हैदराबाद ने मध्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने अब तक नौ पारियों में 24.12 की औसत और 144.11 के स्ट्राइक रेट से 193 रन बनाए हैं। दिल्ली के खिलाफ 74 रन की पारी उनकी अब तक की सर्वश्रेष्ठ पारी रही है। हालांकि, उनकी टीम का प्रदर्शन इस साल बेहद खराब रहा।



### वैभव सूर्यवंशी

केवल 14 साल के ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने नीलामी में बिकते ही नाम कमा लिया था। उन्हें राजस्थान ने 1.1 करोड़ रुपये के भारी भरकम राशि में खरीदा था। हालांकि, गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंद पर शतक जड़कर अपने दम पर राजस्थान को जीत दिलाई थी। इस बल्लेबाज ने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत ही छक्का लगाकर की थी। वैभव ने अब तक इस सीजन पांच पारियों में 155 रन बनाए हैं। इनमें एक शतक शामिल है।

### दिग्वेश राठी

इस 25 साल के स्पिनर दिग्वेश राठी ने कमाल की गेंदबाजी की है। अपनी मिस्ट्री गेंदों की वजह से यह गेंदबाज पावरप्ले, मध्य के ओवरों या फिर डेथ ओवरों में भी घातक साबित हुआ है। दिग्वेश ने अब तक इस सीजन 11 मैचों में 12 विकेट लिए हैं। 30 रन देकर दो विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी रही है।

### विपराज निगम

दिल्ली कैपिटल्स के लिए विपराज एक बेहद शानदार ऑलराउंडर बनकर उभरे हैं। 20 साल के विपराज ने अब तक इस सीजन 10 मैचों में नौ विकेट लिए हैं। उनका इकोनॉमी रेट 9.48 का रहा है। 18 रन देकर दो विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है। उन्होंने छह पारियों में बल्लेबाजी की है और 104 रन बनाए हैं। विपराज यूपी से हैं और उत्तर प्रदेश प्रीमियर लीग में भी उन्होंने कमाल किया था।

### अश्विनी कुमार

मुंबई इंडियंस के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अश्विनी कुमार ने अपने डेब्यू मैच में ही तहलका मचा दिया था। डेब्यू मैच पर 23 साल के अश्विनी ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 24 रन देकर चार विकेट लिए थे। हालांकि, उनके लिए अगले दो मैच उम्मीद के मुताबिक नहीं गए और एक-एक विकेट लिए। साथ ही बुमराह की वापसी की वजह से अश्विनी को बेंच पर बैठना पड़ा।

### विग्नेश पुथुर

अश्विनी की तरह पुथुर भी बस एक-दो मैच में चले। हालांकि, अपने डेब्यू पर इस बाएं हाथ के स्पिनर ने पांच मैच खेले और छह विकेट लिए। 32 रन देकर तीन विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन रहा। हालांकि, पांच मैच के बाद उन्हें मौका नहीं मिला और वह चोटिल होकर इस सीजन से बाहर हो चुके हैं।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 11 | 8 | 3 | 16 |
| बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 |
| पंजाब | 11 | 7 | 3 | 15 |
| मुंबई | 12 | 7 | 5 | 14 |
| दिल्ली | 11 | 6 | 4 | 13 |
| कोलकाता | 12 | 5 | 6 | 11 |
| लखनऊ | 11 | 5 | 6 | 10 |
| हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 7 |
| राजस्थान | 12 | 3 | 9 | 6 |
| चेन्नई | 12 | 3 | 9 | 6 |

ऑरेंज कैप



सूर्य कुमार
510 रन
मुंबई

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
20 विकेट
गुजरात

## खबर संक्षेप

### खेलो इंडिया युवा खेलों में ई स्पोर्ट्स का पदार्पण

**पटना।** ई स्पोर्टस ने खेलो इंडिया युवा खेलों में नुमाइशी खेल के रूप में पदार्पण किया और मेजबान बिहार ने विभिन्न स्पर्धाओं में शीर्ष तीन में जगह बनाई। इस नुमाइशी खेल में आठ राज्यों ने भाग लिया जिसमें बीजीएमआई, शतरंज, स्ट्रीट फाइटर 6 और ई फुटबॉल की स्पर्धायें हुई। सभी वर्गों में बीजीएमआई भारत में सबसे लोकप्रिय ई खेल है। हर प्रदेश की 16 टीमों ने लिया हिस्साहर प्रदेश की 16 टीमों ने इसमें भाग लिया। बिहार की ए और बी टीम पहले और तीसरे स्थान पर रही जबकि तमिलनाडु ए टीम दूसरे स्थान पर रही।

### उजबेकिस्तान से दो दोस्ताना मैच खेलेगी भारतीय महिला टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम मई जून के विंडो में उजबेकिस्तान के खिलाफ दो फीफा अंतरराष्ट्रीय दोस्ताना मैच खेलेगी । अखिल भारतीय फुटबॉल



महासंघ ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उजबेकिस्तान के खिलाफ दो मैच 30 मई और तीन जून को बेंगलुरू के पादुकोण द्रविड़ खेल उत्कृष्टता केंद्र पर खेल जायेंगे। क्रिस्पिन छेत्री की कोचिंग वाली भारतीय टीम एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर्स की तैयारी कर रही है जिसके लिये शिविर बेंगलुरू में एक मई से शुरू हुआ। भारत को ग्रुप बी में रखा गया है जिसमें उसे मंगोलिनया (23 जून), तिमोर लेस्ते (29 जून), इराक (दो जुलाई) और थाईलैंड (पांच जुलाई) के साथ रखा गया है।

### वरुण पर लगा जुर्माना कटा एक अंक

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के स्टार स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर बुधवार को ईडन गार्डन्स में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए जुर्माना और एक डिमेरिट अंक का दंड दिया गया है। आईपीएल के एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि, चक्रवर्ती ने आईपीएल नियम के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया है। यह अनुच्छेद ऐसी भाषा, व्यवहार या हाव-भाव से संबंधित है, जो किसी खिलाड़ी को भड़काने या अपमानित करने का कारण बन सकता है।

मैच आज 7.30 बजे से लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा

# लखनऊ और आरसीबी के बीच भिड़ंत आज, दोनों टीमों के सामने बड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 59वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से आज शुक्रवार 9 मई को होगा। लखनऊ ने अपने 11 में से 5 मैच जीते हुए हैं। उसे प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए ये मुकाबला हर हाल में जीतना होगा।

अपने 11 में से 8 मैच जीत चुकी आरसीबी के लिए भी यह मुकाबला काफी अहम है। ऋषभ पंत की कप्तानी में एलएसजी ने 5 मैच जीते हैं। रजत पाटीदार की कप्तानी वाली आरसीबी को 8 मैच में जीत मिली है। प्लेऑफ की दौड़ को देखते हुए एक रोमांचक मैच होने की उम्मीद है। यह मुकाबला शाम 7.30 बजे से लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा।



### बराबरी का रहा है मुकाबला

रायल चेलैंजर्स बेंगलुरू और लखनऊ जायंट्स के बीच आईपीएल के इतिहास में अब तक 5 मुकाबले खेले गए हैं। 3 मैच में आरसीबी को जीत मिली है और 2 मैच लखनऊ ने अपने नाम किए हैं। इस संस्करण दोनों टीमों के बीच पहला मुकाबला खेला जाएगा। आईपीएल 2024 में दोनों टीम सिर्फ 1 मैच में भिड़ी थी। उस मैच को एलएसजी ने 28 रन से अपने नाम किया था। आईपीएल 2023 में दोनों टीमों ने 1-1 मैच अपने नाम किया था।

### इकाना में दोनों टीमों के आंकड़े

इकाना स्टेडियम में लखनऊ ने अब तक 19 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से 9 मैच में उन्हें जीत और 9 मैच में हार का सामना करना पड़ा है। इसके अलावा 1 मैच बेनतीजा रहा है। इस मैदान पर लखनऊ का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 203 रन रहा है। आरसीबी ने इस मैदान पर सिर्फ 1 मुकाबला खेला है। उस मुकाबले में टीम को जीत मिली थी। ऐसे में एलएसजी अपने घरेलू मैदान पर पहली बार आरसीबी को हराना चाहेगी।



### कैसा है पिच का मिजाज?

इस स्टेडियम की पिच का निर्माण काली मिट्टी से किया गया है। इस पर स्पिन गेंदबाजों को काफी मदद मिलती है। इस सीजन में अब तक यहां 4 मैच हुए हैं, जिसमें केवल 1 पारी में टीम ने 200 रन का आंकड़ा पार किया है। यहां शुरुआत में तेज गेंदबाजों को भी मदद मिलती है, लेकिन समय निकलने के साथ-साथ स्पिनर्स हावी होने लगते हैं। इस मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 168 रन है।

### कैसा रहेगा मौसम?

एक्यूवेदर के मुताबिक, 9 मई को लखनऊ में तेज गर्मी रहने वाली है। दिन का अधिकतम तापमान 36 डिग्री तक जा सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री तक रहने की उम्मीद है। शुक्रवार को बारिश की संभावना 10 प्रतिशत है।

राजस्थान रॉयल्स को झटका

## राणा-संदीप हुए चोटिल, इनकी जगह खेलेंगे लुआन और बर्गर



**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 राजस्थान रॉयल्स के लिए अच्छा नहीं जा रहा है। पहले बल्लेबाज नितीश राणा चोटिल होने के कारण आईपीएल 2025 से बाहर हो गए, अब तेज गेंदबाज संदीप शर्मा भी बचे हुए मुकाबलों में नहीं खेलेंगे। उनकी जगह दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज नंद्रे बर्गर को 3.5 करोड़ रुपये में टीम में शामिल किया गया है। संदीप उंगली में लगी चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हुए हैं। राणा की जगह दक्षिण अफ्रीका के लुआन-ड्रे प्रेटोरियस को टीम में जगह दी गई है।

### बर्गर के आंकड़ों पर एक नजर

बर्गर ने 69 टी-20 मुकाबलों की 67 पारियों में 23.44 की औसत से 77 विकेट लिए हैं। उनकी इकॉनमी 7.73 की रही है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/11 का है। आईपीएल में इस खिलाड़ी ने 6 मुकाबले खेले हैं। इसकी 5 पारियों में 20.71 की औसत से 7 विकेट लिए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2/29 का रहा है। आईपीएल 2024 में यह खिलाड़ी आरआर की टीम का ही हिस्सा था। दक्षिण अफ्रीका के लिए बर्गर ने 2 टी-20 मुकाबले खेले हैं।

### नितीश राणा की जगह खेलेंगे लुआन

राजस्थान रॉयल्स टीम के प्रमुख बल्लेबाज नितीश राणा चोटिल होने के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह दक्षिण अफ्रीका के लुआन-ड्रे प्रेटोरियस को टीम में मौका मिला है। उन्हें आरआर की टीम ने 30 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा है। इस संस्करण आरआर का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। उसे 12 में से 9 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है।

### अहमदाबाद में होगा पंजाब-मुंबई का मुकाबला

**नई दिल्ली।** भारत की ओर से बुधवार तड़के पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' का असर अब इंडियन प्रीमियर लीग पर भी पड़ गया है। इस ऑपरेशन के बाद सरकार ने चंडीगढ़ सहित कई हवाई अड्डों को बंद कर दिया है। ऐसे में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 11 मई को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेले जाने वाले मुकाबले में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में स्थानांतरित कर दिया है। समाचार एजेंसी के अनुसार, गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अनिल पटेल ने बताया कि 11 मई को मुंबई इंडियंस बनाम पंजाब किंग्स के बीच होने वाला आईपीएल मुकाबला धर्मशाला से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में स्थानांतरित कर दिया है।

क्रिकेट

## रोहित का फैसला निजी, बोर्ड की कोई भूमिका नहीं : राजीव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि रोहित शर्मा का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना एक निजी फैसला है। बीसीसीआई ने उन पर ऐसा करने के लिए कोई दबाव नहीं डाला था। रोहित ने 20 जून से इंग्लैंड में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले बुधवार को संन्यास की घोषणा की। शुक्ला ने कहा जहां तक टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का सवाल है तो रोहित ने अपना फैसला खुद किया है। उन्होंने कहा, ''हमारी नीति है कि जो खिलाड़ी संन्यास का फैसला लेते हैं, हम उन पर कोई दबाव नहीं डालते और हम उन्हें कुछ सुझाव भी नहीं देते हैं, हम कुछ नहीं कहते हैं।



### क्रिकेट में रोहित का काफी योगदान

शुक्ला ने कहा कि पांच दिवसीय क्रिकेट में उनका योगदान बहुत बड़ा है। हम उनकी जितनी प्रशंसा करें, उतनी कम है। वह एक महान बल्लेबाज हैं। अच्छी बात यह है कि उन्होंने अभी तक क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला नहीं किया है (क्योंकि वह अब सिर्फ वनडे खेलेंगे)। इसलिए हम निश्चित रूप से उनके अनुभव और प्रतिभा का फायदा उठाएंगे।

### टेस्ट कप्तानी के दावेदारों में इनका नाम

रोहित के कप्तानी का पद छोड़ने के बाद, यह देखना बाकी है कि भारत की टेस्ट कप्तानी किसे सौंपी जाती है। जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और शुभमन गिल दावेदारों में शामिल हैं। कप्तानी के लिए संभावित खिलाड़ियों के नाम के बारे में पूछने पर शुक्ला ने कहा कि यह पूरी तरह से चयन समिति का अधिकार है। उन्होंने कहा, ''किसी तरह की अटकलें नहीं होनी चाहिए। चयनकर्ता तय करेंगे और आपको बताएंगे कि कप्तान कौन है।

### रोहित के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास से मैं हैरान हूं : रहाणे

**कोलकाता।** रोहित शर्मा के अचानक टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले ने मुंबई और भारतीय टीम के उनके साथी अजिंक्य रहाणे को भी चौंका दिया। रोहित ने जब टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की तब रहाणे कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच में खेल रहे थे। उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। नाइट राइडर्स के कप्तान ने ईडन गार्डन्स में चेन्नई सुपर किंग्स से दो विकेट की हार के बाद मीडिया से कहा, ''ओह, क्या ऐसा है? मैं बस उन्हें शुभकामनाएं देना चाहता हूं। उन्होंने टेस्ट प्रारूप में शानदार प्रदर्शन किया है। मुझे (संन्यास के बारे में) नहीं पता था।'' उन्होंने कहा, ''मैं वास्तव में हैरान हूं। मुझे नहीं पता था कि उन्होंने टेस्ट प्रारूप से संन्यास ले लिया है। लेकिन मैं बस उन्हें शुभकामनाएं देना चाहता हूं। उन्होंने वास्तव में टेस्ट बल्लेबाज के रूप में अपने खेल में काफी सुधार किया था।

### चैंपियंस लीग के फाइनल में पीएसजी और इंटर मिलान में भिड़ंत

**पेरिस।** पेरिस सेंट-जर्मन ने एक के बाद एक हमलों का डटकर सामना करते हुए आक्रामक अंदाज में खेल रहे आर्सेनल को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उसका सामना इंटर मिलान से होगा। सेमीफाइनल के पहले चरण में 1–0 से जीत हासिल करने वाली पीएसजी की टीम को शुरू में गेंद पर कब्जा करने के लिए संघर्ष करना पड़ा, लेकिन जवाबी हमलों और गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा के शानदार प्रदर्शन से उसने 3-1 के कुल स्कोर के साथ जीत हासिल करके शान से फाइनल में जगह बनाई।

ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट

## आयुष ने श्रीकांत को हराया उन्नति भी अगले दौर में

एजेंसी ▶▶ ताइपे

भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा ने ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पुरूष और महिला वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

विश्व जूनियर चैम्पियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता 20 वर्ष के आयुष ने दूसरे दौर में अनुभवी किदाम्बी श्रीकांत को 21-16 15-21 21-17 से मात दी। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी और विश्व चैम्पियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत फिलहाल विश्व रैंकिंग में 82वें स्थान पर हैं।



### आयुष का सामना अब ब्रायन यांग से

पिछले दौर में आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप उपविजेता ली चिया हाओ को हराने वाले आयुष का सामना अब कनाडा के सातवीं वरीयता प्राप्त ब्रायन यांग से होगा। इससे पहले 2022 ओडिशा मास्टर्स और 2023 अबुधाबी मास्टर्स चैम्पियन उन्नति ने चीनी ताइपे की लिन सिह युन को 21-12 21-7 से हराया। अब वह स्थानीय खिलाड़ी हुंग यि तिंग से खेलेंगी। राष्ट्रीय खेल 2023 स्वर्ण पदक विजेता थारून मन्नेपल्ली को इंडोनेशिया के मोह जाकी उबेदिल्लाह ने दूसरे दौर में 21-13, 21-9 से हराया।

### युवा खिलाड़ियों ने की खूब मेहनत, परिणाम अपेक्षानुरूप नहीं : हसी

**कोलकाता।** आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने युवा खिलाड़ियों आयुष म्हात्रे, उर्विल पटेल और डेवाल्ड ब्रेविस की सराहना करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य अब भविष्य के लिए टीम तैयार करना है। पांच बार के चैंपियन चेन्नई के लिए आईपीएल का मौजूदा सत्र अच्छा नहीं रहा है। उसने बुधवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स पर दो विकेट की जीत के साथ 12 मैचों में केवल तीसरी जीत हासिल की। हसी ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा टीम से जुड़े सभी लोग वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। जाहिर तौर पर परिणाम उस तरह से नहीं आ रहे हैं जैसा हम चाहते थे।

ऑपरेशन सिंदूरः रावलपिंडी स्टेडियम के पास ड्रोन हमला

# पाक में दहशत, रावलपिंडी में होने वाला पीएसएल मैच स्थगित

एजेंसी ▶▶ कराची

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रावलपिंडी में कराची किंग्स और पेशावर जाल्मी के बीच गुरुवार को होने वाले पाकिस्तान सुपर लीग मैच को बाद में कराने का फैसला किया। इस मैच की तारीख की घोषणा आगे की जाएगी। रावलपिंडी स्टेडियम में आयोजित की जा रही टी20 लीग अपने अंतिम चरण में है जिसमें छह फ्रेंचाइजी शामिल हैं।

क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा पीसीबी ने सभी हितधारकों के परामर्श से आज रात पेशावर जाल्मी और कराची किंग्स के बीच होने वाले पीएसएल मैच को किसी अन्य तारीख में करने का फैसला किया है। पीसीबी संशोधित तिथि की घोषणा उचित समय पर करेगा।



### पीएसएल छोड़ने पर विचार कर रहे विदेशी खिलाड़ी

नई दिल्ली। पाकिस्तान सुपर लीग में खेल रहे विदेशी खिलाड़ी वापस अपने देश लौटने पर विचार कर रहे हैं। इसकी वजह भारतीय सेना द्वारा चलाया गया 'ऑपरेशन सिंदूर' है, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में मौजूद आतंकवादी ठिकानों पर बमबारी की गई। इसके अलावा रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम के पास भी ड्रोन हमला किया गया है। इसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। पीएसएल के अब सभी मुकाबले कराची में खेले जाएंगे।

### बांग्लादेश क्रिकेट टीम का पाकिस्तान दौरा अधर में लटका

**नई दिल्ली।** भारत की ओर से पाकिस्तान के खिलाफ बीते बुधवार तड़के चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' का असर अब क्रिकेट में भी देखने को मिल रहा है। दरअसल, बांग्लादेश क्रिकेट टीम को इस महीने के अंत में पाकिस्तान का दौरा करना था, जो अब अधर में लटक गया है। वहीं, ऐसी खबर है कि भारतीय टीम के अगस्त में होने वाले बांग्लादेश दौरे पर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है।

**बांग्लादेश के पाकिस्तान के दौरे पर संकट**

बांग्लादेश का पाकिस्तान जाना इस बात पर निर्भर करेगा कि आने वाले कुछ दिनों में पाकिस्तान में हालात कैसे रहते हैं। बीसीबी के अध्यक्ष फारूक अहमद ने बुधवार को कहा कि वे बांग्लादेश दौरे पर अंतिम फैसला लेने से पहले 10 मई तक इंतजार करेंगे।

**खबर संक्षेप**

## पाठ्यपुस्तकों में हो शिवाजी का योगदान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद से कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के गौरवशाली योगदान को पाठ्यपुस्तकों में व्यापक रूप से शामिल किया जाना चाहिए। मंत्री ने कहा कि शिवाजी का अनुकरणीय जीवन और विरासत वर्तमान और भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और इसे पाठ्यपुस्तकों में उचित स्थान मिलना चाहिए। प्रधान ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं और इसके कार्यान्वयन पर विशेष रूप से महाराष्ट्र में स्कूली शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के साथ-साथ युवा बच्चों को उनकी पूर्ण विकास क्षमता हासिल कराने में मदद करने के तरीकों पर सार्थक चर्चा हुई।


### एफआईआर के डर से डिपार्टमेंट ने तत्काल फाइल चलाई

# हाईकोर्ट ने दी चेतावनी तब नियमित और सीनियर चीफ इंजीनियर की हुई नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

जल संसाधन विभाग में चहेतों को कुर्सी पर बिठाने का खेल जमकर खेला गया। सीनियारिटी को किनारे किया ही रेगुलर अफसर रहते हुए एसई लिस्ट में सबसे नीचे वाले को प्रभारी बनाकर सीई की कुर्सी सौंप दी। हाईकोर्ट से फटकार मिली तो बिलासपुर के नियमित चीफ इंजीनियर को हटाकर एसई को वहां बिठा दिया। मामला फिर हाईकोर्ट पहुंचा और चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा के डिवीजन बेंच में याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने विभाग के अफसरों की मनमानी को बताया तब कोर्ट की नाराजगी सामने आई। मामले की सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने विभाग के आला अफसर से पूछा कि नियम कानून क्यों नहीं मानते। याचिकाकर्ता के प्रकरण का अब तक निराकरण क्यों नहीं किया गया। यह तो अवमानना का मामला बनता है। हाईकोर्ट ने जल संसाधन विभाग को नोटिस जारी कर कहा है कि हम आखिरी मौका देते हैं, आज ही प्रकरण का निराकरण किया जाए नहीं तो एफआईआर के आदेश जारी किए जाएंगे। एफआईआर के डर से डिपार्टमेंट ने तत्काल फाइल चलाई और याचिकाकर्ता जेआर भगत को सीई बना दिया है।

### याचिकाकर्ता जेआर भगत को बना दिया है सीई



जल संसाधन विभाग में कार्यपालन अभियंता से अधीक्षण अभियंता के पद पर प्रमोशन किया गया। प्रमोशन के बाद एसई की लिस्ट में अरुण साय फर्स्ट और सतीश कुमार टेकाम सीनियारिटी में 15 वें नंबर पर हैं। विभाग ने साय की वरिष्ठता को दरकिनार करते हुए टेकाम को रायपुर जल संसाधन विभाग में सीई बना दिया। इसे लेकर अरुण साय ने आपत्ति जताई और कहा कि ग्रेडेशन लिस्ट में उनका नाम प्रथम स्थान पर है।

### विकास निगम और जल संसाधन दो अलग विभाग

जल संसाधन विभाग के इस निर्णय को चुनौती देते हुए सीई जेआर भगत ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। मामले की सुनवाई के बाद सिंगल बेंच ने विभाग के दोनों निर्णय जिसमें अरुण साय को बिलासपुर का सीई बनाने और याचिकाकर्ता जेआर भगत के डेपुटेशन को सही ठहराते हुए भगत की याचिका खारिज कर दी। सिंगल बेंच के फैसले को डिवीजन बेंच चुनौती दी गई। इसी बीच 30 अप्रैल को सीई अरुण साय रिटायर हो गए। साय के रिटायर होने के बाद विभाग ने आरआर सारथी को इंचार्ज सीई बना दिया।

## कार और ट्रक की टक्कर में परिवार के छह की मौत

हावेरी। कर्नाटक के हावेरी में गुरुवार को एक कार और ट्रक के बीच हुई टक्कर में एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, हावेरी जिले के मोटेबेन्नूर के पास यह सड़क दुर्घटना हुई। चालक ने कार से नियंत्रण खो दिया और गाड़ी ने पीछे से लॉरी को टक्कर मार दी। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पीड़ित राणेबेन्नूर शहर के सिद्धेश्वर नगर के निवासी हैं। वे अपने बच्चों की स्कूल की छुट्टियों के चलते हावेरी जिले के अगाडी थोटा के लिए निकले थे।











### जीएसटी अधिकारियों ने पकड़ी 7.85 करोड़ की धोखाधड़ी

**नई दिल्ली।** जीएसटी अधिकारियों ने दक्षिण दिल्ली के एक चार्टर्ड अकाउंटेंट की 7.85 करोड़ रुपये के इनपुट टैक्स क्रेडिट धोखाधड़ी को पकड़ा है। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट को गिरफ्तार कर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया।




Ajay Advt.


## उत्पादन बढ़ाने किसानों को जागरूक करेगी केंद्र सरकार



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को कहा कि आधुनिक प्रौद्योगिकी तथा बीज की नयी किस्मों के बारे में 1-1.5 करोड़ किसानों को जागरूक करने के लिए सरकार 29 मई से समूचे भारत में 15-दिन का अभियान चलाएगी। 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' 29 मई से 12 जून तक चलाया जाएगा। इसका लक्ष्य देश के 700 जिलों में 1-1.5 करोड़ किसानों तक पहुंचना है। केंद्र सरकार राज्यों के साथ मिलकर कृषि वैज्ञानिकों, अधिकारियों तथा प्रगतिशील किसानों के 2,000 दल बनाएगी। प्रत्येक दल जिला स्तर पर प्रतिदिन तीन-तीन बैठक करेगा।

### राज्य सरकारें भी शुरू करेंगी अभियान

केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकारें किसानों से सीधे संवाद करने और उन्हें शिक्षित करने के लिए 29 मई से बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान शुरू करेंगी। मंत्री ने कहा, 29 मई से 12 जून के बीच कृषि वैज्ञानिक और अधिकारी किसानों के बीच रहेंगे। चौहान ने कहा कि ये दल जलवायु अनुकूल बीज किस्मों, उर्वरकों की उपलब्धता, मानसून पूर्वानुमान और मौजूदा सरकारी कार्यक्रमों के लाभों के बारे में जानकारी देंगे। उन्होंने राज्य के कृषि मंत्रियों से अपने-अपने राज्यों में इस अभियान का नेतृत्व करने का आग्रह किया।





Terms and conditions apply. #The Instant Cashback offer of ₹5100 is available on purchase of Shine100. #The offer may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #The scheme is offered by Authorized Main Dealers and Associate Dealers and can be availed on purchase of Shine100 from Authorized Main Dealers and Associate Dealers. #The Instant Cashback offer is only applicable in following states – Bihar, Jharkhand, Gujarat, Tamil Nadu, Haryana, Punjab, Chandigarh, Rajasthan, Jammu & Kashmir, Himachal Pradesh, Uttar Pradesh, Madhya Pradesh, Uttarakhand, Chhattisgarh, Puducherrry, Dadra & Nagar Haveli, Daman & Diu and Andaman & Nicobar. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. Nil Extra charges (0/- processing fee, 0/- Documentation Charge & 0/- Advance EMI) are applicable on Shine 100 model only. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. Additional Cashback offer is available on selected Honda2wheelers models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. Customers can avail 5% cashback, up to a maximum of ₹5000/-. Valid on one transaction per card/order during the offer period. The scheme is available at selected outlets only. The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 31st May 2025. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **AKALTARA:** Bhagwati Honda - 9827527016, 9425229083; **AMBIKAPUR:** Mahamaya Honda - 7489027000, 7489026000, 7489025000; Jaswani Honda - 8358065000, 8358063000; **BAIKUNTHPUR:** Pramila Honda - 7000405012, 9754679867; **BARADWAR:** Ganpati Honda - 7974875687; **BILASPUR:** Dream Honda - 07752-400957, 07752-409057, 9926802408; Maosaji Honda - 07752-412020, 7024149881; **BILHA:** Sai Honda -9179256022, 9827138322: **KAWARDHA:** Pratha Honda - 7400550099, 7400540099; **DHARAMJAIGARH:** Harsh Honda - 9424180180; **DIPKA:** Kamal Honda - 9111144667; **JANJGIR CHAMPA:** Gattani Honda - 07817-222396, 7694011206, 7694011208; Shubh Honda (Baloda) - 8574921111; **JASHPUR:** Deo Narayan Honda - 9406108464, 9425251702; **KHARSIA:** Balaji Honda - 8269515770; **KORBA:** Vishal Honda - 07759-222509, 9479025937, 7987973739; Krishna Korba Honda - 7747015377, 6232103020, 6232103021; JP Honda (Hardi Bazar) - 9826129114; Ashwini Honda (Urga) - 6232103023; Bharat Honda (GevraBasti) - 09301001739; **KOTA:** Prakash Honda- 9826417995; **KUNKURI:** Mansharam Honda - 8103798783; **LAILUNGA:** Atul Honda - 9424188280; **LORMI:** Mansi Honda - 9685010000; **MANENDRAGARH:** Harsh Honda - 9993883343; **MASTURI:** Rahul Honda - 9098619245, 7898410560; **PALI:** Mahamaya Honda - 8770804342; **PAMGARH:** Gautam Honda - 8962109746; **PANDARIYA:** Shri Balaji Honda - 7399330099; **PATHALGAON:** Dinesh Honda - 9993199987; **PENDRA ROAD:** Dev Honda - 9752998221; **RAHOD:** Shri Balaji Honda - 9977311242; **RAIGARH:** Sharda Honda - 8103664400, 9300473589; Shanti Auto Honda - 9343609280, 9343609281; **RAJPUR:** Maa Mahamaya Honda - 9424259688; **RAMANUJGANJ:** Vikas Honda - 9926158656; **RATANPUR:** Sunil Honda - 9893354893; **SAKTI:** Maa Durga Honda - 9685927215; **SARAIPALI:** Pukhraj Honda - 8889798000; **SARANGARH:** Akshat Honda - 9406353035; **SARSIVA:** Kanisk Honda - 9575533947; **SHEORINARAYAN:** Arav Honda - 8109955535; **SITAPUR:** Akash Honda - 9617378301; **PRATAPUR:** Shri Banbhori Honda - 8120806101; **SURAJPUR:** Shri Om Honda - 9826774095, 9926684331; **TAKHATPUR:** Dream Honda - 9303005917, 8839264059; **TAPKARA:** Jindal Honda - 9406384666; **WADRUFNAGAR:** KP Auto - 9826881578; **BILASPUR SAKRI:** Dream Honda Branch - 9516661444; **BILASPUR DAYALBANDH:** Maosaji Honda Branch - 07752-417070, 417171, 9109690484; **GAURELLA:** Shyam Honda - 7024806222; **AHIWARA:** Kabiram Honda - 8319225193; Shree Sairam Honda (Risali) - 0788 4067690, 8823050333; **DANTEWADA:** Ansh Honda - 7000396031; **NEHRU NAGAR:** Aan Honda - 8581020999; **MUNGELI:** S. Mansi Honda - 9685010000.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com